लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष -34, अंक -59, पृष्ठ -20+4, मूल्यः -5 रुपये

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलते दौर की होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 34.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 06 : 08 | सूर्यास्त 18 : 22

लखनऊ, रविवार, 24 मार्च 2024

कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड...19

होली है... रंगपर्व होली को लेकर हर ओर उल्लास है। इसी क्रम में मथुरा के पास वृन्दावन में श्री राधा वल्लभ मंदिर में गुलाल से होली खेलते श्रद्धालु।

रूस में आतंकी हमले में 143 मौतें, आईएस ने ली जिम्मेदारी

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल-मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाए गए थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ये सभी हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

मॉस्को में कॉन्सर्ट हॉल में हमले के बाद लोगों को वहां से बाहर निकालते रूसी सैनिक।

- 100 से अधिक लोग हुए हैं घायल, 4 आतंकियों सहित 11 संदिग्ध गिरफ्तार
- हमले में गोला-बारूद के साथ हमलावरों ने स्वचालित हथियारों का भी किया इस्तेमाल

जांच एजेंसी को मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अपनी अमाक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था।

आप दफ्तर सील, धारा 144 लागू

निर्वाचन आयोग कार्यालय के समक्ष आज पार्टी कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन

नई दिल्ली, ब्यूरो

अमृत विचार : दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के बाद आप का कार्यालय सील कर दिया गया है। आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के समक्ष रविवार को प्रदर्शन करने का एलान किया है। आम आदमी पार्टी का कार्यालय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है और वहीं पर भाजपा का भी कार्यालय है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में शनिवार को बुलाई गई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आना था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आप कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी आशंका के तहत गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की दृष्टि से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। पुलिस को यह जानकारी मिली कि आप कार्यालय में शनिवार को एक बड़ी बैठक बुलाई गई है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए आप कार्यालय को सील किया गया और दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी सिंह एवं सौरभ भारद्वाज सहित कई पदाधिकारी को प्रवेश करने से रोक दिया। आप ने रविवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रदर्शन का एलान किया है, इससे पहले आप के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात का समय मांगा है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की वजह से प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के बाहर खड़े सभी वाहनों को भी हटवा दिया गया है। प्रेस क्लब अध्यक्ष गौतम लहरी ने क्लब के सामने से वाहन हटवाने के लिए दिल्ली पुलिस की निंदा की है।

कोई जेल मुझे ज्यादा दिन कैद नहीं रख सकती : केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से भेजे गए उनके संदेश को पढ़ा, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने कहा है कि उन्हें ज्यादा दिन तक जेल में नहीं रखा जा सकता और लोगों को किए अपने वादे पूरे करने जल्द बाहर आएंगे। आईआरएस की पूर्व अधिकारी सुनीता द्वारा दिए गए वीडियो बयान का आप ने सीधा प्रसारण किया। केजरीवाल को उद्धृत करते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है। मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ऐसी सलाखें नहीं जो आपके भाई, बेटे को ज्यादा दिन अंदर रख सके।

कविता की ईडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी

राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी।

केजरीवाल की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। सीएम ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी रिमांड को चुनौती दी थी, जिसके लिए उन्होंने 24 मार्च को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले को बुधवार (27 मार्च) के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सीएम केजरीवाल ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च, 2024 को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को शनिवार को दिल्ली हाईकोई में चुनौती दी थी। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की थी। केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति के धनशोधन मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को कोर्ट ने उन्हें 28 तक के लिए ईडी को रिमांड दे दिया था।

प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इससे पहले इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 22 मार्च को एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक लगाए गए प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है।

बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे विस्फोट में आईएसआईएस का मिला हाथ

बेंगलुरु, एजेंसी

- राष्ट्रीय जांच एजेंसी के हाथ लगे महत्वपूर्ण सुराग

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हुए थे। एनआईए ने एक मार्च को हुए बेंगलुरु विस्फोट और चेन्नई की गतिविधियों के बीच संबंध स्थापित किया है। दो संदिग्धों की पहचान की है। जो जनवरी और फरवरी के महीनों में चेन्नई में रहे थे। एक संदिग्ध हमलावर द्वारा पहनी गई टोपी के माध्यम से साक्ष्य की खोज की गई, जिसे चेन्नई के एक मॉल से खरीदा गया था। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला संदिग्ध, जिसकी पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब के रूप में हुई है, जनवरी से एक महीने से अधिक समय से चेन्नई में रह रहा था। उसके साथी, अब्दुल मतीन ताहा, जो तमिलनाडु इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के लिए वांछित था, ने चेन्नई के आरके सलाई मॉल में टोपी खरीदी। जांच से पता चला है कि दोनों व्यक्ति एक महीने से अधिक समय तक चेन्नई के ट्रिप्लिकेन में रहे। ताहा भी तीर्थहल्ली का निवासी है और शिवमोग्गा में आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा है।

एनआईए के अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें ताहा को चेन्नई के अन्ना सलाई मॉल से टोपी खरीदते हुए दिखाया गया था। यह टोपी हमलावर ने रामेश्वरम कैफे पर बमबारी के बाद कुछ किलोमीटर दूर छोड़ दी थी। जांच अधिकारियों ने टोपी पर सीरियल नंबर देखने के बाद टोपी का चेन्नई में पता लगाया, जिसे जनवरी के अंत में खरीदा गया था। ताहा और शाजिब 2020 के मामले में एनआईए द्वारा वांछित थे।

सूचना

सभी सुधी पाठकों, अभिकर्ताओं और विज्ञापनदाताओं को होली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 24 मार्च (रविवार) को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अगला अंक 27 मार्च (बुधवार) को प्रकाशित होगा।

– संपादक

एक नजर

बिहार में 12वीं की परीक्षा में लड़कियों ने बाजी मारी

पटना। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की इंटरमीडिएट (कक्षा 12) की परीक्षा के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए जिसमें लड़कियों ने बाजी मारी है। कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 87 .21 रहा, जो पिछले साल के 83 .73 प्रतिशत से बेहतर है। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि कुल 12,91,684 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिनमें से 11,26,439 उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। सिवान जिले के मृत्युंजय कुमार ने विज्ञान में 96 .2 प्रतिशत, सारण (छपरा) के दरियापुर निवासी तुषार कुमार ने कला वर्ग में 96 .4 प्रतिशत और शेखपुरा जिले की प्रिया कुमारी ने वाणिज्य वर्ग में 95 .6 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

बिना केवाईसी वाले फास्टैग 1 अप्रैल से बंद

नई दिल्ली। नई दिल्ली। अगर आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से केवाईसी अपडेट नहीं कराई है तो आज ही करा लें। क्योंकि 31 मार्च के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा। एनएचएआई ने फास्टैग उपभोक्ताओं से भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार फास्टैग के लिए केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है ताकि कोई परेशान न आए।

महुआ मोइत्रा के परिसरों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

- पैसे लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम शनिवार तड़के कोलकाता और पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित मोइत्रा के अपार्टमेंट में तलाशी ली। वह कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद थीं। केंद्रीय बलों की एक बड़ी टीम के साथ सीबीआई अधिकारियों ने शहर के दक्षिणी हिस्से के अलीपुर इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा, जहां मोइत्रा के पिता दीपेंद्र लाल मोइत्रा कई वर्षों से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृष्णानगर में मोइत्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए एक अन्य अपार्टमेंट में भी तलाशी ली जा रही है। शनिवार तड़के शुरू हुई छापेमारी खबर लिखे जाने तक जारी थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर गुरुवार को मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

राष्ट्रपति पास नहीं कर रहीं चार बिल

नई दिल्ली। केरल सरकार ने एक असामान्य कदम उठाते हुए राज्य विधानसभा से पारित चार विधेयकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंजूरी न दिये जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति द्वारा बगैर किसी कारण के विधेयकों को मंजूर न करने को असंवैधानिक कदम घोषित करने का कोर्ट से अनुरोध किया है। इन विधेयकों में विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 2) विधेयक 2021, केरल सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2022, विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक 2022 और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 3) विधेयक 2022 शामिल हैं।

हिप्र में कांग्रेस के छह बागी भाजपा में

नई दिल्ली, एजेंसी

- तीन निर्दलीय विधायकों ने भी ज्वॉइन की भाजपा

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी।

उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है। ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दर्शाता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। इन्हें बजट के दौरान सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों - आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं।

मिलेगा उचित सम्मान

भाजपा नेताओं ने कहा कि इन पूर्व विधायकों को भाजपा में उचित सम्मान दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने को ऐसे छोटे राज्य के लिए बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इनमें से कई नेता पार्टी में वरिष्ठ पदों पर थे।

शरीयत व्यक्तिगत विषय, संविधान से ऊपर नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा, मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही प्रदेश सरकार, शिक्षा व्यवस्था में एक रूपता है प्राथमिकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरीयत व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। राज्य सरकार मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है। हमें वैज्ञानिक, इंजीनियर, स्किल मैनपावॅर चाहिए। शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को एकरूपता देना हमारी प्राथमिकता है।

हाईकोर्ट की ओर से मदरसों को असंवैधिनक करार देने के आदेश के बाद मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया एक निजी चैनल से बातचीत में शनिवार को सामने आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यहां की जनता को दिया जाना चाहिए। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया उप्र देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है।

आजम के कर्मों के कारण मिली सजा

पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सख्त कार्रवाई की गई है। जो युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आजम खां के मामले में कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है।

▸▸ देश की मूल आत्मा हिन्दू सम्मान से समझौता नहीं कर सकते: मुख्यमंत्री

कानून का राज स्थापित करने के लिए हुई बदायूं की कार्रवाई: मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताते हुए कहा कि बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। बदायूं एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा।

राहुल व प्रियंका में उप्र आने का साहस नहीं: योगी

योगी ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर कहा कि ये पहले भी हो चुका है। इन्हें प्रदेश की जनता ने अच्छे ढंग से सबक सिखा दिया था। यही कारण है कि राहुल और प्रियंका उप्र में आने का साहस नहीं दिखा पा रहे। झूठे वादे करके प्रदेश की जनता की आखों में धूल नहीं झोंक सकते।

योगी ने कहा कि कहा कि हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। देश की सुरक्षा और हिन्दू आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है सीए: मुख्यमंत्री योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासनाविधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था। अगर कोई हिंसा का रास्ता अख्तियार करता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है।

होली पर होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने दिए अधिकारियों को निर्देश

▸▸ बुंदेलखंड के सभी सात जिलों को मिलेगी 20 घंटे बिजली

अमृत विचार: होली के मौके पर प्रदेश के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने इस सिलसिले में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश में अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी लोगों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए।

बिजली वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहार पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कहा गया है। होली के बाद भी प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है तो वहीं नगर पंचायत मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे और जिला मुख्यालयों के लिए 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है। बुंदेलखंड के सभी सात जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है। इन सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। हालांकि, त्योहारों के अवसर पर कॉरपोरेशन सभी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति मुहैया कराने में जुट गया है।

निशात गंज करामत गर्ल्स कॉलेज के समीप सड़क के किनारे एक बुजुर्ग महिला बीमार अवस्था में कई दिनों से लेटी है, उसकी हालत देख कर आते-जाते लोग कुछ मदद कर देते हैं, इसी क्रम में महिला को पानी पिलाता राहगीर। अमृत विचार

अब तक बरामद हुई 74 करोड़ की शराब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ चुनाव आयोग की कार्रवाई में आठ पर एफआईआर दर्ज

अमृत विचार: प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 29,65,431 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 219 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 550 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 08 एफआईआर दर्ज की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा 22 मार्च तक 3,21,283 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 287 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 3,501 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 8,15,834 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 1,524 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 1547 कारतूस, 06 किग्रा विस्फोटक व 87 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 257 केन्द्रों पर रेड डाली गई और 44 केन्द्रों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 22 मार्च तक कुल 7,418.12 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 22 मार्च को जनपद गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 211 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 3210 ग्राम की बहुमूल्य धातु पकड़ी गई एवं 41.64 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। जनपद फिरोजाबाद की सिरसागंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.50 लाख रुपये नकदी पकड़ी गई।

बसपा से गठबंधन की राह पर अपना दल कमेरावादी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ पल्लवी पटेल ने कहा असली पीडीए बसपा से गठबंधन के बाद आएगा सामने

▸▸ अपना दल ने घोषित पुरानी सूची को किया निरस्त, समझौते से तय होंगी सीटें

अमृत विचार: सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मनमुटाव के बाद अपना दल कमेरावादी अब बसपा के साथ नए गठबंधन की राह पर है। इसके जरिए भाजपा के साथ इंडिया गठबंधन को भी चुनौती देने की तैयारी है। पल्लवी पटेल की ओर से संकेत दिया जा रहा है कि बसपा से उनके गठबंधन के बाद वास्तवित पीडीए सामने आएगा, अखिलेश यादव की पार्टी से पिछड़े और मुस्लिम दूर होते दिखेंगे।

इंडिया गठबंधन में मन मुताबिक तीन सीटे न मिलने से नाराज अपना दल कमेरावादी ने शनिवार को पूर्व में घोषित तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को भी वापस ले लिया है। पार्टी की कृष्णा पटेल द्वारा सूची वापस लेने से कयास हकीकत में बदलने लगे। पार्टी का कहना है कि बसपा में हाई कमान स्तर पर बात चल रही है, एक या दो दिन में निर्णय से जनता का अवगत करा दिया जायेगा।

भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के बने इंडिया गठबंधन में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही फूट पड़ने लगी है। समझौते के तहत अखिलेश यादव को ही सहयोगी दलों के साथ 63 सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने थे। मगर सीट बटवारें को लेकर गठबधंन में फूट पड़ गई, रालोद के बाद अपना दल कमेरावादी ने भी गठबंधन से इतर संभावनाएं तलाशना शुरू कर दिए हैं।

होली के दिन शाम 5 बजे तक नहीं बिकेगी शराब

अमृत विचार, लखनऊ : होली के दिन 25 मार्च सोमवार को सुबह से शाम पांच बजे तक अंग्रेजी और देसी शराब, बीयर, माडल शॉप और भांग की दुकानें बंद रहेंगी। शाम से रात 10 बजे तक शराब की बिक्री हो सकेगी। राज्य सरकार द्वारा होली के दिन को ड्राई डे घोषित करने के बाद प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी कर दिये गए हैं।

अभय के बाद मनोज पांडेय को भी वाई श्रेणी सुरक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सभा चुनाव में अचानक भाजपा के पाले में आने वाले सपा के विधायकों पर बीजेपी सरकार मेहरबान है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह के वाई श्रेणी सुरक्षा प्रदान करने के बाद अब बाकी बागी नेताओं को भी वाई श्रेणी सुरक्षा देने का क्रम जारी है। शनिवार को ऊंचाहार (रायबरेली) के सपा विधायक मनोज पांडेय को भी वाई श्रेणी सुरक्षा प्रदान की गई। चर्चा है कि विधायक विनोद चतुर्वेदी और राकेश सिंह भी वाई श्रेणी सुरक्षा में रहेंगे। गौरतलब हो कि राज्य सभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी के कई विधायकों ने अपनी पार्टी से बगावत करते हुए बीजेपी के राज्यसभा उम्मीदवार को वोट दिया था। इसके बाद पार्टी उनपर तोहफो की बारिश कर रही है। बताया जा रहा है कि मनोज पांडेय को लोकसभा का टिकट भी दिया जा सकता है।

25 हजार का इनामी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : फतेहपुर जिले में पुलिस के साथ हुई मूठभेड़ में 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार हुआ है। जिले के आँग थाना क्षेत्र बसवानपुर निवासी अंकित उर्फ शेरा के खिलाफ जनपद के विभन्न थानों में 19 अभियोग पंजीकृत थे। पुलिस अफसरों का कहना है कि उसकी गिरफ्तारी करने के लिए जब पुलिस पहुंची तो अंकित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने अंकित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, जीवित खोखा कारतूस बरामद किया गया।

भाजपा ने दीं होलिकोत्सव की शुभकामनाएं

अमृत विचार लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेशवासियों को होलिकोत्सव की अनंत शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि भारतीय मूल्यों में विश्ववन्धुत्व का भाव निहित है और यह भाव सभी भारतीय पर्वो में परिलक्षित होता है। होली का पर्व अधर्म, अत्याचार, अन्याय व असत्य के दहन और सत्य स्वरूपी सप्तरंगों के उल्लास का पर्व है।

Career Institute of Medical Sciences & Hospital Lucknow, Uttar Pradesh

Recognized by : National Medical Commission and Ministry of Health & Family Welfare Govt. of India- New Delhi

Affiliated to : Dr. Ram Manohar Lohia Avadh University Faizabad, Uttar Pradesh, India.

Admission Open

MDS

BDS

MD/MS

MBBS

I.I.M. ROAD, GHAILA, LUCKNOW

Ph. No.: 0522-6672600 & 0522-6672617,

TOLL FREE No. 1800 3099 804, Web: www.careermedical.in

13वां रोजा

शिया
सहरी : 4:47 बजे
इफ्तार : 6 :19 बजे

सुन्नी
सहरी : 4 :33 बजे
इफ्तार : 6 :29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

संत सम्मेलन कल से

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : नौ दिवसीय श्री रामचरितमानस संत सम्मेलन बहुता धाम में सोमवार से शुरू होगा। यह जानकारी देते हुए सुशील पांडेय ने बताया कि पं .रामधन, पं .राम भरोसे दास, पं .श्रीधर, शिवहरि द्वारा संचालित श्री रामचरितमानस संत सम्मेलन का 96 वें वार्षिकोत्सव का समापन 2 अप्रैल को होगा।

यहां पान खाकर होलिका तापने से मिलती है रोगों से मुक्ति

मान्यता

- गुलामाबाद में होली तापने आते है अन्य जिलों के लोग
- मिर्गी, हिस्टीरिया एवं दमा के रोगी आते हैं यहां

राजेश मिश्रा, सुबेहा, बाराबंकी

गुलामाबाद गांव में तापने के लिए तैयार की गई होलिका। अमृत विचार

अमृत विचार : जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी की दूरी पर नगर पंचायत सुबेहा के पास गुलामाबाद गांव की होली के पीछे एक गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। यहां मिर्गी, हिस्टीरिया एवं दमा जैसे रोगों का इलाज एक टोटके से किया जाता है। यही वजह है कि यहां की होलिका तापने के लिए रायबरेली, सुल्तानपुर, अमेठी, अयोध्या सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग आते हैं। ग्रामीण परिवेश और ग्रामीण संस्कृति की आस्था को भले ही रूढ़ि या अंधविश्वास की संज्ञा दी जाए लेकिन आज के वैज्ञानिक युग में भी कुछ ऐसे स्थल हैं जिनके बल पर लोकमानस अपनी दैहिक, दैविक और भौतिक आपदाओं का निदान करता है । इसका ज्वलंत एवं प्रत्यक्ष उदाहरण है गुलामाबाद की होली। यहां पान में जड़ी बूटी डाल कर खाने और जलती होलिका तापने से मिर्गी, हिस्टीरिया एवं दमा जैसे रोगों के इलाज की मान्यता है।

जनश्रुति के अनुसार कस्बा सुबेहा में एक प्रख्यात फकीर हुआ करते थे नाम था गुलाम हुसैनी। उनको मानने वालों में हिन्दू और मुस्लिम दोनों समुदाया के लोग थे। ऐसी किंवदन्तियां हैं कि कुम्हार जाति के एक शिष्य की सेवा से प्रसन्न होकर गुलाम हुसैनी ने उसे एक ऐसी जड़ी- बूटी का परिचय कराया। जिसे पान में रखकर खाने से कई प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं। आज भी उसी कुम्हार वंश के वंशज फाल्गुन पूर्णिमा को पान में दवा देते हैं। मौजूदा समय में राम नेवल प्रजापति सहित उसी वंश के एक दर्जन लोग दवा खिलाते हैं।

यह दवा होलिका दहन से दो घंटे पहले दी जाती है। दवा खाने के साथ होली तापने वालों का हुजूम शाम से ही उमड़ने लगता है और यह क्रम मध्य रात्रि तक चलता हैं। होली जलने से दो घंटा पहले से ही पान में जड़ी-बूटी डाल कर दवा मरीजों को बांटी जाती है। वहीं दवा लेने के बदले एक सीधा जिसमें दाल, चावल, आटा के अतिरिक्त एक भेली गुड़ व सवा रुपये नकद देना होता है। होली तापने से पूर्व पान में दी गई दवा खाकर मरीज को होली का पहला लूक (लपट) देखकर अपने गन्तव्य स्थान की ओर चल देना होता है। मरीज को मुड़कर दोबारा होली का लूक (लपट) देखना वर्जित है। यह विधान केवल मरीजों के लिए है। उनके साथ गए तीमारदारों को पहला लूक देखना वर्जित है।

चढ़ा होली का रंग : शहर के आनंद भवन स्कूल के बाहर शनिवार को एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगातीं छात्राएं। अमृत विचार

बच्चों ने मनायी होली

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, अमृत विचार : सुंदरलाल इंटर कॉलेज औरला में हर्षोल्लास के साथ होली मनायी गयी। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। संचालन प्रवक्ता आशुतोष यादव ने किया। इस मौके पर प्रबंधक राकेश दीक्षित, प्रिंसिपल दीक्षा दीक्षित, चंद्रेश, अनुपम, शिवाकांत, अनुराधा, रिजवान, मेराज अहमद, दिलशाद, ललित, आदर्श, दीपक, स्नेहा आदि मौजूद रहे।

सुंदरलाल इंटर कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

2860 स्थलों पर होलिका दहन आज, रंगोत्सव कल

जिले भर में निकाले जाएंगे 44 जुलूस, पुलिस की रहेगी नजर

कड़ी रहेगी सुरक्षा

- सुरक्षा व्यवस्था के लिए 24 सेक्टरों में बांटा गया जिला
- हुड़दंग मचाने वालों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जिले भर में 2860 स्थलों पर रविवार को होलिका दहन होगा। इसे लेकर चौराहों व विभिन्न स्थानों पर लकड़ियां व फूस आदि रखकर चूना व गुब्बारों से सजाया गया है। बाजारों में भी खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। 25 मार्च को रंगों की बौछार के बीच जिले में करीब 44 परंपरागत बड़े जुलूस निकाले जाएंगे। रमजान का माह भी चल रहा है। इसलिए इस बार सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रहेगी।

हुड़दंग मचाने वालों पर सी प्लान एप के माध्यम से तुरंत कार्रवाई की जाएगी। होली को लेकर जिले को 24 सेक्टरों में बांटा गया है। इनमें जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। सभी पीआरवी वाहन को भ्रमणशील रहेंगे। जिले में एक कंपनी पीएसी भी तैनात की गई है। वहीं तहसील क्षेत्रों में करीब 44 बड़े जुलूसों के समय पुलिस बल मौजूद रहेगा।

होलिका दहन को लेकर चिह्नित चौराहों को भव्यता दी गई है। ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री के अनुसार पूर्णिमा 24 मार्च को सुबह 9:54 बजे से शुरू होगी, जो 25 मार्च दोपहर 12:29 बजे तक रहेगी। भद्रा का योग रात 10:28 बजे तक रहेगा। पूर्णिमा में ही होलिका में अग्नि दी जाती है। इसलिए 24 मार्च की रात्रि में 11:13 बजे से 12:32 बजे तक के अंतराल में होलिका दहन करना फलदायी होगा। वहीं इसके अगले दिन जिले भर में रंगोत्सव का पर्व होली मनाई जाएगी। शहर के नागेश्वरनाथ मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। जिले के प्रसिद्ध देवा मजार पर होली का पर्व एक अलग संदेश देगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

नगर में सजी मुखौटों व पिचकारियों की दुकान। अमृत विचार

एक दुकान में लगा गुझिया का काउंटर।

एक दुकान में सजी उपहार सामग्री।

होली के त्योहार पर महंगाई की मार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : रंगों के पर्व का उल्लास जिले की बाजारों में छा गया है। हालांकि होली के त्योहार पर महंगाई की मार पड़ती दिख रही है। खाद्य सामग्रियों की कीमतों में बीते 15 दिनों में उछाल आ गया है। सहालग के मौसम में जहां खोया का बढ़ गया। त्योहार के समय दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होने से रसोई का बजट बिगड़ गया है।

महंगाई से रंगों के त्योहार पर घर का पूरा बजट गड़बड़ा गया है। सरसों का तेल, डालडा, रिफाइंड के भाव पिछले 10-15 दिनों के अंदर बढ़ गये हैं। महंगाई ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। किराना दुकानदार राजू गुप्ता ने बताया कि पहले जैसी खरीदारों की भीड़ नजर नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि घी, तेल, रिफाइंड, मेवा, की बिक्री पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार कम है।

ग्राहकों को लुभा रहे पापड़ और कचरी: गृहणियों को बाजार में मिल रहे पापड़ और कचरी पसंद आ रहे हैं। यहां पर भी महंगाई की मार हैं। साबूदाना के पापड़ और कचरी की कीमत 80 से 200 रुपये प्रतिकिलो है। वहीं चावल के चिप्स और पापड़ 100 रुपये किलो बिक रहे हैं।

15 दिन में बढ़ीं कीमतें

रुपये प्रति किलो

खाद्य सामग्री	पहले	अब
खोया	300	350
गुझिया	300	400
पनीर	200	300
गरी	170	200
मखाना	450	600
छुआरा	70	80
किशमिश	180	200
चिरौंजी	750	850
चीनी	40	44
मैदा	30	40
रवा	35	40
डालडा	90	110
रिफाइंड	110	130
सरसों का तेल	180	120
चावल सादा	25	27
अरहर दाल	65	90

पापड़-चिप्स के दाम

	पहले	अब
साबूदाना पापड़	150	200
कचरी रंगीन	180	200
कचरी सादी	50	80
पापड़	60	50
आलू चिप्स	80	100

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

एक नजर

कुएं में गिरने से युवती की गयी जान

त्रिवेदीगंज,बाराबंकी, अमृत विचार : संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती की कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए अन्तिम संस्कार कर दिया। थान क्षेत्र लोनी कटरा अन्तर्गत ग्राम जयचन्द्रऊ निवासी बब्लू की 20 वर्षीया पुत्री शालिनी घर के सामने स्थित कुएं में गिर गई। जब तक उसे बाहर निकाला जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। इलाज चल रहा था। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।

चोरी की साजिश रचते तीन शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असन्द्रा पुलिस ने शनिवार को उन्नाव के रहने वाले मन्नू पांडेय, अमेठी निवासी शैलेंद्र प्रताप व राजस्थान प्रदेश के निवासी हरपालू सानवाल को चोरी की योजना बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान मंटू पांडेय व शैलेंद्र प्रताप के पास से एक एक तमंचा व कारतूस व राहुल के पास से चाकू बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एंटी रोमियो टीम ने दो शोहदों को दबोचा

बाराबंकी, अमृत विचार : फतेहपुर पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने ग्राम हसनपुर टाण्डा निवासी दो शोहदों गुलशन व मो. हारून को गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

30 लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस ने शनिवार को 30 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। दरियाबाद पुलिस ने खूबचन्द्र के पास से 20 लीटर व देवा पुलिस ने सुनील कुमार के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

तीन जुआरी पकड़े गए

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा पुलिस ने वीरेंद्र, अकबर अली व बाबू लाल को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। जुआरियों से पुलिस ने ताश की गड्डी व 690 रुपये बरामद किये।

बहन के घर त्योहारी देकर लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

हादसे ने बदरंग की परिवारवालों की होली, मचा कोहराम

रफ्तार की मार

- बेकाबू कार ने बाइक के पास खड़े युवक को मारी टक्कर
- हादसे के बाद गड्ढे में गिरी, वाहन सवार दंपति गंभीर रूप से घायल

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : बहन के घर होली की त्योहारी देकर वापस लौटते समय शनिवार को हादसे में भाई की मौत हो गई। वहीं बाइक को टक्कर मारने वाले कार सवार दंपति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया। इस हादसे से परिवार की होली बदरंग हो गयी।

थाना क्षेत्र के रामनगर-बदोसरांय मार्ग के बीच स्थित सिलौटा मोड़ पर अपनी बाइक के पास खड़े बलदीप यादव (25) पुत्र देवी प्रसाद निवासी बदोसरांय को मरकामऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने विपरीत दिशा से आकर टक्कर मार दी जिससे वह बाइक सहित सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अनियंत्रित कर गड्ढे में गिरकर पेड़ से टकरा गयी। कार सवार मुन्ना (45) पुत्र शौकत व उसकी पत्नी सफीरा (65) निवासी थाना मोहम्मदपुर खाला गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां पर घायलों की स्थिति नाजुक होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हृदय विदारक घटना सुनते ही परिजनों व रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बलदीप सुबह सिलौटा में बहनोई शोभाराम यादव के घर त्योहारी लेकर आया था। घर वापस जाते समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उसके 4 वर्षीय पुत्र दिव्यांश व 6 माह की पुत्री दिव्यांशी है। जिनके सिर से पिता का साया उठ गया है।

सिलौटा मोड़ पर बाइक को टक्कर मारने के बाद गड्ढे में गिरी कार। अमृत विचार

व्हीलचेयर में लटका ताला मरीज को कंधे का सहारा

जिला अस्पताल का हाल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : मरीजों को हर स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराए जाने का दावा भले ही प्रदेश सरकार करती हो लेकिन जिला अस्पताल में अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। कुछ ऐसा ही देखने को मिला जब एक वृद्ध मरीज को उसके परिजन कंधे के सहारे लाए और अपने वाहन तक वापस भी ले गए। वहीं अस्पताल परिसर में रखी व्हीलचेयर और स्ट्रेचर ताले रखी दिखायी दी।

इन दिनों तेज धूप के चलते गर्मी का दौर शुरू हो गया है। बदलते मौसम के चलते वृद्ध मरीज इससे खासा परेशान हो रहे हैं। जिला अस्पताल में बुखार व खांसी के मरीज अधिक आ रहे हैं। शनिवार को अस्पताल परिसर में एक युवक व महिला अपने वृद्ध मरीज को कंधे के सहारे डॉक्टर को दिखाने के बाद वापस अपने वाहन पर ले जा रहे थे। पूछने पर बताया कि उनहें व्हीलचेयर या स्ट्रेचर नहीं मिला है। परिसर में व्हीलचेयर व स्ट्रेचर में ताला लगा था। जरूरतमंद मरीजों को अपनों के कंधों का सहारा लेना पड़ रहा है। सीएमएस डॉ. ब्रजेश कुमार ने बताया कि मरीजों का हरसंभव सुविधाएं दी जाती हैं। अगर कहीं कमी दिख रही है तो उसे सुधारा जाएगा।

वृद्ध मरीज को ले जाते परिजन।

व्हीलचेयर व स्ट्रेचर पर लगा ताला।

सार-संक्षेप

साइबर सेल ने वापस कराए 84 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी, अमृत विचार : क्रेडिट कार्ड के माध्यम से साइबर फ्राड कर खाते से निकाले गये 84 हजार 146 रुपये की धनराशि साइबर सेल की टीम ने शनिवार को पीडित के खाते में वापस कराई। कुछ दिन पहले नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के निवासी अभिषेक कुमार मिश्रा ने शिकायत प्रकोष्ठ के माध्यम से दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि साइबर अपराधियों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी कर उसके खाते से 84 हजार 146 रुपये निकाल लिए हैं। इस शिकायत पर तत्काल साइबर सेल के प्रभारी विजय सिंह सिरोही की टीम सक्रिय हुई। टीम ने शनिवार को जुनैद के खाते में निकाली गई धनराशि वापस करा दी।

अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए करें प्रेरित

कोठी बाराबंक, अमृत विचार : क्षेत्र के सेमरावां चौराहा स्थित सतगुरु इंटर कॉलेज में शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन बीईओ सिद्धौर प्रमोद उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि प्रबंध समिति के दायित्व के जो भी कार्य हैं उसका पालन कराने के साथ साथ बच्चों के अभिभावकों को घर-घर जाकर जागरूक किया जाए। जिससे बच्चें ड्रेस में विद्यालय आएं। इसके लिए अभिभावकों को प्रेरित करें और जो भी विद्यालय विकास के लिए कार्य हैं उसको सही समय के साथ करवाया जाय। एमएमसी के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित करने एवं प्रचार करने में समिति सहयोग करें। बैठक में एआरपी आदर्श, अमिता, शिवम, राजेश, रामेश्वर आदि मौजूद रहे।

बेटियों को मिले समान अधिकार व शिक्षा

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : वीणा सुधाकर महाविद्यालय में की ओर से चयनित ग्राम कोटवा मजरे अमदहा में रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली निकालकर ग्रामीणों को बेटियों को शिक्षित करने और लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण के प्रति घर-घर जाकर बताया गया। गोष्ठी का उद्घाटन समाजसेवी प्रदीप सारंग ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. दिनेश सिंह ने किया। प्रदीप सारंग ने कार्यक्रम को संबोधित किया।। प्राचार्य डॉ. बलराम वर्मा ने कहा कि हर लड़की को शिक्षा का समान अधिकार और शिक्षा के लिए उसको प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. रामसुरेश वर्मा, डॉ. रुचि सिंह, विष्णु मिश्रा, संतोष कुमार, जितेंद्र यादव, नीरज वर्मा, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, चंद्रेश, अर्चना यादव, मंजूलता शर्मा, सुष्मिता शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

वीजा दिलाने के नाम पर 1.30 लाख ठगे

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : चीजा दिलाने के नाम पर एक लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वाले जालसाज के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दी है। कस्बा के ब्रम्हनान वार्ड निवासी अब्दुल कलाम ने एसपी से की गई शिकायत में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला ताज बाबू वर्तमान में दुबई में रहता है। उसे दुबई में नौकरी के लिए ताज बाबू ने वीजा दिलाने की बात कही थी। ताज बाबू के कहने पर उसने थाना व कस्बा रामनगर निवासी इश्तियाक को 1 लाख 30 हजार रुपए दिए थे। चार महीने बीतने के बाद आरोपी इश्तियाक अब वीजा या पैसा देने के बजाय जान से मारने की धमकी दे रहा है। एसपी दिनेश सिंह ने हैदरगढ़ पुलिस को मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश दिया। एसपी के आदेश पर केस दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करे आधी आबादी

सास-बहू सम्मेलन

- जीआईसी में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने की अपील

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर शहर के जीआईसी ऑडीटोरियम में शनिवार को सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देशन में रंगमंच के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही जादूगर ने अपनी कला के माध्यम से भी लोगों को मतदान का महत्व बताया। सभी से अपील की गई कि सास अपनी बहू को और बहू अपनी सास को मतदान के लिए प्रेरित करे और साथ में मतदान करे। डीएम जनपद की सभी महिला मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और कहा कि महिलाएं लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और बढ़-चढ़कर इसमें अपनी भूमिका का निर्वहन करें। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि पिछले चुनाव में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों के मुकाबले 5 प्रतिशत कम था। इसलिए इस चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा महिलाओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आशीष पाठक ने किया। इस दौरान डीएम के साथ अन्य अधिकारियों ने गर्भवती बहुओं की गोद भराई की रस्म की। कार्यक्रम में डीपीओ द्वारा स्टॉल लगाए गए और रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी ने फूलों की होली भी खेली। इस मौके पर सीडीओ अ. सुदन, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा बरनवाल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। वहीं अन्य ब्लॉकों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी सास-बहू सम्मेलन आयोजित किये गये।

सास-बहू सम्मेलन में गोद भराई रस्म के दौरान मौजूद डीएम। अमृत विचार

बनीकोडर ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

17 बूथों पर बहराइच के रास्ते पहुंचेंगे मतदानकर्मी

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : घाघरा नदी के पार एक बूथ अस्थाई तौर पर टिन शेड के नीचे बनेगा। लोकसभा चुनाव में इस बार भी तराई क्षेत्र में 11 मतदान केंद्रों पर 17 बूथ बनाए गए हैं। इन पर करीब 15 हजार से अधिक मतदाता को वोट देंगे। पोलिंग पार्टियां बहराइच के रास्ते इन बूथों पर पहुंचेंगी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मतदान कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। इस बार जिले में कुल 1701 मतदान केंद्रों पर 2615 बूथ बनाए गए हैं। इनमें से रामनगर, सिरौलीगौसपुर और रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र का कुछ हिस्सा बाढ़ प्रभावित इलाकों में आता है। जहां पर हर साल नेपाल का पानी छोड़े जाने से बाढ़ आती है। लोकसभा चुनाव में घाघरा नदी के उस पार 11 मतदान केंद्र और 17 बूथ बनाए गए हैं। इनमें करीब 15 हजार से अधिक मतदाता वोट देंगे। रामनगर विस क्षेत्र का खुज्जी गांव ऐसा है जहां पर सरकारी भवन न होने से यहां टिन शेड का अस्थाई बूथ बनाया जाएगा, क्योंकि पिछले वर्ष बाढ़ में यहां का प्राथमिक स्कूल ढह गया था। वहीं नदी के उस पार बने 16 अन्य बूथों पर मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियों को बहराइच के रास्ते भेजा जाएगा। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि नदी पार वाले बूथों को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गईं हैं।

घाघरा नदी के पार वाले मतदान केंद्र व बूथ

तहसील--बूथ स्थल की सं. व नाम
रामनगर--51 प्रा.वि.जमका, 52 प्रा.वि. खुज्जी, अस्थाई टिनशेड, 398 पू.मा.वि. पारा कक्ष सं.1, 399 पू.मा.वि. पारा अति.क., 400 पू.मा. वि. पारा कक्ष सं.2, 401 उच्च प्रा. वि. बेहटा क.सं.1, 402 व 403 पंचायत भवन मांझा रायपुर 1 व 2 और
सिरौलीगौसपुर-96 प्रा.वि. नैपुरा क.न.1, 97 प्रा.वि. नैपुरा अति.कक्ष, 124 उच्च प्रा.वि. कमियार, 125 प्रा. वि. बांसगांव उत्तरी क.न.1, 126 प्रा. वि. बांसगांव उत्तरी अति. कक्ष, 203 उच्च प्रा.वि. असवा क.न. 2, 204 उच्च प्रा.वि. असवा क.न. 3, 206 उच्च प्रा.वि. ढेमा क.न.1

भाजपा का असली चेहरा उजागर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट की सख्ती से भाजपा की चन्दा वसूली और संवैधानिक संस्थानों के दुरुपयोग की कहानी बेनकाब हो गई है। भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आने से उसमें बेचैनी बढ़ी है और वह विपक्ष पर हमलावर है। ऐसे नाजुक समय में जब देश में प्रजातन्त्र और संविधान खतरे में है तो नौजवानों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। लोकसभा चुनाव में नौजवान अपनी निर्णायक भूमिका निभायेगा।

उक्त उद्गार कांग्रेस नेता तनुज पुनिया ने सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में व्यक्त किए। इस दौरान सपा यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष शाफे जुबेरी द्वारा यूथ बिग्रेड के संगठन विस्तार एवं मनोनयन पत्र वितरित किये गये। इस मौके पर यूथ बिग्रेड की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अलका समेत दोनों पार्टियों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते कांग्रेस नेता तनुज पुनिया।

रंजिश में महिला और उसके पुत्र-पुत्री को पीटा

रामसनेहीघाट,बाराबंकी, अमृत विचार: स्थानीय क्षेत्र के कुड़वासा में पुरानी रंजिश को लेकर तीन भाइयों ने पड़ोस की रहने वाली मां-बेटी बेटे को लाठी-डंडों से पीटा। गम्भीर हालत में मां को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

उमा शंकर वर्मा ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही हुकुम वर्मा के पुत्र राहुल, बबुल व अर्जुन ने पत्नी ज्ञाना देवी और पुत्री सुन्दरी व पुत्र रवि को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से पीटा। मारपीट में ज्ञाना देवी का सिर फट गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया है।

75 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

जहांगीराबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। चोर कमरे व बक्से का ताला तोड़कर 75 हजार की नकदी समेत लाखों के जेवरात चुरा ले गए। पीड़ित ने जहांगीराबाद पुलिस को तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। पुलिस छानबीन में जुटी है।

मामला पलियामसूदपुर गांव का है। यहां के निवासी कुलदीप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की रात चोर उसके घर के पीछे से छत पर चढ़कर घर में दाखिल हुए और बक्से का ताला तोड़कर दो करधनी, सोने का हार, नथनी, तीन जोड़ी पायजेब समेत 75 हजार की नकदी उठा ले गए। कुलदीप शनिवार की सुबह जब सोकर उठा तो चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कार्यक्रम गांधी भवन में डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती और शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु का मनाया गया शहादत दिवस

भगत सिंह को अपना आदर्श मानते थे डॉ .लोहिया : गोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया और शहीद-ए-आजम भगत सिंह दोनों का सैद्धांतिक लक्ष्य शोषणविहीन, समतामूलक समाजवादी समाज की स्थापना करने का था। जिसमें कोई व्यक्ति किसी का शोषण न कर सके और किसी प्रकार का अमानवीय विभेद न हो। डॉ. राममनोहर लोहिया भगत सिंह को अपना आदर्श मानते थे। भगत सिंह की शहादत के कारण ही लोहियाजी 23 मार्च को अपना जन्मदिन नहीं मनाते थे।

ये बातें गांधी भवन में डॉ राममनोहर लोहिया की जयन्ती और शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के शहादत दिवस पर शनिवार को आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिंह गोप ने कहीं।

इस अवसर पर गोप, कार्यक्रम संयोजक राजनाथ शर्मा, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत एवं पूर्व विधायक सरवर अली ने डॉ. लोहिया और शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का आयोजन शहर के गांधी भवन परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, नगर पंचायत फतेहपुर के अध्यक्ष इरशाद कमर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

गांधी भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते राजनाथ शर्मा। अमृत विचार

अमर शहीदों को किया याद

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम्यांचल इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को शहीद दिवस मनाया गया। वक्ताओं ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह व अमर शहीद सुखदेव व राजगुरु ने अपने अद्भुत शौर्य व पराक्रम से ब्रिटिश हुकूमत का मुकाबला किया था। उन्होंने अपनी मां की ममता से अधिक भारत मां के प्रति अगाध प्रेम को महत्व दिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता उप प्रधानाचार्य देवी सिंह सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

S.No	Post	Qualification
1	Principal	Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy
2	Sport Teacher/ P.T.I	M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level
3	Hindi/ Sanskrit (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya (Sanskrit), C.T.E.T
4	Geography (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
5	History (P.G.T)	Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T
6	Primary Teacher (Play Group)	Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed.
7	Lab. Asst.	B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology)
8	Office Asst. (Computer Operator)	B.Com with O- Level, Tally, Erp (Preference to Female Candidate)
9	Receptionist	Female (graduation with good communication skill in English)
10	Aaya	High School with interest in child care

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

समस्त जनपदवासियों को
होली
की
हार्दिक
शुभकामनाएं

निकलेंगे लोग घरों से बन जाएगी टोली
हाथों में गुलाल लेकर मनाएंगे सब होली !
आपको और आपके पूरे परिवार को
होली
की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी
शुभकामनाएं

मोहम्मद रज़ी सिद्दीकी
सभासद - बंकी नगर पंचायत, वार्ड संख्या - 12, बाराबंकी

समस्त जनपद वासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं

ललिता किन्नर गद्दीधारी
गणेशपुर रामनगर बाराबंकी।
कमलेश तिवारी
सहयोगी

समस्त क्षेत्रवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
KANTI GROUP OF COLLEGES
कान्ती ग्रुप ऑफ कॉलेजेस
सम्बद्ध- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ.प्र.)
महादेवा-सूरतगंज रोड
अमराई गांव (भुंड), रानीगंज, बाराबंकी

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं

राम निवास तिवेदी
प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम पंचायत, शाहपुर डेहवा, त्रिवेदीगंज, हैदरगढ़, बाराबंकी

शिक्षा विभाग त्रिवेदीगंज की ओर से
प्रदेश व क्षेत्रवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएँ
सौ. जैनेंद्र कुमार खण्ड शिक्षाधिकारी
एवं समस्त शिक्षक परिवार

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
इंजी. पीके गौतम
अधिशाषी अभियंता
विद्युत वितरण खण्ड, हैदरगढ़, बाराबंकी
ऊर्जा बचाओ, भविष्य बचाओ

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अरूण यादव
प्रधान, ग्राम पंचायत खरसतिया
हैदरगढ़, बाराबंकी

बिन्द्रा स्वीट्स एन्ड नमकीन

आप सभी को
होली के
पावन पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं

प्रो. प्रदीप कुमार
बाराबंकी

हमारे संस्थान
1- डीएम आवास के सामने, 2- पुलिस लाइन चौराहे के निकट
मो0 नं0- 7704931000, 936983002

पसमांदा समाज ज़िन्दाबाद। पसमांदा महाज़ ज़िन्दाबाद। पसमांदा एकता ज़िन्दाबाद।

मुख्तार अहमद अंसारी	नूरलेन मोमिन जिया	वकार अहमद हवारी	अब्दुल कलाम अंसारी	नियाज अहमद	अकबर सिद्दीकी
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय उपाध्यक्ष	प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव	राष्ट्रीय महासचिव	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष	राष्ट्रीय सचिव

सभी प्रदेश वासियों को
होली, रमजान माह व ईद
की दिली मुबारकबाद

वसीम राईन-राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (र)
सौजन्य से - समस्त राईन समाज उत्तर प्रदेश

बाराबंकी ईदगाह पीरबटावन बाराबंकी कमेटी के सदर
मोहम्मद ऊमेर किदवई की तरफ से

होली, रमजान और ईद
की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई



मोहम्मद उमेर किदवई

होली पर हुड़दंग की तो पुलिस लेगी एक्शन

संवाददाता, अमेठी

पुलिस अधीक्षक ने दिए दिशा निर्देश

अमृत विचार। होली को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की है। होली में हुड़दंग कर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस ने तैयारी की है।

पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि होली पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस कार्रवाई करेगी। सभी थाना-चौकी प्रभारियों को होली के त्योहार को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। होली पर्व के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाएगी। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली पर किसी तरह का हुड़दंग न हो इसके लिए ऐसे तत्वों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे बदमाश जो माहौल खराब करने का प्रयास करते हैं, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। यातायात को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात रहेंगे।

पीसीआर और डायल 112 को निर्देश दिए गए हैं कि पुलिस कंट्रोल रूम के माध्यम से जहां भी अव्यवस्था की सूचना प्राप्त हो वहां तुरंत मौके पर जाकर स्थिति से निपटेंगे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कानून व्यवस्था का पालन करते हुए पुलिस का हर संभव सहयोग करें और किसी भी आपत्ति में पुलिस को तुरंत सूचित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें, कोई भी गड़बड़ी होने पर तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दें।

शिविर में संगठन के 25 लोगों ने किया रक्तदान

अमेठी। शनिवार को शहीद दिवस के अवसर पर मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में महा पदनंद वेलफेयर ने ऑर्गेनाइजेशन के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऑर्गेनाइजेशन के सदस्यों ने 25 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ अस्पताल के मुख्य संचालन अधिकारी अवधेश शर्मा ने किया। शिविर का शुभारंभ करते हुए मुख्य संचालन अधिकारी ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इसके उपरांत शिविर में आये 102 वेलफेयर के सदस्यों ने अपनी जांच कराकर रक्तदान के लिए उपयुक्त पाए गए 25 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को अस्पताल की ओर से मुख्य संचालन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। शिविर में आये सदस्यों को संबोधित करते हुए ऑर्गेनाइजेशन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्र का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल है। यहां ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है, जो सराहनीय है।

छात्र-छात्राओं के साथ रंग खेलते शिक्षकगण। अमृत विचार

खूब उड़ा रंग-गुलाल, स्कूलों में छुट्टी के पहले बच्चों ने जमकर खेली होली

अमेठी। शनिवार को स्कूलो में धूमधाम से होली का पर्व मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाये। ऐसे खेल में शिक्षक भी पीछे नहीं रहे और बच्चों के साथ जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। सेमरौता पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक संजीव कुमार शुक्ला, उप प्रबन्धक कमल किशोर शुक्ला, प्रधानाचार्य सपना पाण्डेय और भारती सिंह, आयुषी शुक्ला, आंचल मिश्रा और अन्य टीचर मौजूद रहीं। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य आचार्य कन्हैया बक्स सिंह, आचार्य कुलदीप नारायण मिश्रा, अयोध्या सिंह, संतोष सिंह ने कहा हिन्दू धर्म में होली प्रमुख त्योहारों में से एक है और हर साल के फागुन माह की पूर्णिमा तिथि को होलिका दहन मनाया जाता है। उसके अगले दिन होली की खेली जाती है।

सार-संक्षेप

तमंचे के साथ युवक को दबोचा, भेजा जेल

अमेठी। थाना जामो पुलिस ने गोगमऊ नहर पुल के पास से एक युवक को एक तमंचा और एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जितेन्द्र पासी पुत्र हौसिला प्रसाद (26) निवासी पूरे भवन मजरे रुदौली थाना मुसाफिरखाना को गोंगमऊ नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम ने युवक के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त युवक के खिलाफ पूर्व से ही चार अपराधिक मामले दर्ज हैं।

तमंचा व कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा दो अदद तमंचा व चार अदद जिन्दा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित मय हमराही द्वारा सत्यम सिंह उर्फ अखिलेश पुत्र विन्ध्या बक्श सिंह निवासी ग्राम उलरा थाना मुंशीगंज को एक तमंचा दो जिंदा कारतूस बारह बोर के साथ मझगवां नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया है। वहीं उप निरीक्षक विमल किशोर पाण्डेय मय हमराही द्वारा विकास उपाध्याय पुत्र विधान शंकर उपाध्याय निवासी ग्राम अनखरी थाना मुसाफिरखाना को एक अदद तमंचा दो जिंदा कारतूस के साथ नया कोट मजरे रामनगर से गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत 31 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत उप निरीक्षक हेम नारायन सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर रोशन अहमद पुत्र इन्तिजार अहमद (22) निवासी ग्राम भीखीपुर थाना मुसाफिरखाना को ग्राम खौदिया मजरे पूरे मोहम्मद नेवाज के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को गिरफ्तार युवक के कब्जे से 31 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

एसपी ने फायर स्टेशन व डीटीयू का किया निरीक्षण

अमेठी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 एवं आगामी त्यौहार होली आदि के दृष्टिगत पुलिस फायर स्टेशन गौरीगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। आगामी ग्रीष्मकालीन मौसम व त्योहारों को ध्यान में रखते हुए गौरीगंज फायर स्टेशन परिसर में अग्निशमन वाहन, अग्निशमन उपकरणों की कार्यशीलता की जांच की गयी तथा साथ ही समस्त कर्मियों को फायर, रेस्क्यू की घटना घटित होने पर घटनास्थल में सदैव पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) सेफटी गियर का उपयोग करने आदि के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिये। तदोपरान्त डीटीयू (जिला प्रशिक्षण इकाई) का आकास्मिक निरीक्षण कर कार्यालय की साफ-सफाई व अभिलेखों का रख-रखाव का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण करते एसपी अनूप कुमार सिंह व मौजूद अन्य पुलिसकर्मी।

महोना पश्चिम में इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सैकड़ों रोजेदार

रोजा इफ्तारी में शामिल होकर अमन-चैन की दुआ मांगते रोजेदार।

अमेठी। महोना पश्चिम गांव में पत्रकार मुहम्मद तौफीक द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। जिसमें सैकडों रोजेदार शामिल हुए। हिंदू समुदाय के साथ इफ्तारी कर सद्भावना की मिशाल पेश की। इफ्तारी के बाद रोजेदारों ने मुल्क में अमन शांती खुशहाली की दुआ मांगी। रहमत, बरकत व मग़फिरत का रमजान महीना जीवन गुजारने का एक उदाहरण है। इस माह में नेकी का फल तो कई गुना बढ़कर मिलता है। लेकिन गुनाह का फल गुनाह के बराबर ही मिलता है। नेक काम करके बुराइयों से दूर रहकर इबादत में गुजारने का यह माह बहुत ही अफजल है। फितरा जकात के माध्यम से गरीबों की मदद की सीख देता है। पत्रकार मुहम्मद तौफीक का कहना है कि इस माह की तरह ही जीवन के अन्य दिन व महीना भी इसी तरह से नेकी दुसरों की मदद इबादत प्रेम सद्भावना से बिताए, यहीं यह महीना सीख देता है। इस मौके पर भाजपा नेता रमेश सिंह दिछौली, सपा नेता लइक अहमद, प्रधान मुहम्मद नासिर, जिला पंचायत सदस्य मुहम्मद तस्लीम, प्रदेश मंत्री व्यापार मंडल समीर कुरैशी, इसरार अहमद, मुहम्मद आजम, नीरज सिन्हा, डॉक्टर प्रदीप तिवारी, डॉक्टर दानियाल, इनाम उल्लाह, मुहम्मद सलमान, मुख्तार, इश्तियाक, प्रदीप कुमार, पवन कुमार, आवेश हनीफ सहित सैकडो लोग मौजूद रहे।

युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

अमेठी। थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव बहादुरपुर से रजनपुर सम्पर्क मार्ग पर स्थित एक गूलर के पेड़ पर युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुये पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर मजरे रस्तामऊ गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र रामलाल काफी दिनों से पहले एक दुर्घटना में घायल हो गया था। जिससे पैर में चोट के कारण वाकर के सहारे चलता था। शनिवार की सुबह उसका शव रजनपुर बहादुरपुर गांव के बीच स्थित सम्पर्क मार्ग के किनारे एक गूलर के पेड़ से रस्सी से लटकता दिखाई पड़ा। सुबह ग्रामीण जब नित्य क्रिया के लिये निकले तो पेड़ से लटका हुआ शव देखते ही सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पूरे मामले से परिजनों को अवगत कराया। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की देर रात दिनेश कुमार अपने घर से निकला था। जिसका शव घर के नजदीकी ही पेड़ से लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची मृतक की मां फफक-फफक कर रो रही थी। परिजनों की सूचना पर कोतवाली प्रभारी धीरेन्द्र कुमार यादव घटना स्थल पर पहुंचे और घर से लेकर घटना स्थल तक मामले की जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

अस्पताल नहीं आतीं दंत चिकित्सक सीएमओ की जांच में हुआ खुलासा

संवाददाता, अमेठी। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर एक ओर जहां प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन शख्त है। तो वहीं जनपद के संग्रामपुर सीएचसी पर मरीजों को उपकरण व डॉक्टर की नियुक्ति होने के बाद भी दन्त चिकित्सा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अपने दांत के इलाज के लिए प्राइवेट दंत चिकित्सक के पास जाना पड़ रहा है। जहां मरीजों से प्राइवेट दन्त चिकित्सक इलाज के नाम पर मनमाने दाम वसूल रहे हैं। शिकायत पर सीएमओ के निरीक्षण में मुकेश कुशवाहा, डॉ. रुक्सार व मनीष मिश्र अनुपस्थिथि पाए गए।

संग्रामपुर सीएचसी पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दंत चिकित्सक रुकसार बानो की नियुक्ति बीते कई वर्षों से की गई है। रुकसार बानो नियुक्ति के बाद से ही मनमाने तरीके से ड्यूटी करती चली आ रही हैं। अधीक्षक से मिली भगत कर सीएचसी नहीं आती है, रजिस्टर में खानापूर्ति के लिए मरीजों का नाम अंकित कर ड्यूटी चला रही हैं। आयुष डॉक्टर और डॉक्टर संतोष सिंह से दांत दिखाकर दर्द के आराम के लिए दवा मिल जाती है। आराम न होने पर प्राइवेट दन्त चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है। जिससे हजारों रुपए पानी की तरह खर्च हो जाते हैं।

सीएचसी पर दन्त चिकित्सा मात्र छलावा साबित हो रहा है। शिकायत पर सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह ने शनिवार को दोपहर बाद तीन बजे सीएचसी पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के औचक निरीक्षण में मुकेश कुशवाहा डेंटल हाइजेनिस्ट, मनीष मिश्र, स्टाफ नर्स डॉ. रूकसार डेंटल सर्जन अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने बताया कि अनुपस्थित पाए गए सभी स्वास्थ्य कर्मी से स्पस्टीकरण मांगा गया है।

लाखों खर्च फिर भी नहीं मिल रहा मरीजों को लाभ

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संग्रामपुर सीएचसी पर दंत चिकित्सा के लिए लाखों रुपए के उपकरण खरीद कर रखे गए हैं जो कई सालों से एक ही कमरे में बंद पड़े होने के कारण धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। दंत चिकित्सक को भी विभाग द्वारा वेतन जारी किया जा रहा है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा गरीबों को नि :शुल्क दन्त चिकित्सा के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन संग्रामपुर सीएचसी क्षेत्र की जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

संग्रामपुर सीएचसी में अटेंडेंस रजिस्टर की जांच करते सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह

कार्यालय- नगर पंचायत ऊँचाहार, रायबरेली

रंग गुलाल का पावन पर्व 'होली' पर समस्त नगरवासियों, इष्टमित्रों को नगर पंचायत ऊँचाहार (रायबरेली) की ओर से

हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल कामनाओं

के साथ अनुरोध है कि :-

1. होली का पर्व आपस में मिल-जुल कर विद्वेश मिटाकर मनाएँ, पर्व में केवल गुलाल व शुद्ध रंगों का ही प्रयोग करें, कीचड़, केमिकल युक्त रंगों से दूर रहे। यह मानव जीवन के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।
2. नगर के विकास हेतु अपने बकाया करों का अतिशीघ्र भुगतान करें।
3. नगर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने हेतु कृपया अपने घरों का कूड़ा इधर-उधर न फेंके, अपितु नियत स्थल पर रखे कूड़ेदान का प्रयोग करें।
4. मा0 न्यायालय के आदेशानुसार पॉलीथीन का प्रयोग वर्जित है। कृपया पॉलीथीन का प्रयोग न करें और न ही नालियों में पॉलीथीन/कूड़ा आदि फेंके।
5. नगर को हरा-भरा रखने हेतु रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण कराएं।
6. सड़क पटरी, नाली पुलियों पर अतिक्रमण न करें इससे जहाँ आवागमन में व्यवधान होता है वही दुर्घटनाओं की सम्भावनाएँ बढ़ जाती है।
7. पेयजल का अनावश्यक अपव्यय न करें नगर पंचायत की सम्पत्ति आपकी है अत : कृपया स्ट्रीट लाइट, नलों की टोटियों एवं हैण्डपम्पों को क्षति न होने दें।
8. सड़े-गले कटे फलों का सेवन न करें।
9. कृपया जन्म- मृत्यु का पंजीयन निर्धारित अवधि में कराकर अनावश्यक परेशानियों से बचें।
10. अपने सुझाव एवं शिकायत से हमें अवश्य अवगत कराएँ।

सिकन्दरादित्य
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ऊँचाहार रायबरेली

सदस्यगण- शैलेश गुप्ता, शाहीन बानो, रेखा, राज गुप्ता, इन्नमा फात्मा, नरेन्द्र, अंजू, मो0 शलीम, इरफान अब्बास, तहसीम जहाँ

ममता अध्यक्ष
नगर पंचायत ऊँचाहार रायबरेली

होली की सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

होली हार्दिक शुभकामनाएं

मो. रईस
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत – बहेरवा
विकास खंड – ऊंचाहार – रायबरेली

होली हार्दिक शुभकामनाएं

बबलू पासवान
प्रधान, बहरेवा, विकास खंड – ऊंचाहार – रायबरेली

होली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन की तरफ समस्त क्षेत्र वासियो को की हार्दिक शुभकामनाएं

डाक्टर पी.के.बैसवार
वरिष्ठ चिकित्साधिकारी
जिला अस्पताल रायबरेली

डाक्टर भावेश कुमार
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सलोन जनपद रायबरेली

स्वास्थ शिक्षा अधिकारी रत्नाकर पांडे,डॉक्टर जितेंद्र कुमार,डॉक्टर अजय शंकर वर्मा,डॉक्टर अमित

होली हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां शुद्ध सोने व चाँदी के आभूषण उचित रेट पर मिलते हैं।
नेहा ज्वैलर्स
अतरहर रोड खीरों, रायबरेली
संस्थापक - स्व. जीत नारायण सोनी

जीत नारायण सोनी

प्रो: पारस सोनी
मो0–7007670888, 9415753954, 9120823104

होली हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रामलली
प्रो. श्रेया गैस एजेंसी,
सरेनी,रायबरेली।

होली हार्दिक शुभकामनाएं

उमेश कुमार
अध्यक्ष
सफाईकर्मी संघ, विकासखंड-सरेनी,रायबरेली

होली हार्दिक शुभकामनाएं

शुभम शर्मा
(निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य)
ग्राम पंचायत–रसूलपुर,सरेनी,रायबरेली।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

यश ट्रेडर्स
प्रो०–बीरेन्द्र सिंह उर्फ बबलू
वरिष्ठ समाजसेवी निवासी– निराशापुर
सतांव रायबरेली

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

कल्याणशंकर मिश्रा
अध्यक्ष कोटेदार संघ सताँव /
प्रदेश उपाध्यक्ष
राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउण्डेशन

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

उमेश प्रताप सिंह
पूर्व ब्लाक प्रमुख
वरिष्ठ समाजसेवी सहजौरा सतांव रायबरेली

होली हार्दिक शुभकामनाएं

गीता बाजपेयी
इंचार्ज प्रधान शिक्षक,
जूनियर हाईस्कूल सरेनी
रायबरेली।

होली हार्दिक शुभकामनाएं

अरविंद मिश्रा- क्षेत्रीय प्रबंधक
सरस्वती बाल मंदिर
लखनापुर, सरेनी,रायबरेली।
सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज
लखनापुर, सरेनी,रायबरेली।

होली हार्दिक शुभकामनाएं



हिमांशु शर्मा
स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी
रसूलपुर सरेनी, रायबरेली।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

दिलीप स्वीट हाउस, खीरों
प्रो.- दिलीप गुप्ता
रायबरेली

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

दीप प्रकाश शुक्ला
वरिष्ठ भाजपा नेता
182 विधानसभा सरेनी रायबरेली

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

कुसुम चंद्र यादव
प्रबंधक (एडवोकेट)
जीडी पब्लिक स्कूल,
राहुल नगर डीह, रायबरेली

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय कुमार सिंह
एडवोकेट,जिला पंचायत सदस्य
सरेनी प्रथम,विकास खण्ड सरेनी,रायबरेली।
मो.न.9918277778

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

दुर्गा सिंह राठौर
अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनधि मण्डल
खीरों, रायबरेली।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

अरुण यादव उर्फ राजू यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत हट्वा , विकास खंड ऊंचाहार , रायबरेली

होली की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय नगर पंचायत सलोन, जनपद–रायबरेली

1. यह नगर आपका है, इसे साफ–सुथरा रखें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग करें। गीला कचरा हरे डस्टबिन में सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डालें। 2. स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में प्रतिभाग कर अपने शहर को नम्बर–1 बनाने में सहयोग करें। 3. निकाय क्षेत्र में रखे कूडा दानो का सदुपयोग करे। 4. मार्गो की सफाई हो जाने के पश्चात मार्गो पर कूडा न डाले। 5. स्वच्छ भारत मिशन को अपनाने में नगर पंचायत द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालयों, सार्वजनिक शौचालयों, सार्वजनिक पेशाब घरों का ही उपयोग करें। 6. नगर के फुटपाथ / मार्गो पर अपनी दुकाने सुनियोजित सुसज्जित ढंग से लगाये जिससे आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। 7. जल राष्ट्रीय सम्पत्ति है, इसका दुर्पयोग न करे। 8. निकाय के समस्त बकाया करो का भुगतान समय से करे, बिलम्ब शुल्क से बचे। 9. निकाय की पथ प्रकाश व्यवस्था में स्वंय से कोई हस्तक्षेप न करे, प्रकाश सेट बन्द होने पर कार्यालय को सूचित करे। 10. पॉलीथीन का उपयोग न करें, अपने पालतू जानवरों को खुला न छोड़ें। 11. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण समय से करायें। 12. होली में शराब पीकर गाड़ी न चलायें। 13–बिजली के तार के नीचे होली का दहन न करें। 14–जुलूस एंव होली का दहन में तेज आवाज से बाजा व डीजे न बजाये। 15–जुलूस के दौरान नशे का सेवन न करे। 16–किसी भी प्रकार के अश्लील गाने न बजाये। 17– शहर को स्वच्छ सुन्दर बनाने में सहयोग दे। 18–ट्रिपिलिंग न करे गाति को नियन्त्रण में रखे। 19– अपनी सुरक्षा करे एंव दूसरे की सुरक्षा करे।

आपकी सुरक्षा मे तत्पर प्रशासन एंव सलोन पुलिस

सम्मानित सदस्यगणः– 1– श्रीमती नीता देबी 2–श्री अयाज अहमद 3–श्री चन्द्रेश 4–श्री प्रदीप कुमार 5–श्रीमती सुमन देबी 6 श्रीमती खालिदा सिद्दीकी 7 श्री सागर 8–श्रीमती तबस्सुम जहां 9–श्री अब्दुल रब 10–श्रीमती हिना परवीन 11–श्री मो0 फिरोज 12–श्री सचिन गुप्ता 13–श्री अजमत अली 14–श्री मो0 अशफाक 15–श्री मो0 शहरूख ।

(राकेश कुमार सरोज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन रायबरेली।

(चन्द्रशेखर रस्तोगी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत सलोन रायबरेली।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

दुर्गा सिंह राठौर
अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनधि मण्डल
खीरों, रायबरेली।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

अरुण यादव उर्फ राजू यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत हट्वा , विकास खंड ऊंचाहार , रायबरेली

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

राजकुमार सिंह उर्फ भोगा
रायबरेली

शैलेन्द्र सिंह
एडवोकेट, रायबरेली

डब्बू सिंह
प्रधान
सिकंदरपुर ,महराजगंज, रायबरेली

13वां रोजा

शिया
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

युवती ने खाया जहर, गंभीर

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। पाठक नगर मजरे इटौरा बुजुर्ग गांव निवासी गुरुदीन की पुत्री पूजा ने शनिवार की दोपहर घर पर ही संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि युवती ने जहरीला पदार्थ खाया है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

दो अभियुक्त गिरफ्तार

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। पुलिस टीम ने मोहम्मद तौकीर उर्फ गुड्डू पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम कुन्ना टिगरुक थाना संडीला जनपद हरदोई एवं बब्बू पुत्र हब्बू निवासी ग्राम मोहम्मदपुर थाना कांठ जनपद शाहजहांपुर को 1100 ग्राम गांजा एवं तमंचा व दो कारतूस के साथ थाना क्षेत्र के अधैया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

टक्कर के बाद ट्रक में लगी आग जिंदा जलकर खलासी की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर मदारीगंज स्थित जामो गैस एजेंसी के पास दो ट्रकों की भिड़ंत में आग लग गई, घटना से खलासी की जलकर मौत हो गई। जबकि चालक सड़क पर कूदकर घायल हो गया, जिसे सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

जगतपुर थाना क्षेत्र के जोगमगदीपुर गांव निवासी उमानाथ ट्रक चालक है, जो शनिवार की भोर में अपने साथ खलासी पिंटू 40 वर्ष निवासी कोरांव जिला प्रयागराज को लेकर ट्रक से प्रयागराज की तरफ जा रहा था। ट्रक खलासी चला रहा था, तभी सामने से आ रहे क्लिंकर लदे ट्रक से ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक के इंजन में आग लग गई। चालक उमानाथ सड़क पर कूदकर घायल हो गया, जबकि खलासी फंस गया, जिसकी जलकर मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई। कोतवाल अनिल कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

लखनऊ-प्रयाग राजमार्ग पर ट्रक में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

जबकि घायल चालक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक में आग लगने की वजह से खलासी की जलकर मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

बछरावां में बनाएं जाएंगे अंडरपास

बछरावां, रायबरेली

अमृत विचार। क्षेत्र के नजदीक दो रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे अंडरपास का निर्माण करने जा रहा है। क्रॉसिंग पर अंडरपास बन जाने से लोगों को रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिल सकेगी और रेलवे के द्वारा बनाए जाने वाले अंडरपास के निर्माण पर कुल 12 करोड रुपए का खर्च आएगा। बछरावां कस्बे में रेलवे क्रॉसिंग संख्या 175 सी के ऊपर ओवरब्रिज बन जाने के बाद रेलवे लालगंज रोड पर भी इस क्रॉसिंग को बंद करने जा रहा है।

क्रॉसिंग को पूर्णतया बंद करके अंडरपास बना दिए जाने पर छोटे वाहनों के साथ में दो पहिया वाहन चालक अंडरपास से निकाल सकेंगे, जबकि भारी और बड़े वाहनों को निकालने के लिए ओवरब्रिज से अथवा बाईपास से निकलना होगा। इसके अतिरिक्त एक अन्य अंडरपास का निर्माण बगाही रेलवे क्रॉसिंग संख्या 174 सी पर भी किया जाएगा।

अंडरपास का निर्माण कर दिए जाने के पश्चात रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। कोविड के समाप्त होने के बाद और रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण हो जाने के पश्चात बहुत सी रेलगाड़ियां इस रेलवे ट्रैक से निकल रही है, गाड़ियों की संख्या बढ़ जाने के बाद लोग रेलवे गेट के बंद हो जाने के पश्चात गेट के नीचे से निकलने से बाज नहीं आ रहे है।

लोगों की यही लापरवाही ने रेलवे को अंडरपास बनाने के लिए मजबूर कर दिया है। रेलवे द्वारा प्रति अंडरपास के निर्माण पर 6 करोड रुपए की लागत खर्च की जाएगी। बछरावां कस्बे में बनाए जाने वाले अंडरपास के निर्माण से लोगों को आए दिन लगने वाले जाम से भी निजात मिल सकेगी। इससे हम लोगों को छुटकारा मिल जाएगा और जो भारी वाहन कस्बे के अंदर से लालगंज रोड पर जाते हैं उन पर भी रोक लगा सकेगी।

अंडरपास से लोगों की बच जाएगी जान

रेलवे की नीति के अनुसार ऐसी जगह जहां पर ओवरब्रिज बन गए हो और उन स्थानों पर रेलवे क्रॉसिंग को पूरी तरह से बंद करके अंडर पास बनाया जाए। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दुर्घटना से बचने के लिए भी अंडरपास का निर्माण कराया जा रहा है।

होली महोत्सव में शामिल बच्चे। अमृत विचार

स्कूल में हर्षोल्लास से मना होली महोत्सव

सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार। दुर्गांजली पब्लिक स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण के रूप में बच्चे बड़े प्यारे लग रहे थे। सभी ने राधा कृष्ण के साथ गुलाल व फूलों की होली खेली। बाद में बालूशाही का आनंद लेते हुए बच्चों ने खूब मजे किए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुशील कुमार, अध्यक्ष दुर्गाबक्श सिंह, प्रधानाचार्या पूजा शुक्ला के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

सरेनी में गर्भवती की मौत के मामले में नर्सिंग होम सीज

- नर्सिंग होम में गलत इलाज से चली गई थी गर्भवती की जान
- मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत संचालक के खिलाफ मुकदमा

सरेनी, रायबरेली।

अमृत विचार। गर्भवती महिला की मौत के मामले को लेकर शनिवार को तहसीलदार व एसीएमओ ने कस्बे की जनता नर्सिंग होम को सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने संचालक के खिलाफ मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत थाने में मुकदमा दर्ज कर दिया है। संचालक सीएमओ ऑफिस में पंजीकृत भी नहीं है।

बीती 16 मार्च को चंद्रमन खेड़ा गांव के रहने वाले प्रमोद कुमार अपनी गर्भवती बहन निशा वाजपेई को प्रसव कराने के लिए सीएससी लेकर पहुंचे। नर्स ने जांच के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन निशा के साथ आई आशा बहू ने कस्बे के जनता नर्सिंग होम में भर्ती करने की सलाह दिया तो प्रमोद ने उसे वहीं भर्ती करा दिया, जहां 17 मार्च की रात को डॉक्टर ने उसका ऑपरेशन किया। इससे बच्चा तो सकुशल रहा, लेकिन निशा की हालत बिगड़ने लगी तो डॉ. अमर चौधरी ने दो यूनिट खून चढ़ाया। इसके बावजूद जब हालात में सुधार नहीं हुआ तो डॉक्टर स्वयं अपने वाहन से उसे जिला मुख्यालय की एक नर्सिंग होम ले गया और निशा को वहीं छोड़कर फरार हो गया। नर्सिंग होम के डॉक्टरों ने निशा की जांच के बाद और कहीं ले जाने की सलाह दी तो परिजन उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ ले गए, जहां इलाज के दौरान 22 मार्च को उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों व स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अमन पटेल ने बताया कि डॉ अमर के पास कोई डिग्री नहीं है और मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पंजीकृत भी नहीं है। इससे अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने आज जनता नर्सिंग होम को सील कर दिया और मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत थाने में मुकदमा दर्ज कर दिया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि दो बार नोटिस भी दी गई थी लेकिन उसका कोई जवाब नहीं मिला था।

नर्सिंग होम को सीज करते अधिकारी। अमृत विचार

आशिक की बेवफाई से बेटी जान देने पर आतुर, पिता ने लगाई गुहार

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। बेटी के आशिक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए, अब वह दूसरी लड़की से शादी करना चाहता है। आशिक की बेवफाई से आहत बेटी आत्महत्या करने पर उतारू है। पीड़िता के पिता ने पुलिस से बेटी की प्राण रक्षा और न्याय की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव सवैया राजे का है। यहां के रहने वाले एक लाचार पिता में अपनी बेटी के साथ हुई बेवफाई को लेकर पुलिस का दरवाजा खटखटाया है। पीड़िता के पिता का कहना है कि गांव के एक युवक ने उसकी बेटी को प्रेम जाल ने फंसाया, उसके बाद शादी का झांसा देकर कई वर्षों तक उसके साथ संबंध बनाता रहा। अब युवक ने शादी करने से इंकार दिया। यही नहीं वह अब किसी अन्य लड़की से शादी करना चाहता है। इससे आहत होकर युवती ने रात-रात फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की, किंतु परिजन के जाग जाने पर उसकी जान को बचा लिया गया है। पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी बेटी की प्राण रक्षा और उसके साथ हुई नाइंसाफी पर न्याय की गुहार लगाई है।

सार-संक्षेप

प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं होली : सिद्धार्थ सिंह

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में होली की पूर्व संध्या पर जमकर गुलाल उड़ा और रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने बीएमपीएस अध्यापक मंडल व कर्मचारियों के साथ होली पर्व मनाया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी सदस्यों से अपील करते हुए कहा आपसी मतभेद भूल कर प्रेम और सौहार्द पूर्वक होली का त्यौहार मनाना चाहिए। इस अवसर पर अध्यापक प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन सहित समस्त अध्यापकों, कर्मचारियों ने भी प्रशासनिक सचिव को अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई।

अबीर-गुलाल लगाकर रेल कोच में खेली गई होली

रायबरेली, अमृत विचार। रेलकोच फैक्ट्री में शनिवार को अंबीर गुलाल खेला गया। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा, पीसीएमएम राजीव कुमार खंडेलवाल, महाप्रबंधक कार्मिक रूपेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमएम केके कनौजिया, सीएमएम कामेश्वर पासवान, सीएमएम एसके जैन, डिप्टी सीपीओ आरएल यादव आदि सभी अधिकारियों को होली की शुभकामनाएं एवं मुबारकबाद दी गई। इस अवसर पर आदर्श सिंह बघेल, सुशील गुप्ता, जितेंद्र सिंह, राहुल गहलोत, रामसन अग्रहरी, प्रतीक कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

बदहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन करते नाराज ग्रामीण। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। लम्बे समय से बदहाल सड़क को बनवाए जाने के लिए ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतवानी दी कि अगर सड़क का निर्माण नही हुआ तो वह लोग मतदान का भी बहिष्कार कर सकते है। सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अमावां ब्लाक के ग्राम मैनुपर के सैकड़ो लोगो ने ग्राम सभा की चार किलोमीटर की सड़क 30 वर्षों से न बन पाने को लेकर जिले के मंत्री विधायकों व नेताओं के खिलाफ नाराजगी जताते हुए नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासी कौशल मिश्रा ने बताया कि इस बार लोकसभा चुनाव में जो भी प्रत्याशी पार्टी का वोट मांगने के लिए आएगा। उससे सड़क का ही सबसे पहले सवाल किया जाएगा। क्योंकि यहां मतदान तभी होगा जब यहां की रोड बनेगी, पूर्व प्रधान ने बताया कि यह सड़क 30 वर्षों से खराब है जिसको लेकर कई बार मंत्री विधायक व नेताओं को मामले का प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन सड़क नही बनाई गई इसलिए इस बार अगर रोड नही तो वोट नहीं को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। फिलहाल मौके पर पहुंचे अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बाद ग्रामीण माने।

फंदे पर लटकता मिला युवती का शव

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के पूरे तीर मजरे खरौली गांव में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या की बात कह रही है। गांव निवासी रहमाली निषाद की पुत्री विनीता ने शनिवार की दोपहर घर के पास चिलवल के पेड़ में दुपट्टा बांधकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उधर से गुजर रहे लोगों ने उसे फांसी के फंदे से लटकता हुआ पाया तो सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम की कार्यवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक युवती तीन वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। उसका इलाज चल रहा था। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि युवती मानसिक रूप से बीमार चल रही थी, इससे अवसाद में आकर उसने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अज्ञात चोरों ने बेकरी से लाखों का माल किया पार

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। डलमऊ नगर पंचायत के मुराई बाग कस्बा स्थित बेकरी की दुकान में नकब लगाकर लाखों रुपए का सामान अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दिया गया। सुबह दुकान मालिक को जानकारी होने पर सूचना डलमऊ कोतवाली में दी गई। जिस पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की जा रही है। कस्बे के मोहल्ला मियां टोला निवासी रमेश कुमार वैश्य की बेकरी की दुकान में शनिवार की बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा दुकान की दीवार में नकब लगाकर दुकान में रखें लगभग 20 हजार नगदी के साथ लगभग एक लाख कीमत की खाद्य सामग्री चोरी कर ले गए। सुबह दुकान मालिक जब दुकान का शटर खोल कर देखा तो दीवार में नकब लगी थी और दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ था। जिसकी सूचना रमेश कुमार वैश्य ने डलमऊ कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है और जांच की जा रही है।

दो लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप

सेमरी, रायबरेली। थाना क्षेत्र केअंतर्गत कालूपुर निवासी अमरनाथ यादव ने दो लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है पुलिस ने उक्त प्रकरण में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कालूपुर गांव निवासी अमरनाथ यादव पुत्र स्व मनबोधन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 मार्च को सत्य प्रकाश पुत्र रामनरेश, नागेंद्र पुत्र निवासी कालूपुर ने उसके साथ मारपीट की जिससे वह घायल हो गया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी ।

ग्राहक बनकर पुलिस ने अफीम तस्कर को दबोचा

सलोन, रायबरेली, अमृत विचार। अंतर्जनपदीय स्मैकिये को पकड़ने के लिए पुलिस ग्राहक बन गई। इसके बाद तस्कर के संपर्क में रहकर खुद को भरोसेमंद साबित किया तब कहीं जाकर सौदा तय हुआ। पुलिस के जाल में फंसा युवक लखनपुर क्षेत्र में स्मैक बेचने आया था। उसी समय उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़ी गई स्मैक की कीमत एक लाख रुपये की बताई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र वर्तमान में मादक पदार्थ का गढ़ बनता जा रहा है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली के चार्ज लेने के दौरान ही उन्हें मुखबिर से क्षेत्र में स्मैक तस्करी की सूचना मिली थी। जिसके बाद थाने के एक दरोगा और दो सिपाहियों को इस गिरोह में शामिल लोगों को पकड़ने के लिए लगाया गया था। ग्राहक बने पुलिस कर्मियों से युवक का सौदा जैसे ही तय हुआ, तभी पुलिस कर्मियों ने अभियुक्त को रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान उसके पास 6 पुड़िया लगभग 12 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है। सीओ वन्दना सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक कृष्ण चन्द्र, नैतिक चौधरी, पवन चौधरी ने तस्कर को पकड़ने के लिए बेहतरीन कार्य किया है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

चारे पानी के अभाव में मर रहे हैं गोवंश, जिम्मेदार बेखबर

डलमऊ, रायबरेली

अमृत विचार। सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट गौ संरक्षण केंद्रों में प्रतिदिन चारे पानी के अभाव में गोवंशों की मौत हो रही है। स्थानीय प्रशासन व कर्मचारियों की लापरवाही से गोवंशों को चारा भी नसीब नहीं हो पा रहा है। प्रतिमाह लाखों रुपए संरक्षण के नाम पर खर्च होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। अलग-अलग बयान बाजी से गौशाला में पल रहे गोवंशों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

डलमऊ क्षेत्र में घूम रहे आवारा गोवंशों को संरक्षित किए जाने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से कान्हा गौशाला का निर्माण कराया गया है। जिसमें प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च करके इन गोवंशों को संरक्षित किया जाता है, लेकिन प्रतिदिन चारे पानी व रखरखाव के अभाव में गोवंशों की मौत हो रही है, जिम्मेदार अधिकारी इन मौतों को छुपाने का भरपूर प्रयास कर रहे है। प्रतिदिन मरने वाले गोवंशों को दफन करके उनके स्थान पर नए मवेशियों को गौशाला में बंद कर संख्या को पूरा किया जा रहा है।

शनिवार को प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो कान्हा गौशाला डलमऊ में चार गोवंश मृत अवस्था में पाए गए पानी पीने की हौद में गंदा पानी भरा हुआ था खाने की चरही में हरा चारा तो छोड़ो भूसा भी नसीब नहीं था। गौशाला में गोवंशों की दुर्दशा को लेकर कई बार किसान नेताओं के द्वारा भी आरोप लगाए गए जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत भी हुई लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। पशु चिकित्साअधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि दो गोवंश आपस में लड़ने की वजह से घायल हो गए थे जिनकी मौत हुई है वही अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ आरती श्रीवास्तव की माने तो शनिवार को गौशाला में किसी भी गोवंश की मौत नहीं हुई है।

गौशाला के निरीक्षण के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी उपजिलाधिकारी डलमऊ आशुतोष राय ने बताया कि अभी उन्होंने हाल ही में चार्ज लिया है गौशाला की जानकारी नहीं है जिम्मेदार लोगों को भेज कर जांच कराई जाएगी।

होली पर बाजार में बढ़ी रौनक, उमड़ी भीड़

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। होली पर जहां रंग, गुलाल पिचकारी की धूम रहती है वही रेडीमेड खाद्य पदार्थों की दुकानें सज जाती है। शहर से लेकर गांवो तक यह दुकाने ग्राहकों के इन्तजार में तैयार है। इन दुकानों में होली के प्रमुख खाद्य पदार्थ जैसे गुझियां, नमकीन, मठरी, चिप्स, पापड़ सहित अनेक तरह के पकवान आकर्षक पैकिंगो में उपलब्ध है।

इन दुकानों में ग्राहकों की भीड़ भी लगनी शुरू हो गई है। वे कामकाजी परिवार जो व्यस्तता के चलते इन पकवानों को घर मे नही बना पाते है वे बने बनाए बाजार में मिलने वाले पकवानों को खरीदकर घर ले जाते है। होली में आने जाने वाले मेहमानों का स्वागत तो करना ही है। घर के बने न सही बाजार के पकवानों से ही स्वागत करेंगे। बाजार में मिलने वाले पकवानों की कीमत भी तो थोड़ी अधिक जरूर होती है, पर देखने मे आकर्षक और लुभावने होते है। इस लिए इन्ही से काम चलाना पड़ता है।

खरीददारी करने वाली कुछ महिलाओं ने बताया कि वे विभिन्न विभागों, संस्थानों में काम करती है, इसलिए इन्हें बनाने का समय नही मिल पाता है इसलिए वह मजबूरी में बाजार से खरीदकर काम चलाती है। वही रंग गुलाल की भी मांग रहती है और इन दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रहती है। शहर के सुपर मार्केट, घण्टाघर, कैपरगंज, सब्जी मंडी सहित प्रमुख बाजारों में दुकानें सज गई है।

होली पर बाजारों में खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय को मिली वाई प्लस सुरक्षा

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। राज्यसभा चुनाव के दौरान सपा से बगावत कर भाजपा को वोट देने वाले ऊंचाहार के सपा विधायक मनोज कुमार पांडेय को अब वाई प्लस की सुरक्षा प्रदान की गई है। डा. मनोज कुमार पांडेय के आवास पर शनिवार की सुबह दिल्ली से आए केन्द्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने जांच पड़ताल कर उन्हें सुरक्षा के घेरे में ले लिया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों हुए राज्यसभा के चुनाव के दौरान डा. मनोज कुमार पांडेय सहित सपा के कई विधायकों ने क्रास वोटिंग कर भाजपा के पक्ष में मतदान किया था। अभी तक मनोज कुमार पांडेय यूपी पुलिस के सुरक्षा घेरे में रहते थे, लेकिन अब उन्हें केंद्रीय सुरक्षा मिलने के बाद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के घेरे में रहेंगे। वाई प्लस श्रेणी के तहत 11 सुरक्षाकर्मी शामिल होंगे। जिसमें दो कमांडो और दो पीएसओ भी शामिल होंगे। सपा विधायक उस समय में चर्चा में आए थे जब उन्होंने सपा के मुख्य सचेतक प द से इस्तीफा दे दिया था। कयास लगाया जा रहा है कि डा. मनोज कुमार पांडेय भाजपा के झोली में भी जा सकते हैं। सूत्रों की माने तो उन्हें रायबरेली से लोकसभा चुनाव के दौरान भी मैदान में उतारे जाने की चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। फिलहाल अभी मनोज कुमार पांडेय समाजवादी पार्टी के ही बैनर पर विधायक हैं। उन्होंने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया है। वहीं विधायक को मिली सुरक्षा के संबंध में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल से उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो पीआरओ ने बताया कि साहब अभी व्यस्त हैं।

राजस्थानी लोक संस्कृति ने जमाया होली का धमाल

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। एनटीपीसी की ऊंचाहार विद्युत परियोजना के स्थापना दिवस को यादगार बनाने के उद्देश्य से आयोजित सांस्कृतिक संध्या के कलाकारों ने ऐसा धमाल मचाया कि अंबेडकर सभागार में उपस्थित विशाल दर्शक समूह मंत्रमुग्ध होकर वाह-वाह कह उठा।

राजस्थान से आई कलाकारों की टीम ने जहां राजस्थानी लोक संस्कृति के अनेक पहलुओं तथा राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलित विभिन्न गीतों व नृत्यों की विधाओं का मनोहारी प्रदर्शन किया। वहीं, दर्शकों की फरमाइश पर अलग-अलग लोक विधाओं से ऐसा समां बांधा कि एनटीपीसी की ये शाम उन कलाकारों के नाम समर्पित हो गई। इसके पूर्व परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा तरुणा छाबड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित करके सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन किया। दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा में अन्य महाप्रबंधक एवं यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपनी भूमिका निभाई। मानव संसाधन विभागाध्यक्ष रूमा दे शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

सांस्कृतिक संध्या समारोह को संबोधित करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि हमारे कर्मचारी रात-दिन बिजली उत्पादन के महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में लगे रहते हैं और इसमें उनके परिवारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए कर्मचारी तथा उनके परिवार के मनोरंजन तथा उत्साहवर्धन के लिए लीक से हटकर कुछ ऐसे अवसर उपलब्ध करवाने का प्रयास रहता है जिससे कि वर्क लाइफ बैलेंस बना रहे और हम सबकी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में कार्य करती रही। ये आयोजन उसी दिशा में एक अभिनव प्रयास है। कर्मचारी कल्याण समिति के सौजन्य से आयोजित रंगारंग समारोह में बड़ी संख्या में कर्मचारियों, महिलाओं व बच्चों तथा अन्य लोगों ने उपस्थित होकर सांस्कृतिक संध्या को सफल बनाया।

दीप प्रज्ज्वलन करते परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा व अध्यक्ष तरुणा छाबड़ा।

एनटीपीसी में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार।

अधेड़ की मौत से मची अफरा-तफरी

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सलेमपुर ग्राम में स्थित ईंट भट्ठा में अपने छोटे भाई के साथ काम कर रहे अधेड़ की मौत हो जाने से मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मलियापुर मजरे सराय दिलावर ग्राम निवासी कमलेश कुमार अपने छोटे भाई राजेश कुमार के साथ सलेमपुर ग्राम स्थित ईट भट्ठे में काम कर रहा था की तभी अचानक चक्कर आने से कमलेश कुमार जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई।

दया अगर मैं लिखने बैठूं, होते हैं अनुवादित राम

तुलसी उद्यान में शुक्रवार रात आयोजित मुशायरे में राम पर पढ़ी गईं रचनाएं

अयोध्या कार्यालय

तुलसी उद्यान में आयोजित मुशायरे में मंचासीन शायर। अमृत विचार

अमृत विचार : तुलसी उद्यान में आयोजित रामोत्सव के साहित्य संस्कृति मंच पर राष्ट्रीय मुशायरे "अदब ए राम" में देश के प्रख्यात शायरों के केंद्र में श्रीराम रहे।

मुशायरे का आरम्भ शकील आजमी, अंजुम रहबर, मोहन दानिश सहित मंचस्थ शायरों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। आगाज करते हुए चिराग शर्मा ने ..तुम्हे ये ग़म है कि चिट्ठियां नहीं आती, हमारी सोचो हमें हिचकियां नही आती। श्वेता श्रीवास्तव अजल ने कहा कथ्य तो इतना है, सत्य तो इतना है, सब यहां है रामजी के, रामजी सभी के है, तो पांडाल तालियों से गूंज उठा। दीक्षित दनकौरी ने तरन्नुम में पढ़ा ए गजल पास आ तुझे गुनगुना लूं तो मुशायरे का माहौल बन गया। शारिक कैफी ने पढ़ा उसकी टीस नहीं जाती है सारी उम्र,पहला धोखा पहला धोखा होता है। संचालन कर रहे शायर अजहर इकबाल के हर शेर पर लोगों ने खूब वाह वाह किया। अपने खास अंदाज में उर्दू और हिंदी के समन्वय के लिए प्रख्यात शायर ने कहा दया अगर लिखने बैठूं, होते है अनुवादित राम,रावण को भी नमन किया ऐसे थे मर्यादित राम से उन्होंने मुशायरे की परिकल्पना को साकार किया। इसके बाद पढ़ी जब भी उनकी गली में भ्रमण होता है, उनके ही दरवाजे पर आत्मसमर्पण होता है। हर युग में जन्म लेते है राम, पैदा हर युग में रावण होता है। मुंबई से आए गीतकार शकील आजमी ने कहा मैं हूं इंसान तो होने का पता दे जंगल, राम जैसे थे मुझे वैसा बना दे जंगल। वाल्मिकी बने कोई मेरे लवकुश के लिए, मेरे बच्चो को जीने कि अदा दे जंगल। मदन मोहन दानिश ने कहा ठहराव में और रवानी में राम है, गोया हमारी प्यास में और पानी में राम है।

मासूम गाजियाबादी ने भगवान श्रीराम के हवाले से शेर पढ़ा पहले ही तेरे नाम का सदका निकाल कर,तब रखा हैं चिराग हवाओं में निकाल कर।

मुशायरे में कलाम पढ़ते शायर।

सरयू के धाम वाले हैं, वह छबीले से श्याम वाले हैं

प्रख्यात शायरा अंजुम रहबर ने तरन्नुम में सुनाया वो सरयू के धाम वाले है, वो छबीले से श्याम वाले है,सबके दिल में जो बसते है,सब उन्हें सियाराम कहते है। फहमी बदायूंनी ने अपने गजल के शेर सुनाते हुए कहा जिनसे आगे निकल नही सकता, उनके पीछे चल नही सकता। अध्यक्षता कर रहे फरहत अहसास ने अपनी ग़ज़ल के कुछ शेर राम पर पढ़ते हुए कहा तुलसी के जो राम है, हमारे भी राम है। उनकी तरह हमारे भी सहारे राम है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ, नगर आयुक्त और अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक संतोष कुमार सिंह ने सभी शायरों को शॉल और स्मृति चिन्ह प्रदान करके उनका सम्मान किया। इस अवसर पर सलाहकार कबीर एकादमी, संस्कृति विभाग आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ रानी अवस्थी, कवि आलोक श्रीवास्तव, रामायण धर द्विवेदी समेत साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

गोवंशों से परेशान, खेतों में झोपड़ी डालकर फसल बचा रहे किसान

कमलापुर, सीतापुर

गोवंशों से फसल बचाने के लिए खेत में बनाई मचान। अमृत विचार

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अटरिया जलालपुर के किसान गौवंशों से काफी परेशान हैं। वह खेत में झोपड़ी डालकर फसल की रखवाली करने के लिए मजबूर हैं। घर के किसी न किसी सदस्य को खेतों में दिन गुजारना पड़ता है, तब जाकर फसल तैयार हो पा रही है। जरा सा ध्यान न देने पर दर्जनों गोवंश खेतों में घुसकर फसल नष्ट कर देते हैं।

अटरिया गांव के अमरू, टन्नू, अमरनाथ, नीलू, रामनाथ कहते हैं कि हर जगह से गोवंश पकड़कर अस्थाई गौशालाओं में भेज दिये गये, लेकिन मेरे गांव के गौवंश आज तक नहीं पकड़े गए। हम लोग इसके चलते अपनी फसल बचाने के लिए दिन-रात खेतों में ही झोपड़ी डालकर रहने को मजबूर हैं। गौवंशों को पकड़वाने के लिए एकबार कहा भी गया तो हम लोगों ने एक जगह इनको एकत्रित भी किया, लेकिन किसी ने भी नहीं सुना।

ग्राम प्रधान भी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। हम लोग अपनी फसल को कैसे बचा पा रहे हैं। हम ही जानते हैं परिवार का एक व्यक्ति हर समय खेतों पर ही रहता है। फसल बचाने में एक किसान को सर्प ने डस भी लिया था जिससे उसकी मौत भी हो गई थी। इस संबंध में जब खण्ड विकास अधिकारी सुमित सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गौवंशो को पकड़वाकर अस्थाई गौशालाओं में भेजा जाएगा।

भगत सिंह के शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

सिधौली/सीतापुर, अमृत विचार। भगत सिंह विश्व के महानतम चिंतक थे ,उन्होंने माक्र्सवाद की रौशनी में भारत महादेश की समस्याओं का समाधान खोजने की कोशिश की। परन्तु आज का युवा वर्ग को मार्गच्युत करने के लिए भगत सिंह के बजाय रजतपट के नकली नायकों और क्रिकेट खिलाड़ियों के पीछे लगाया जा रहा है। यह बात शहीदे आजम भगत सिंह के शहादत दिवस की पूर्वसंध्या पर जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी, सीतापुर के तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में अधिवक्ता एवं लेखक अनूप कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की शहादत के समय उनकी आयु मात्र 23 वर्ष थी। परन्तु वे अपनी आयु से बहुत बड़े थे। उनके चिंतन में तीन पीढ़ियों का संघर्ष और गदरी बाबाओं की कहानियाँ थी। गोष्ठी के संयोजक अनुराग आग्नेय ने भगत सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुर्भाग्य से इस विलक्षण क्रान्तिकारी को मात्र 23 वर्ष की आयु मिली। यदि वे भारत की स्वतंत्रता का सूर्य देख सकते तो हो सकता है। हमारा देश कई दुर्भाग्यपूर्ण राजनैतिक घटनाओं से बच जाता। साहित्यकार देवेन्द्र कश्यप ने भगत सिंह के लेखन का जिक्र करते हुए कहा कि वे कई भाषाओं के जानकारी और अद्भुत पाठक थे।

खंड शिक्षा अधिकारी का विदाई समारोह संपन्न

पहला/सीतापुर

शिक्षकों ने होली के एक दिन पहले गुलाल लगाकर सभी को दी बधाई

अमृत विचार। विकासखंड पहला अंतर्गत सरैंया कादीपुर स्थित बीआरसी पर शनिवार को बीईओ का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। यहां तैनात रहे खंड शिक्षा अधिकारी दीपेश कुमार का गैर जनपद हरदोई स्थानांतरण हो जाने के बाद नया पदभार ग्रहण कर चुके खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप ने शिक्षकों के साथ मिलकर बीईओ दीपेश कुमार को फूल माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र, मिठाई और स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई भी दी है। इस मौके पर नवागत बीईओ सुरेन्द्र प्रताप ने कहा कि सरकारी नौकरी में यहां आना जाना लगा रहता है। व्यक्ति के कार्यों से उसको याद किया जाता है। शिक्षकों के साथ समन्वय बनाकर शिक्षा के क्षेत्र में विकास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एआरपी डा हरिनाम सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय वर्मा, मंत्री गरिमा रंजन, समाजसेवी सुरेश भार्गव, शिक्षक ओमप्रकाश, राजेंद्र वर्मा, राघवराम वर्मा, संजीव कुमार, सुमित वाजपेई, रमाशंकर शुक्ला, विनय कुमार, दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

मोटरसाइकिल की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत

नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र में नसीराबाद – कुंवरमऊ मार्ग पर मठिया गांव के पास आमने–सामने दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के पूरे शिवदत्त मजरे आलमपुर निवासी दिनेश (45 वर्ष) नसीराबाद जा रहा था और जनमेजय उर्फ मिट्ठू (20 वर्ष) हरीरामपुर टिररा में अपनी बहन के यहां से होली की त्योहारी देकर वापस नसीराबाद की तरफ से आ रहा था। मठिया गांव के पास अनियंत्रित होकर दोनों मोटरसाइकिल आमने–सामने भिड़ गई जिससे दोनों घायल हो गए। आनन–फानन में लोगों ने नसीराबाद सीएचसी भिजवाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस में मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दि या है।

400 पार करने का लक्ष्य लेकर फील्ड में कार्य करे कार्यकर्ता

अटरिया/सीतापुर, अमृत विचार। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी का मनवा चैकी पर भाजपाइयों ने फूल माले के साथ उनका स्वागत किया।बताते चलें कि वरिष्ठ भाजपा नेता पिंकू गुप्ता के नेतृत्व में मनवां चैकी स्थित श्री अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट पर क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष कमलेश तिवारी का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। सीतापुर कार्यशाला में भाग लेने जा रहे कमलेश तिवारी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी कार्यकर्ताओं के बलबूते 400 पार करने का लक्ष्य लिया है। कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की रीढ़ है। यह कहते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी का अभिवादन किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता पिंकू गुप्ता, नीरज सिंह, भाजपा वरिष्ठ नेता पवन यादव, प्रमोद शुक्ला, नरेश रावत, मुकेश तिवारी, मयंक तिवारी, उदित बाजपेई, अलमापुर प्रधान राकेश सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

तीन आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार। कैंट थाना पुलिस ने क्षेत्र निवासी एक दलित कोशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट से गैंग चार्ट के अनुमोदन के बाद दर्ज कराई गई है। थाना क्षेत्र निवासी एक 15 वर्षीय दलित किशोरी 21 नवंबर 23 को लापता हो गई थी। प्रकरण में उसके पिता ने खोजबीन के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर तीन दिन बाद अज्ञात के खिलाफ अगवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन को नामजद किया था और सामूहिक दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट तथा अनुसूचित जाति–जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा बढ़ाई थी। कैंट पुलिस का कहना है कि छानबीन में यह बात सामने आई कि अनीश पुत्र छेदीलाल निवासी ग्राम खरगपुर कन्दैला थाना पूराकलन्दर ने अपने थाना क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी मोनू तथा रंजीत प्रसाद निवासी पूरे शुकुल का पुरवा चौधरीपुर थाना इनायतनगर के साथ एक गिरोह बना रखा है। अनीश के खिलाफ पूराकलंदर थाने में गली–गलौच और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज हुई थी और आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। गिरोह बनाकर समाज विरोधी क्रिया कलाप में लिप्त पाये जाने पर तीनों का गैंग चार्ट बना जिला मजिस्ट्रेट से अनुमोदन हासिल किया गया। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि अनुमोदन के बाद मामले में तीनों के खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रोजेदारों पर बेशुमार बरकतों का बारिश करता है अल्लाह

तम्बौर सीतापुर, अमृत विचार। अल्लाह की रहमतों का माह ए रमजान का मुबारक महीना चल रहा है। रहमत, मगफिरत और जहन्नुम से आजादी के तीन अशरह (भागों) के इस सफर में खुदा रोजदारों पर बेशुमार बरकतों की बारिश करता है। रोजेदारों के लिए माह रमजान तमाम नेअमतें लेकर आया है। इस माह में गुनाहों से माफी मिलती है। ये सफर तीन चरणों में पूरा होता है। इसका पहला अशरह रहमत का है। यानी दस दिन तक खुदा रोजदारों पर रहमत अता करता है। दूसरा अशरह मगफिरत का है। इसमें गुनाहों से माफी मिलती है। जो शुरू हो गया है। तीसरे अशरे में अल्लाह रोजदारों को रोजे, कुरआन ए पाक की तिलावत और नेकियों के बदलें, जहन्नुम से आजाद करता है। मुफ्ती मो. खबीर नदवी ने बताया कि रमजान के महीने में गरीबों को जकात देने से काफी सवाब मिलता है। अपने आस पास के लोगों पर नजर रखें। जरूरतमंदों की मदद करें।

वसंतोत्सवों का चरम होली

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तः पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरुदगण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।

भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है।" आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि "आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचांए कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकत्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग है। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग सुर छंद है, ताल लयसंगीत हैं, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

हिरण्यकशिपु हो या होलिका : है पग-पग डेरा डाले

रंग का विलोम शब्द बदरंग है। रंगों के कलात्मक संयोजन से चित्र चित्ताकर्षक हो जाते हैं,जबकि अनियोजित प्रयोग से उसी चित्र में विकृतियां झलकती है। रंगों का सबसे बड़ा खजाना आसमान के सूरज के पास है। सूरज सप्तवर्णी या सप्तरंगी किरणों वाला होता है। उदित होते सूरज के विविध रंगों से आसमान की छटा परवान चढ़ जाती है। इतना ही नहीं,बल्कि ढले शाम भी वह बतौर कुशल चित्रकार ही दिखता है। इंद्रधनुष ऐसा बनाता है, शायद पेशेवर चित्रकार को कैनवस पर उसकी नकल करने में कठिनाई हो। जबकि सूरज के पास चित्र बनाने की न तूलिका है और न दूसरे उपकरण और संसाधन।

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

सूरज की इस रंगकारी की तुलना रंगों के त्योहार होली से की जाए तो होली भी जीवन को रंगों से भर देने का त्योहार है। रंगीली होली की गाथा अंतहीन है। कविता में नजीर अकबराबादी 'गालों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की' के साथ महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की' का जब उल्लेख करते है तब रंगों के नशा करने वाले किसी महबूब पर उनकी नजर दिखाई पड़ती हैं। रंगों के आपसी सामंजस्य में गहरा संदेश भी है और गहरा दर्शन भी है।

घर-परिवार से लेकर समाज और देश-दुनिया तक में जीव से लेकर प्रकृति तक में सामंजस्य ही जीवन के रंग को द्विगुणित कर देता है। यशोदा के नंदन कृष्ण के लिए गोपिकाएं 'नैन नचाय कही मुस्काय, लला फिर आइयो खेलन होली' का निहितार्थ ही है कि मन में लालित्य के लिए जीवन में जरूरत पर मुरली बजाने वाली स्थिति भी हो और आवश्यकता पड़ने पर जीवन के महाभारत में शंखनाद भी करने की सामर्थ्य हो। होली उस सुबह हो-हल्ला मचाते आ धमकती है जब उसकी पूर्व रात्रि में होलिका दहन हो चुका होता है। होलिका दहन के प्रतीकों को होलिका में पड़ने वाले विविध पदार्थों के आईने में देखा जाए तो जीवन के होलिका दहन में भी विविधता दिखाई पड़ती है। प्रथमतः पंचभौतिक शरीर के स्तर पर नित होने वाले होलिका दहन का विश्लेषण किया जाए तो इस शरीर में भी अग्नि है। सबसे महत्वपूर्ण जठराग्नि को होलिका दहन के परिप्रेक्ष्य में लिया जाए तो खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर को आह्लाद देने वाले तत्व (मिनरल्स) को जठराग्नि बचाकर शरीर को हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए रक्त रसायन को दे देती है और खाद्य पदार्थों में समाई होलिका को जलाकर बाहर कर देती है। लाल रक्त कण (रेड सेल्स) शरीर को स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं शरीर को क्षति पहुंचाने वाले हिरण्यकशिपु जैसे विषाणुओं से भी जठराग्नि लड़ती-भिड़ती रहती है।

अब चिंतन-मनन के स्तर पर होलिका दहन की विवेचना की जाए तो हिरण्यकशिपु जैसा अहंकार इस देव-दुर्लभ जीवन का सबसे बड़ा शत्रु हैं। इसी अहंकारी हिरण्यकशिपु की बदरंगी मनोवृत्तियां उसकी बहन होलिका है। होलिका मन के प्रह्लाद के उच्च भाव की घेराबंदी करती है। इसे गोद में बैठाकर काम-क्रोध की अग्नि में भस्मीभूत कर देना चाहती है, लेकिन मन की दृढ़ता की भावनाएं कुप्रवृत्तियों की होलिका की योजना विफल करती है। सत्य, सदाचार और सुनीतिपूर्ण जीवन पद्धति के संस्कारों से शिक्षित मन प्रह्लादत्व की स्थिति में है तो फिर जीवन का आह्लाद जल नहीं सकता। इससे सर्वप्रथम चेहरे का ही नहीं,बल्कि मन का भी रंग चटक होता है। मन अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण (सोने) की तरह चमक उठता है। आत्मबल बढ़ता है,जो जीवन के रंग को कभी बदरंग नहीं होने देता है।

होली का वैदिक स्वरूप

होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है,इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था। इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था,तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ।

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः। अतृष्या अक्षुध्या गृहा मास्मद् बिभीतन॥ (अथर्ववेद 7.60.6) जिन घरों में रहने वाले परस्पर मधुर और शिष्ट संभाषण करते हैं जिनमें सब तरह का सौभाग्य निवास करता है,जो प्रीति-भोजों से संयुक्त हैं,सभी हास और उल्लासमय जीवनयापन करते हैं एवं जहां न कोई भूखा है न प्यासा,उन घरों में कहीं से भय का संचार न हो। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बन्ध हो जाते हैं। उत्सव

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए।

की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था-यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥ (ऋग्वेद 10.90.6) होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थीं,वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं। पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुमकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्जवल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ,आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म,अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदाग्रे संवर्ततााधि' कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएं, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनंद और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अंग हैं।

होलिकोत्सव के रूप में हिंदू समाज ने मनोरंजन को जीवन में स्थान देने के लिए तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूप को धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है। जैसा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट कथन है-धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल कामप्रवृत्ति हूं। शिवजी ने तृतीय नेत्र से फाल्गुन कृष्णाष्टमी को काम/मदन का दहन किया था। तब कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर होलाष्टक के अंतिम दिन अर्थात् धुलेंडी के दिन शिवजी ने,कामदेव का प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म होने का वचन दिया था। इसलिए होली को मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

मूल प्रवृत्ति

भूख न होती तो खेती का विकास क्यों होता? भूख लगी इसीलिए शिकार को जाना पड़ा था। भूख लगी,इसीलिए वृक्ष लगाए, फल खाया, भूख लगी इसीलिए मत्स्यपालन किया,भूख लगी इसीलिए पशुपालन किया, दूध पिया। भूख लगी इसीलिए खाद्य-पदार्थों के इतने बड़े उद्योगों का विकास हुआ। रति प्रवृत्ति न होती तो नर और नारी का सम्मिलन भी क्यों होता? सिसृक्षा पुत्रैषणा न होती तो परिवार ही क्यों बनता? रति मूल प्रवृत्ति में परस्पर सहयोग ने बहुत बाद में चल कर पति-पत्नी का संबंध विकसित किया।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो क्यों तो गुफा बनती,क्यों झोंपड़ी बनती और क्यों ये कोठी बनती? जंगल से गांव और गांव से नगर भी क्यों बन जाता? रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो समाज और राज्य भी क्यों बनता? रक्षा और प्रभुता की मूल प्रवृत्ति न होती तो कोई सेना क्यों बनती और यह यूक्रेन-रूस युद्ध भी क्यों होता? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती तो ज्ञान-विज्ञान का विकास भी क्यों होता? क्यों आदमी अंतरिक्ष में जाता? क्यों समुद्र की थाह लेता? क्यों विश्वविद्यालय बनते? क्यों पुस्तकें लिखी जातीं? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती दर्शन और विचारधाराओं का विकास कैसे होता? संग्रह, वित्तैषणा या तृष्णा की मूल प्रवृत्ति न होती तो एक आदमी दूसरे के हक को क्यों छीन लेता? विषमता का जन्म भी क्यों होता? बैंक क्यों बनतीं? खजाने की क्या जरूरत होती? जर-जमीन के झगड़े क्यों होते? चिड़िया के पास ही कौन सा संग्रह है? पेट तो भर ही लेती है,लेकिन मनुष्य तिजोरी और कोठार बनाता है। गौरव की मूल प्रवृत्ति (अपने को श्रेष्ठ मानने की प्रवृत्ति) न होती तो कोई अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन क्यों समझता? परनिंदा का भाव भी क्यों होता? तू छोटा मैं बड़ा,यह भाव भी कहां से आता? क्यों ऊंच-नीच का विचार बनता और वर्ग-विद्वेष भी क्यों होता?

आराम की मूल प्रवृत्ति न होती तो सभी श्रम कर लेते। श्रमिक और प्रबंधक वर्ग क्यों होते? अनुकरण की मूल प्रवृत्ति न होती तो हम कैसे संगीत सीखते? कैसे भाषा सीखते? किसी से कोई होड़ क्यों करता? आज तो अस्त्र-शस्त्र की होड़ हो रही है। मूल प्रवृत्ति न होती तो दंडविधान भी क्यों बनता? समस्त सभ्यता का विकास, समस्त संस्कृति का विकास, समस्त ज्ञान विज्ञान का विकास मूल प्रवृत्तियों की और मूल प्रवृत्तियों के संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की प्रणालियों की देन है।

गुर्दे और जल संरक्षण

पर्यावरण गोष्ठियों सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जल संरक्षण जल की महत्ता को लेकर अनेक जागरूकता संदेश प्रचारित-प्रसारित किए जा रहे हैं। बात जब जल के बचाने को लेकर होती है तो आधुनिक वाटर कंजर्वेशन के तमाम मॉडल्स पर डिस्कशन होता है, लेकिन दुनिया का सबसे बेहतरीन अनूठा लाजवाब वाटर कंजर्वेशन मॉडल हमारे शरीर में मौजूद है। वर्ष 2003 का केमिस्ट्री का नोबेल इसी वॉटर कंजर्वेशन मॉडल जिसे एक्वापोरिन सिस्टम कहा जाता है, उसे दुनिया को समझाने के लिए पीटर एग्री को मिला था। पंचतत्व से यह शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश सर्वाधिक प्रधानता जल तत्व की है। मानव शरीर में 60/70 फीसदी लगभग जल ही होता है। 2003 तक साइंटिस्ट नहीं जानते थे कि मानव शरीर में जल कैसे रीसायकल एक्सचेंज निष्कासित होता है। हमारे शरीर की अरबों-खरबों कोशिका में जल का आदान-प्रदान किस तरह होता था कोई जानकारी नहीं थी। हमारा शरीर जो जल हम पीते हैं उसे मिनिमम वेस्टेज के आधार पर यूटिलाइज करता है। दोनों गुर्दे 24 घंटे में 170 लीटर प्राइमरी यूरिन बनाते हैं। समझना यह है कि यदि इतनी भारी मात्रा में प्राइमरी यूरिन बनता है तो मानव कितने जल का उपयोग करेगा प्रत्येक मनुष्य की जल की खपत बढ़ जाएगी जल का अनावश्यक असीमित उपयोग होगा।

आर्य सागर खारी
नोएडा

इस संकट से बचाने के लिए भगवान ने मानव गुर्दों को रीसाइक्लिंग प्लांट से लैस कर दिया है,जो 170 लीटर प्राइमरी यूरिन को घटाकर वेस्टेज के तौर पर 1 से 2 लीटर फाइनल यूरिन में तब्दील कर देता है। है न अद्भुत व्यवस्था इस काम में मुख्य भूमिका दोनों गुर्दों की विशेष क्रियात्मक सर्जनात्मक इकाई नेफ्रॉन निभाती हैं। प्रत्येक गुर्दा 10 लाख नेफ्रॉन से मिलकर बना है नेफ्रॉन बहुत ही महीन छन्नी है। हमारा शरीर पानी कैसे बचाया जाए? कैसे उसका संरक्षण किया जाए? कैसे उसका अधिकतम उपयोग किया जाए? भलीभांति जानता है, लेकिन हम नहीं जानते यह अजीब विडंबना है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका जल को बचाना जानती हैं। प्रत्येक कोशिका के बीच मिनिमम वॉटर वेस्टेज पर आधारित वाटर चैनल्स काम करता है, जो विशेष जल रोधी एक्वा प्रोटीन से काम करता है। प्रति सेकंड हमारे शरीर के इन वाटर चैनल में जल के हजारों अणु गुजरते हैं।

बेअसर एंटीबायोटिक्स से तपेदिक नियंत्रण बना चुनौती

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिकों ने चेताया है कि आहार के लिए पाले जाने जिन जंतुओं -मुर्गी, सूअर, तीतर, बटेर, बतख, टर्की और किवी को एंटीबायोटिक खिलाने से मनुष्य में एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ रही है। इसकी वजह से कॉलरा, टाइफाइड, शिगेला जैसे बैक्टीरिया के विरुद्ध पारंपरिक दवाएं असरदार नहीं हो रही हैं। इलाज के दौरान भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कॉम्बिनेशन एंटीबायोटिक्स का असर मनुष्य देह में पलने वाले संक्रमण को खत्म करने के लिए धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हालांकि नयी संश्लेषित दवाओं पर काम हो रहा है, परंतु पेड़-पौधों से प्राप्त होने वाले नए एंटी-बैक्टीरियल मॉलिक्यूल्स के परीक्षणों पर खोज जारी है। साथ ही समुद्री वनस्पतियों एवं शैवाल से भी नए एंटी-बैक्टीरियल और माइक्रोबियल एजेंट्स तलाशे जा रहे हैं।

रोगकारक बैक्टीरिया इतना चालाक है कि 'म्युटेट' कर लेता है और अपना जेनेटिक मेकअप भी बदल लेता है। हैजा के बैक्टीरिया में एक मॉलिक्यूलर पंप होता है जिससे वह दवा को बाहर धकेल कर जिंदा रहकर सक्रिय बना रहता बनाए रखता है। इसलिए सलाह यह दी गई है कि फ़ार्म चिकन, अंडा, पोर्क और बीफ न खाया जाए। अगर दारू ऊपर से सेवन भी किया जाता है तो मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। मसलन तपेदिक के प्रति एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंस कुछ अधिक ही दिख रहा है। मरीज लोग समय पर दवा नहीं लेते

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा।

या आधी-अधूरी लेकर छोड़ देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा। क्या क्लिनिकल टेस्ट्स और इन्वेस्टीगेशन्स का तरीका बदला जा रहा है? सन 2015 से ऐसी कोशिश हो रही है कि बेसिलस टुबरकुलीन अर्थात् टीबी करने वाले बैक्टीरिया के नए और ड्रग रेसिस्टेंट स्ट्रेंस या विभेद और विभेदों की पहचान के लिए कुछ और किया जाए जैसे कि एक बार चीन ने टीबी इंफेक्शन पकड़ने के रक्त की जांच शुरू की थी,लेकिन रिजल्ट्स 'फाल्स नेगेटिव' या 'फाल्स पॉजिटिव' रहते थे। इस तकनीक में इंफेक्शन को पकड़ने के लिए रक्त में मौजूद 'मार्कर्स' या बायो-लॉजिकल पार्टिकल्स को ढूंढा जाता है, जो इंफेक्शन होने के बाद रक्त में घूमते रहते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने इसे रिजेक्ट कर दिया और कहा कि एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही 100 प्रतिशत कामयाब टेस्ट हैं। रक्त में 200 किस्म के मेटाबॉलाइट्स मौजूद होते हैं और 'मार्कर्स', या अतिसूक्ष्म जैव-पदार्थ भी,लेकिन टीबी स्पेसिफिक मार्कर्स को डिटेक्ट करने और इन्हें इंटरप्रेट करने में गलती की संभावना अधिक होती है। भारत में बहुत सी लैब यह टेस्ट करने लगी थीं, जिन्हें इससे संबंधित सीरो-डायग्नोस्टिक किट्स का चीन से आयात बंद किए जाने के निर्देश जून, 2012 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए थे। सरकारी तंत्र में कन्फर्मेशन के लिए एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही अभी चलता है। उदाहरण के लिए शरीर में टीबी का संक्रमण सिर्फ फेफड़ों में (पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस) ही नहीं होता, बल्कि अन्य अंगों जैसे कि जठरांत्र शिरा (गैस्ट्रोइंटेस्टानल), हड्डियों और लिवर में, लसिका ग्रंथियों, मूत्राशय अंग, को भी प्रभावित करता है। इन्हें सिर्फ एक ही बैक्टीरिया प्रभावित करे ऐसा नहीं है,बल्कि इसका ड्रग-रेसिस्टेंट विभेद भी प्रभावित कर सकता है जिसका पितृ-जीवाणु मायको-बैक्टीरियम ट्यूबरकुलम ही है। तपेदिक का जीवाणु कैसे ड्रग रेसिस्टेंस विकसित करता है इसके मैकेनिज्म को भी समझ लिया गया है। इसे समझे बिना उक्त विभेद को निष्क्रिय या नष्ट करने के लिए नई दवा का विकास जिया जाना संभव ही नहीं था। इस वक्त देश में तपेदिक के मरीजों को 'सेकेंड लाइन ड्रग्स' अर्थात् एमिनो-ग्लाइकोसाइड्स,पॉलीपेप्टाइड्स, फ्लूरोकिनोलोंस, थायो-एमाइड्स, साइक्लोसेरीन्स,और पैरा-अमीनो सैलीसायिक्लिक एसिड केकर निरोग किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्यूबरक्लोसिस रिसर्च (आईसीएमआर) के शोध के मुताबिक़ अत्याधिक ड्रग रेसिस्टेंट पाए जाने पर मरीजों को नेशनल ट्यूबरक्लोसिस कण्ट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत केटेगरी-4 की जो नई मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट दवाएं दी जा रही हैं इनमें रिफम्पिसिन, एथम्बूटोल और आयसोनायाज़िड न होकर सात दवाएं संयुक्त रूप से दी जाती है। अत्यधिक मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को काबू में करना दुनिया भर में एक मुश्किल काम बना हुआ है। तपेदिक को दूर करने के लिए बहु-औषधीय दवाओं का बे-असर होना पश्चिम के विकसित देशों में भी बहुत समय से अब दिखाई दे रहा है। पूर्वी यूरोप के देशों और रूस में यह व्याप्त है। यह न समझें कि रेसिस्टेंस सिर्फ अफ्रीका और साउथ एशिया के देशों की समस्या अधिक है। इस संबंध में भारत के आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाय यह समझना जरूरी है कि टीबी के संक्रमण का शक या लक्षण प्रकट होते ही इसे चेक करवाएं और न केवल टीबी पैदा करने वालें कारकों अथवा 'रिस्क-फैक्टर्स' से दूर रहें बल्कि उन लोगों से भी जिनमें टीबी के प्रति बहुऔषधीय तीव्र अवरोध हो चुका है।

भगत सिंह और उनके विचार

भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 साल के भगत सिंह की पहचान सांडर्स वध या एसेंबली में बम फेंकने या एक क्रांतिकारी के रूप में करना कमतर है। भगत सिंह एक विचारक थे,दृष्टा थे,युग परिवर्तक थे। कभी मौका लगे तो भगत सिंह को पढ़िए। भगत सिंह को पढ़ेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उनका चिंतन और लेखन उनके कार्यकलापों से ज्यादा क्रांतिकारी था। भगत सिंह हिंदी उर्दू गुरुमुखी अंग्रेजी में समान पकड़ रखते थे।

धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

मैंने भगत सिंह का लिखा लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' पढ़ा। आर्यसमाजी धार्मिक परिवार से होने के बाद भी वह नास्तिक क्यों हुए? उनके कई साथी धार्मिक थे। शचींद्र नाथ सान्याल ईश्वर को मानते तो नहीं थे,लेकिन उसके अस्तित्व को नकारने का उनमें साहस नहीं था। रामप्रसाद बिस्मिल कट्टर आर्यसमाजी थे। राजेन्द्र लाहिड़ी साम्यवादी के बावजूद उपनिषद और गीता का पाठ करते थे।

भगत सिंह शायद इसलिए नास्तिक हुए की आस्तिक प्रयास कम और ईश्वर पर निर्भर ज्यादा रहता है। अपने ऊपर हो रहे जुल्म को वह पूर्वजन्मों के पाप-पुण्य से जोड़ लेता है। भगत सिंह को पढ़िए अगर आप पढ़कर भगत सिंह जिंदाबाद बोलेंगे तो एक नई ऊर्जा आपके शरीर में प्रवाहित होगी। भगत सिंह के विचार हैं -'अध्ययन करो। स्वयं को विरोधियों के तर्कों का सामना करने लायक अध्ययन करो। अपनी बात के समर्थन में तर्कों से लैस होने के लिए अध्ययन करो। मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के आकर्षण से भरा हूं,लेकिन जरूरत के समय मैं सब कुछ त्याग सकता हूं। बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है। लोग स्थापित चीजों के आदी हो जाते हैं, इसलिए परिवर्तन के विचार से कांपते हैं। इस सुस्ती की भावना को क्रांतिकारी भावना द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। किसी ने सच ही कहा है कि सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं,युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।"

समस्त जनपदवासियों को
होली
की
हार्दिक शुभकामनाएं

Happy Holi
Happy Holi

समस्त जनपद वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
उदयपाल
प्रधान प्रतिनिधि
संजोगिता पाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत खजुरहरा, विकास खंड सुरसा, हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
नवल महेश्वरी
व्यापारी नेता माधौगंज हरदोई

समस्त जनपद वासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
माधुरी सिंह
प्रधान ग्राम पंचायत
बिलसर हरसेन
ठाकुर श्याम सिंह
भाजपा नेता जिला पंचायत सदस्य

समस्त जनपद वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
सम्पूर्णानंद सिंह पूनम
ग्राम प्रधान- ग्राम पंचायत बांसा
प्रबंधक मिथलेश कोल्ड स्टोरेज मुनौरापुर
गोपलिया मल्लावां
प्रदेश उपाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय सभा उ.प्र
जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय पंचायत राज ग्राम प्रधान संगठन

समस्त जनपद वासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नत्थन बानो बाबू खां
जनता डिग्री कालेज पाली, हरदोई
बीए, बीएससी, डीलएड
प्रवेश प्रारंभ
सत्र 2024–25
संस्थापक
बाबू खां
पूर्व विधायक
सरताज खां
प्रबंधक
फुरकान खां
व्यवस्थापक

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सोबरन लाल
ग्राम विकास अधिकारी
वि.ख. माधौगंज हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. दीपक कुशवाहा
बीएससी, बीएएमएस
वर्तिका मेटरनिटी हॉस्पिटल
राजकीय इंटर कॉलेज के सामने बिलग्राम हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभ अल्ट्रासाउंड सेंटर
3डी 4डी कलर अल्ट्रासाउंड
खून की जांच डिजिटल एक्सरे ईसीजी
पता- सरकारी अस्पताल के ठीक सामने बिलग्राम हरदोई।
अमित विश्वास

होली के पावन अवसर पर समस्त जनपद व ग्रामवासियों
को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रेमपाल अरुण
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड सुरसा हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
कमल प्रकाश कुशवाहा
प्रधान ग्राम पंचायत जीपी महमूदपुर तेरा
विकासखंड भरखनी तहसील सवायजपुर हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मुन्नी सिंह चौहान
प्रधान
अजय सिंह चौहान
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत लखनौर विकासखंड भरखनी, हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती अनंता देवी कुशवाहा
प्रधान
रामदास कुशवाहा
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत पैंतापुर पचरैया, विकास खण्ड
भरखनी, तहसील सवायजपुर हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर एम.पी. जायसवाल
अधीक्षक टोडरपुर
डॉ अपूर्व अवस्थी

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप कुमार
ब्लॉक मिशन प्रबंधक

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
कृपा शंकर पांडेय
पूर्व प्रधान भाभर केशवपुर, भावी जिला पंचायत सदस्य
भरखनी द्वितीय विकास खंड भरखनी जनपद हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
महेन्द्र वाल्मीकि (एड.)
क्षेत्रीय सदस्य भाजपा (अनु. मो.) अवध क्षेत्र

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मवीर यादव
प्रबंधक
भारत गैस सर्विस पाली रोड शाहाबाद हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेश राठौर
लेखाकार
खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय टोडरपुर, हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्लोबल हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर
पाली रोड, नई बस्ती शाहाबाद हरदोई
डाक्टर हरिश्चंद्र राठौर
एमडी

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आदित्य गौतम
सभासद - वार्ड बाजार शंभा,
नगर पालिका परिषद शाहाबाद हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुराग श्रीवास्तव
राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री चित्रगुप्त धाम सेवा ट्रस्ट
संयोजक मित्र परिवार भारत

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
पाण्डेय ट्रेडर्स
स्थान- ग्राम नन्हे पोस्ट पूराबहादुर हरदोई (उत्तर प्रदेश)
रिषभ पाण्डेय

आस्था इंटरप्राइजेज
पूरा बहादुर जनपद हरदोई
की ओर से क्षेत्रवासियों को
होली के पावन पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त जनपदवासियों व क्षेत्रवासियों को
होली की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज बाजपेई
विशुनपुरी हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
हर्षित द्विवेदी उर्फ ज्ञानू द्विवेदी
प्रधान पति
आरती द्विवेदी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कमरौली विकासखंड सुरसा हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुखपाल
प्रधान प्रतिनिधि
नन्ही देवी
ग्राम प्रधान
महेंद्र पाल गुप्ता
हरिनाम गुप्ता
ग्राम पंचायत तुर्तीपुर, विकास खंड सुरसा, हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
रिंकीपाल
ग्राम प्रधान
रमेशपाल
प्रधान प्रतिनिधि
अरविन्द कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मुड़िया खेड़ा
वि.ख. माधौगंज, हरदोई

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
रामनरेश
प्रधान ग्राम पंचायत
कमालपुर विकासखण्ड
भरखनी तहसील
शाहाबाद हरदोई
ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह
प्रधान प्रतिनिधि
कमालपुर

समस्त जनपदवासियों को होली की
हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष मिश्रा
प्रधान ग्राम पंचायत धानी नगला
विकासखंड भरखनी हरदोई

एक नजर

बंद मकान से हजारों रुपए का सामान चोरी

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। भड़वल गांव में चोरों ने बंद मकान में घुसकर हजारों रुपए का सामान चोरी कर लिया। भड़वल निवासी फारुख अली लगभग एक वर्ष से दिल्ली में रहकर काम करता था। शुक्रवार की रात चोरों ने मुख्य दरवाज़े का ताला तोड़कर हजारों कासामन चोरी कर ले गए। सुबह ज़ब आस पड़ोस के लोगों ने घर का दरवाजा खुला देखा तो घटना की जानकारी फारुख को दी। वहीं पुलिस सूचना पर तफसीस की। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि नौ माह से घर पर कोई नहीं रहता है। ऐसे में चोरी की घटना संदिग्ध लग रही है।

किशोर को पीटकर घायल किया, पुलिस को दी तहरीर

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के मोहल्ला महमंद निवासी किशोर के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए उसके पिता ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। मोहल्ला महमंद निवासी रईस मिस्त्री ने बताया उसका 14 वर्षीय पुत्र आजम पड़ोस की दुकान पर कुछ सामान खरीदने गया था। किसी बात को लेकर विपक्षी अदनान उससे मारपीट करने लगा। उसकी आवाज सुनकर उसका छोटा पुत्र दानिश भाई को बचाने गया तो विपक्षी ने उसे भी मारा पीटा। मारपीट में उसके दोनों पुत्र घायल हुए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने घटना की जांच कर रही है।

रिक्शा चालक ने लगाया फायर करने का आरोप

शाहाबाद, हरदोई। कोतवाली के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी रिक्शा चालक ने दबंगों पर फायर करने का आरोप लगाया है। फायर मिस होने पर तमंचे की बट से पीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू की है। मोहल्ला खेड़ा बीबी जई निवासी इलियास पुत्र सिराज ने बताया वह रिक्शा चलाता है।आठ दिन पूर्व वासित नगर चौराहे पर फैसल पुत्र आबिद के जूते चप्पल के ठेले से पत्नी के लिए चप्पल लेकर गया था। चप्पलें टूटी हुई थी। तीन दिन बाद वह चप्पल वापस करने उसके ठेले पर गया तो विपक्षी ने चप्पल वापस न करते हुए उसी चप्पल से उसे मारा। मना करने पर गाली गलौज किया। दोपहर एक बजे वह रिक्शा लेकर अपने घर वापस जा रहा था। विपक्षी के ठेले के पास पहुंचने पर फैसल ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे मारा पीटा।

होली पर हुड़दंग किया तो पुलिस उड़ा देगी रंग

जिले को 6 जोन में बांटा गया, प्रत्येक जोन में सीओ व एसडीएम की ड्यूटी लगाई गई

हरदोई

अमृत विचार। होली को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने तैयारी पूरी कर ली है। रविवार से 72 घंटे का अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिले को 6 जोन में बांटा गया है। प्रत्येक जोन में सीओ व एसडीएम की ड्यूटी लगाई गई हैं। जबकि सेक्टर में इंस्पेक्टर व सेक्टर मजिस्ट्रेट रहेंगे। इसके अलावा 4 क्यूआरटी दस्ते तैयार किए गए हैं। जिले के लिए डेढ़ प्लाटून पीएसी भी आ चुकी है। जो शहर में रहेगी। एसपी केशवचन्द गोस्वामी का साफ कहना है कि खुराफात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इन सबके बीच शनिवार को पूरे जिले में पुलिस फोर्स के साथ शहर में रूट मार्च किया।

होली पर पूरे जिले में 3675 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। इस बार रमजान के महीने में होली है। खुराफाती माहौल न बिगाड़ने पाएं, इसके लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। जिले में 26 थानों की पुलिस के अलावा पुलिस लाइन के सभी पुलिसकर्मियी की ड्यूटी लगाई गई है कोतवाली शहर, शाहबाद, बिलग्राम और संडीला में क्यूआरटी टीम तैनात की गई है इसके साथ ही समस्त होलिका दहन स्थलों पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स भी लगाया गया है। थाना और चौकी प्रभारी लगातार गश्त पर रहेंगे। मोबाइल टीमें भी बनाई गई हैं। जो गलियों में भ्रमण कर हालात पर नजर रखेंगी। होलिका दहन के दिन ही रमजान के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी रहेगी।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के साथ तैनात रहेंगे पीएसी के जवान

होली पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए शहर के सभी थानों को अतिरिक्त फोर्स मुहैया कराई गई है। जिले के सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहेंगे। किसी भी आपात परिस्थिति के लिए क्यूआरटी भी बनाई गई हैं जोकि तुरंत मौके पर पहुंचेगी। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह के मुताबिक शांति भंग करने वाले लोगों के लिए क्यूआरटी टीम बनाई गई है। इसके अलावा रिजर्व फोर्स को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। फिर भी अगर आपके क्षेत्र में अगर किसी तरीके की अनहोनी वारदात होती है तो इसके लिए आप पुलिस की तरफ से जारी किए गए नम्बरों पर फोन करके सूचना दे सकते हैं। त्योहार शांत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील के साथ उन्होंने माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

होली पर जिले में इतनी फोर्स होगी तैनात

होली पर एक एसपी, दो एएसपी के अलावा 8 सीओ, 33 इंस्पेक्टर, 159 दरोगा, 900 एचसीपी/सिपाही, महिला कांस्टेबल 115, डेढ़ प्लाटून पीएसी भी सुरक्षा में तैनात रहेगी। पुलिस लाइन के अतिरिक्त फोर्स में 50 आरक्षी भी त्योहार को लेकर जिम्मेदारी संभालेंगे। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने बताया कि पूरे जिले में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। संवेदनशील इलाकों में मिश्रित आबादी वाले इलाकों को रखा गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट पर रहेगा। इसके लिए एसपी केशवचन्द गोस्वामी की ओर से सीएमओ को पत्र लिखा गया है। त्योहार के दौरान एक सिपाही सीएचसी स्तर पर तैनात रहेगा। हादसा होने की स्थिति में सिपाही घायल का सहयोग करेगा। त्योहारों को सौहार्द के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस की ड्यूटी लगा दी गई है। मिश्रित आबादी पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। खुराफात करने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

तरह-तरह की गुझिया बनी आकर्षण का केंद्र

हरदोई, अमृत विचार। होली के त्योहार पर गुझिया खाने के शौकीन हैं तो नगर की दुकान पर कई प्रकार की स्वादिष्ट गुझिया देखने को और खाने को मिल जायेंगी। शहर के एक नघेटा रोड स्थित दुकान पर अब होली का त्यौहार है तो ऐसे में कई गुझिया की भी वैरायटी उपलब्ध है। हालांकि इसके दम जरूर थोड़ा ज्यादा होंगे, लेकिन यकीन मानिए स्वाद के साथ-साथ सेहत का भी इस गुझिया के निर्माण में खास ख्याल रखा गया है। दुकान स्वामी ने बताया कि इस बार होली पर ग्राहकों के लिए सोने की गुझिया बनाई गई है। इस गुझिया में लोगों की सेहत का विशेष ध्यान रखा गया है। गुझिया के निर्माण में मैदा का प्रयोग नहीं किया गया है। सोने की गुझिया में खोये के स्थान पर ड्राई फ्रूट्स का प्रयोग किया गया है वहीं मैदा के स्थान पर काजू का प्रयोग किया गया है। इस गुझिया में सोने की बरक को लगाया गया है।

खामियों का खौफ दिखा कर शिक्षक से लिए रुपए

हरदोई। ज़रा-ज़रा सी खामियों का हौव्वा दिखा कर परिषदीय स्कूलों के शिक्षको से रिश्वत वसूल करने का खेल किस तरह बेखौफ हो कर खेला जा रहा है,ऐसा एक ताज़ा मामला सामने आया है। पिहानी ब्लाक के संविलियन स्कूल जाजूपारा में बीडीओ के निरीक्षण के दौरान कुछ खामियां नज़र आई। जिस पर एडीओ (कृषि) ने उन्ही खामियों का हौव्वा दिखाते हुए बीडीओ के नाम पर 20 हज़ार रुपये वसूल कर लिए। लेकिन इस बारे में बीडीओ से पूछा गया तो उन्होंने साफ-साफ कह दिया कि इस बारे में उन्हे कुछ भी नहीं पता,लेकिन जो हुआ वह सरासर गलत है। पिहानी के बीडीओ मनोज सिंह ने 23 फरवरी और उसके बाद 18 मार्च को ब्लाक के संविलियन स्कूल जाजूपारा का निरीक्षण किया था। उस दौरान वहां कुछ खामियां नज़र आने पर वे काफी लाल हुए और उसके बाद चले गए। बाद में एडीओ (कृषि) सिद्धार्थ मिश्रा ने वहां के शिक्षक महेश यादव से कहा कि उनके स्कूल में बहुत गड़बड़ी है,साहब (बीडीओ) काफी नाराज़ है और ऐसे नहीं मानेगें, फिर कैसे मानेगें ? इस पर एडीओ (कृषि) सिद्धार्थ मिश्रा ने 20 हज़ार की बात कहते हुए रुपये ऐंठ भी लिए।

होली के उत्साह में महंगाई का असर फीका, खूब हुई खरीदारी

हरदोई

अमृत विचार। त्योहारों का महत्व ही अलग होता है। भीषण महंगाई के बावजूद त्योहार को लेकर लोग कितने उत्साहित हैं, इसका नजारा बाजारों में देखा जा सकता है। बाजार खाने-पीने की चीजों से भरा हुआ है। रंग गुलाल की दुकानों पर एक से एक महंगी पिचकारियां बिक रही हैं। महंगाई के बावजूद खरीददारों का हुजूम कम नहीं हो रहा है। नगर के बड़ा चौराहा, पिहानी चुंगी, रेलवेगंज सहित कई जगहों पर बाजार की भारी भीड़ के चलते जाम की स्थिति शनिवार को बनी रही।

बदलते समय में जहां लोग अत्यधिक व्यस्त हो गए हैं। महंगाई चरम सीमा पर है। फिर भी लोगों का उत्साह त्योहारों के प्रति कम नहीं है। होली की धूम शनिवार को गांव से लेकर शहर तक दिखाई दी। बाजारों में खाने-पीने की दुकानों पर तरह-तरह के पकवान बिक रहे थे। खरीददारों की इतनी जबर्दस्त भीड़ थी कि नगर के छोटा चौराहा, बड़ा चौराहा, सिनेमा रोड, रेलवेगंज सहित कई स्थानों पर दिन में कई बार जाम की स्थिति बनी रही। महंगाई के बावजूद लोग त्योहार पर जमकर खरीददारी कर रहे हैं। खाने-पीने के अलावा कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहकों की संख्या कम नहीं है। रेडीमेड कपड़ों के चलन की वजह से अब कपड़ा सिलने वालों की दुकानों पर उतनी भीड़ नहीं होती है, लेकिन रेडीमेड के शोरूम ग्राहकों से भरे दिखाई दिए। नगर में अब कई शापिंग माल भी स्थापित हैं, इनमें भी त्योहार की खरीददारी करने वालों की संख्या कम न थी। जूते-चप्पल की खरीददारी भी त्योहार पर जमकर हुई। शनिवार को स्थिति यह हुई कि मनचाही डिजाइन और रंग पाने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। ग्राहकों की बढ़ती संख्या देख दुकानदारों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था भी की।

घर पहुंचने के लिए बस अड्डा व रेलवे स्टेशन पर परेशान दिखे लोग

हरदोई। होली का त्योहार अपनों के साथ अपने घर आंगन में मनाने के लिए तमाम लोग कार्य स्थलों से घर की ओर से रवाना हुए, जिसके चलते रोडवेज बस अड्डा सहित रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ अन्य दिनों की अपेक्षा दिखाई। गौरतलब हो कि बदले समय में हजारों लोग रोजी रोटी के लिए अपने घरों से दूर रहकर काम करते हैं, लेकिन त्योहार पर अपनों से मिलने के उत्साह में लोगों को भले ही एक दिन की छुट्टी मिले वह अपने घर जरूर पहुंचते हैं। अपनों से मिलने के लिए उन्हें तमाम दिक्कतें भी उठानी पड़ती है। बसों की सीमित संख्या होने के कारण भारी भीड़ में जैसे-तैसे यात्रा कर लोग गंतव्य तक पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर भी अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ दिखाई दी। ट्रेनों में आरक्षण पहले से ही फुल है, लेकिन जनरल टिकट पर अपने घर पहुंचने वालों की संख्या बहुतायत रही। त्योहार के चलते लोगों को आवागमन में तमाम असुविधाएं उठानी पड़ी, लेकिन त्योहारों पर अपनों के मिलन की अनुभूति के आगे यह दिक्कतें कुछ भी नहीं लग रही थीं।

शनिवार को पीस कमेटी की बैठक करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी। अमृत विचार

मिल-जुलकर मनाएं होली का पर्व

हरदोई

अमृत विचार। त्योहार को देखते हुए शनिवार को पुलिस लाइन में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि बिजली के जर्ज़र तारों को बदला जाये। टेढ़े बिजली के खम्भे सीधे किये जाएं। सभी लोग मिल जुल कर त्यौहार मनाएं। होली का त्योहार मानते समय आदर्श आचार संहिता का ध्यान अवश्य रखें।

कहा कि सभी लोग अपने मोबाईल पर सी विजिल ऐप डाऊनलोड कर लें। इस ऐप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते हैं। सभी मतदाताओं के घर तक 5 दिन पहले तक मतदाता पर्ची पहुंचा दी जाएगी। जनपद में युवाओं, महिलाओं व दिव्यांगों को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। वोट देना हमारा अधिकार भी है और कर्तव्य भी। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सभी लोग अमन चैन के साथ त्योहार मनाएं। पुलिस के जवान निरंतर गश्त पर रहें। धार्मिक गुरुओं ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व विभिन्न क्षेत्रों से आये धर्मगुरु उपस्थित रहे।

स्कूलों में छात्र-छात्राओं ने खेली होली

हरदोई

रंग बिरंगे बच्चे व उनकी शिक्षिकाएं। अमृत विचार

अमृत विचार। शनिवार को विद्यालयों व कार्यालयों में अवकाश के बाद होली का खुमार दिखाई पड़ा। स्कूलों में बच्चों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर त्योहार का उत्साह दिखाया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ रंग गुलाल खेलकर त्योहार का आनंद लिया। कई विद्यालयों के बच्चे छुट्टियां के बाद रंग गुलाल से रंगे होने के कारण उनके परिजन उन्हें पहचान नहीं पा रहे थे। कार्यदिवस के अंतिम दिन जगह-जगह होली का खुमार देखने को मिला।

उधर माधौगंज विकास खण्ड के गांव पिपरावां में स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पिचकारी, गुलाल रंग, खिलौना स्टेशनरी आदि वितरण किए गए हैं। गांव के समाजसेवी विवेक पटेल दीपू ने बताया कि विद्यालय के पढ़ने आने वाले बच्चों की पढ़ाई में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका प्रसूनलता, सहायक अध्यापिका रश्मी सिंह, उषा देवी शिक्षामित्र आंगनबाड़ी साहयिका व ग्रामीण क्षेत्र पंचायत सदस्य आशुतोष पटेल, रजनीश पटेल नितिश कुमार, अजीत आदि लोग मौजूद रहे हैं।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989

मेडिसिन विभाग :- सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

सर्जरी विभाग :- पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :- बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

बाल रोग विभाग :- बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

कैंसर विभाग :- स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

नेत्र रोग विभाग :- काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आथ्रेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

हड्डी रोग विभाग :- स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

मानसिक रोग विभाग :- उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

चर्म रोग विभाग :- सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

नाक कान एवं गला रोग विभाग :- कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

छाती व श्वास रोग :- छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

डायलिसिस विभाग :- डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

ब्लड बैंक: - ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

डेंटल विभाग :- समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

न्यूरो सर्जरी विभाग - सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

प्लास्टिक सर्जरी विभाग - जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

स्किन विभाग - लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

13वां रोजा

सहरी : 06 .23 बजे, रविवार

इफ्तार : 04 .50 बजे, सोमवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

एक नजर

प्रभारी निरीक्षक के हस्तक्षेप के बाद निपटा होली विवाद

शाहाबाद, हरदोई। क्षेत्र के पाली पर सहोरा गांव में पिछले दो वर्षों से चल रहा होली का विवाद आखिर प्रभारी निरीक्षक के हस्तक्षेप के बाद सुलझाया गया।

क्षेत्र के ग्राम सहोरा में पिछले दो वर्षों से होली जलाने को लेकर भूमि विवाद चल रहा था। आपको बता दें जिस स्थान पर होलिका दहन किया जाता था। दो वर्ष पूर्व सड़क निर्माण के बाद से होलिका दहन का स्थान बदलने के कारण विवाद शुरू हुआ।पिछले वर्ष प्रशासन और पुलिस ने मौका मुआयना कर होलिका दहन पूर्व स्थान से थोड़ा हटकर होलिका दहन करवाया। प्रशासन ने मामला शांत होते देखकर सड़क के किनारे होली लगाने की अनुमति दे दी। जिससे रामसागर कनौजिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य और उनके समर्थकों तथा बिरादरी के लोगों ने पिछले वर्ष होलिका दहन में भाग नहीं लिया। लेकिन इस बार विपक्षी सड़क की जमीन पर भी होली जलाने से मना कर रहे हैं जिससे रामसागर कनौजिया सहित गांव के अधिकांश लोग काफी नाराज हुए और उन्होंने ऐलान किया है कि वह पिछले दो बरस से होली नहीं मना रहे हैं। इस वर्ष भी वह लोग होली नहीं मना सकेंगे। विवाद का संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक राजदेव मिश्रा ने समझौता कराया।

प्रशिक्षण में चाय-नाश्ते का खेल जल्द होगा खत्म

हरदोई

एक्सक्लूसिव

अनियमितता की शिकायतों के बाद शिक्षकों के खाते में सरकार भेजेगी डीए का पैसा

अमृत विचार। नाश्ते में चाय के साथ समोसा और खाने में पूड़ी के साथ आलू की सब्ज़ी देकर प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षकों की आड़ में खेला जाने वाला खेल अब खत्म हो जाएगा। क्यों कि सरकार ने डीए का पैसा सीधे शिक्षकों के बैंक खाते में भेजने का फैसला लिया है और उसी लिए शिक्षकों की वेंडर आईडी ली जा रही है।

बताते चलें कि सरकार परिषदीय स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए उन्हे प्रशिक्षण देने के लिए काफी पैसा खर्च करती है। बीआरसी पर होने वाले उन प्रशिक्षणो में शामिल होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिए जाने वाले नाश्ते और खाने के लिए बीआरसी के हाथों सारा पैसा खर्च होता था। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले शिक्षक और शिक्षिकाओं को नाश्ते में एक समोसा व चाय दी जाती है और खाने में पूड़ी-सब्ज़ी होती है,कभी-कभार सलाद के नाम पर हरी मिर्ची और मीठें में लड्डू या पेड़ा होता है। लेकिन अब सरकार ने तय किया है कि प्रशिक्षण में शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए चाय-नाश्ते और खाने पर खर्च होने वाले पैसे को डीए की शक्ल में सीधे उनके खाते में भेजा जाएगा।

माना जा रहा है कि शिक्षको के प्रशिक्षण के नाम पर किए जा रहे खेल को खत्म करने के लिए सरकार ने ऐसा फैसला लिया। बीईओ की तरफ से शिक्षकों को जल्द से जल्द वेंडर आईडी बनवा कर उसे बीआरसी पर भेजने के निर्देश दिए गए है। ऐसा होने के बाद प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक के खाते में एक दिन के 170 रुपये भेजे जाएंगें।

बीआरसी के हिस्से में आएगा स्टेशनरी का पैसा

बीआरसी पर होने वाले प्रशिक्षण के दौरान एक शिक्षक के लिए स्टेशनरी के लिए अलग से 50 रुपये खर्च होंगे। बीआरसी को प्रशिक्षण में फाइल,पेन और पैड के लिए एक शिक्षक पर 50 रुपये दिए जाएगे। मसलन 50 शिक्षक या शिक्षिका प्रशिक्षण में शामिल हैं, उनके लिए स्टेशनरी खरीदने के लिए बीआरसी को ढाई हजार रुपये दिए जाएंगे।

बकाएदार हैं कई बीआरसी

बीआरसी में प्रशिक्षण में शामिल होने वाले शिक्षको के लिए चाय-नाश्ते और खाने के लिए वहीं के किसी होटल वाले से बात तय कर ली जाती थी और पर हेड के हिसाब से पैसे तय हो जाती थी,बाद में भुगतान करने,फिर भुगतान में होने वाली देरी को सरकारी भुगतान कह कर टरका दिया जाता था। अभी भी कई बीआरसी है,जिनके ऊपर आज भी होटल वालो का लाखों रुपया बकाया है।

सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती

हरदोई

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के जनक प्रख्यात समाजवादी नेता डॉ. राम मनोहर लोहिया की 114वी जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में मनाई गई।

जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ डॉक्टर लोहिया की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन एवम वंदन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉक्टर लोहिया समाजवाद के पिता मह थे उनकी सादगी और समाजवाद के प्रति उनका समर्पण ही आज समाजवाद की सच्ची मिसाल के रूप में जाना जाता है उनकी सप्त क्रांति आज भी कार्यकर्ताओं के लिए संघर्ष को प्रेरित करती है। आज शहीद भगत सिंह, शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनकी कुर्बानी को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी, सपा जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, राम ज्ञान गुप्ता, विमल मिश्रा, व अवनीश राजपूत मौजूद रहे।

निजी बस की टक्कर से गार्ड की मौत

इयूटी खत्म कर घर लौटते समय लालपुर के पास हादसे का हुआ शिकार

हरदोई।

अमृत विचार। जल जीवन मिशन के गोदाम का सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी करने के बाद साइकिल से वापस घर लौट रहा था,उसी बीच बेनीगंज कोतवाली के लालपुर के पास एक निजी बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी,टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि सिक्योरिटी गार्ड उछल कर करीब 6 मीटर दूर जा गिरा और बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे कोथावां सीएचसी पहुंचाया जा रहा था,लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई।पुलिस ने बस को कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच शुरु कर दी है।

बताया गया है कि बेनीगंज कोतवाली के धरौली गांव निवासी 50 वर्षीय राजकुमार पुत्र गजोधर प्रसाद उसी कोतवाली के अटिया गांव में जल जीवन मिशन की गोदाम में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था।उसके दो दो बेटे और दो बेटियां हैं। जैसा कि राजकुमार के बड़े बेटे अवनीश ने बताया की रोज़ की तरह उसके पिता शुक्रवार को ड्यूटी करने के बाद शाम को साइकिल से घर वापस रहे थे। उसी बीच रास्ते में लालपुर के पास तेज़ रफ्तार में आ रही निजी बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि सिक्योरिटी गार्ड सड़क से उछलकर करीब 6 मीटर दूर जा गिरा ।जिससे उनके सिर में काफी गहरी चोंट पहुंची।कुछ राहगीरों ने उसे ज़ख्मी पड़ा देख कर पुलिस को सूचना दी। इसका पता होने के बाद वहा. पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस-108 से उसे इलाज के लिए आनन-फानन में सीएचसी पहुंचाया,लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। इस बारे में पुलिस का कहना है कि निजी बस को कब्ज़े में ले लिया गया है। हिदसे की जांच की जा रही है।

समय रहते इलाज मिलता तो बच सकती थी जान

निजी बस की टक्कर लगने से उछल कर दूर गिरा सिक्योरिटी गार्ड काफी देर तक ज़ख्मी हालत में ज़मीन पर पड़ा तड़पता रहा, लोग निकलते रहे, उस पर किसी की नज़र नहीं गई,उसके बाद एक बुज़ुर्ग ने उसे देखा और दूसरों को भी आवाज़ दी। उसके बाद वहां पुलिस पहुंची। कहा जा रहा है कि ज़ख्मी हालत में अगर और पहले उसे देख लिया जाता,तो शायद उसकी सिक्योरिटी की कुछ उम्मीद जाग सकती थी।

निपुण बच्चों के साथ जिलाधिकारी, सीडीओ व अन्य। अमृत विचार

शिक्षकों की मेहनत से प्रतिभावान बन रहे बच्चे : डीएम

हरदोई, अमृत विचार। गांधी भवन सभागार में निपुण भारत के तहत पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर आधारित प्रयासों से जन समुदाय को जागरूक करने हेतु जनपद स्तर पर हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उन संकुल प्रभारियों को भी सम्मानित किया गया। जिनके तहत सबसे अधिक विद्यालय निपुण बने हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाडी कार्यक्रत्रियों को सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय फिरोजापुर की एक बच्ची ने कविता सुनाकर सभी को मुग्ध कर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को निखारने का प्रयास करते हैं। उनकी मेहनत से ही प्रतिभावान बच्चों की पौध तैयार हो रही है। सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

परिणाम देख खिले बच्चों के चेहरे

हरदोई

कार्यक्रम में पुरस्कृत किए गए बच्चे। अमृत विचार

अमृत विचार। साल भर की मेहनत व लगन का परिणाम जब नन्हे -मुन्ने बच्चों को उनके अभिभावकों के सामने रिजल्ट कार्ड पुरस्कार के रूप में मिला तो बच्चों के साथ उनके अभिभावकों के चेहरे भी खिल उठे।

विद्यालय संस्थापक अखिलेश सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान भी होना चाहिए। विद्यालय संस्थापक अखिलेश सिंह ने बच्चे पूरे वर्ष शत- प्रतिशत उपस्थित रहने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। एक्स्ट्रा एक्टिविटीज में अव्वल रहे बच्चों को भी बधाई देते हुए पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि सभी अभिभावक अपने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति व एक्स्ट्रा एक्टिविटीज में सहयोग करें। शत - प्रतिशत उपस्थिति के लिए नित्या गुप्ता, अथर्व गुप्ता, अंश गुप्ता, अंश व एक्स्ट्रा एक्टिविटीज में बढ़कर भाग लेने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

सरकारी भूमि से कब्जा नहीं छोड़ रहा दबंग

शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम आगमपुर में जिला पंचायत की सरकारी भूमि की नीलामी के बाद भी नीलामी लेने वाले व्यक्ति को उक्त भूमि का कब्जा नहीं मिल सका। पीड़ित अधिकारियों की ड्योढ़ी पर न्याय की गुहार लगाता घूम रहा है।

प्रदेश सरकार द्वारा लगातार भूमाफियाओं से भूमि खाली कराने और उन पर सख्त कार्यवाही करने के आदेश जारी किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर इसके विपरित सैकड़ों स्थानों पर अभी भी सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे बरकरार हैं। इसकी एक बानगी हर तहसील दिवस में आने वाले राजस्व के प्रार्थना पत्रों की संख्या से देखी जा सकती है। इसी तरह का एक मामला क्षेत्र के ग्राम आगमपुर में प्राइमरी स्कूल के बगल में गाटा संख्या 582 जिला पंचायत की भूमि है। नीलामी में उक्त भूमि अपर मुख्य अधिकारी द्वारा 20/11/23 को गांव के राकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश के नाम की गई। जिसका शुल्क जमाकर रसीद दी गई।लेकिन मौके पर भूमि भईया लाल पुत्र कोमिल ने आठ वर्ष से नाजायज कब्जा कर रखा है। 16 मार्च को पीड़ित की शिकायत पर हल्का लेखपाल और कानूनगो ने भूमि की नाप की और विपक्षी से कब्जा छोड़ने को कहा। 20 मार्च को विपक्षी उक्त भूमि पर सरसों की फसल काट रहा था। उसने मना किया तो विपक्षी ने उसे गाली गलौज किया और मारने पर उतारू हो गया।

मल्लावां नगर पालिका की सड़कें खस्ताहाल, नहीं कोई पुरसाहाल

मल्लावां, हरदोई। नगर पालिका की सड़कों की बदहाल हालत नागरिकों के लिए अभिशाप साबित हो रही है। न तो अधिशासी अधिकारी सुनवाई कर रहे हैं और न ही चेयरमैन का ध्यान इस ओर जाता दिखाई दे रहा है। हांलाकि चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज ने कहा बजट के हिसाब से सड़कों को दुरूस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनसेवा के प्रति वे प्रतिबद्ध हैं और विकास की राह में कोई भी रोड़ा नहीं आने देने देंगे। मल्लावां नगर पालिका वीआईपी क्षेत्र होते हुए भी विकास के मामले में अति पिछड़ा साबित हो रहा है। चौराहे से लेकर दरगाह तक तथा चुर्गी नं 2 से बंदीपुर आदि कई सड़कें नागरिकों के लिए बदहाली का आलम बनी हुई हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम ने इस बारे में बताया कि बजट के हिसाब से सारा काम कराया जा रहा है। कहा कि मल्लावां नगर के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगें ये उनकी प्रतिबद्धता है। कहा जनता का साथ ही उनका विश्वास है।

पिस्टल चोरी करने का आरोपी कांस्टेबल गिरफ्तार

हरदोई

पुलिस क्लब में रखे एसआई के बक्से का ताला तोड़ कर की थी चोरी

सरकारी रिवाल्वर चुराने का आरोपी।

अमृत विचार। पुलिस क्लब के बैरक में रखे बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखी सरकारी पिस्टल और उसके 10 कारतूस चोरी करने के बाद भागा-भागा घूम रहा कांस्टेबिल आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। कोतवाली शहर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके किराए के मकान से चोरी की पिस्टल,10 कारतूस और होलिस्टर बरामद कर लिया है।

बताते चलें कि यूपी-112 में तैनात एसआई जोगेंद्र सिंह ने 9 मार्च को कोतवाली शहर में दी तहरीर में कहा था कि वह पुलिस क्लब के बैरक में रहता था। 5 मार्च को वह तीन दिन की सीएल पर चला गया,उसने अपनी पिस्टल (9एमएम) वहीं बक्से में रख कर उसमें ताला लगा दिया। लेकिन जब वापस लौटा तो उसके बक्से का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखी पिस्टल व कारतूस गायब थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जो छानबीन शुरु की,उसमें पिस्टल चोरी करने में यूपी-112 पीआरवी 2714 में तैनात कांस्टेबिल राहुल गौतम का शामिल होना पाया गया,उसी बिना पर पुलिस ने कांस्टेबिल राहुल गौतम की तलाश की तो पता चला कि वह कहीं फरार है। कोतवाली शहर पुलिस ने कांस्टेबिल राहुल गौतम को पूछताछ के लिए तलब किया,पूछताछ में कांस्टेबिल राहुल ने कुबूला कि उसी ने पिस्टल चोरी की। जिस पर पुलिस ने सिविल लाइन में उसके किराए के मकान से बेड के कार्नर वाली रैक से चोरी की गई पिस्टल और साथ में 10 कारतूस व होलिस्टर भी बरामद किया है। पुलिस ने कांस्टेबिल राहुल गौतम निवासी कच्ची मढैया बहजोई देहात सम्भल को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

एसआई को पहले ही कर दिया गया था निलंबित

एसपी ने सरकारी पिस्टल के रख-रखाब में लापरवाही बरतने वाले एसआई जोगेंद्र सिंह को पहले ही निलंबित कर दिया था। एसपी के निर्देश पर पुलिस की कई टीमें चोरी गई पिस्टल और उसे चोरी करने वाले को तलाशती घूम रहीं थी।

राहुल ने लगाया था वसूली करने का आरोप

पिस्टल चोरी करने के मामले में पकड़े गए कांस्टेबिल राहुल गौतम ने महकमें पर वसूली करने का आरोप लगाते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। कुछ लोगों का कहना है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि आरोप लगा कर महकमें की जग हंसाई कराने वाले कांस्टेबिल को सबक सिखाया गया। इसके अलावा और भी तमाम तरह की बातें हो रहीं है।

वर्ग पहेली-19

बाएं से दाएं

1.1. डुगडुगी 2. डंका, नगाड़ा 3. ढोल 4. किसी काम में हाथ डालना या लगाना 5. क्षति या हानि पहुंचाना 6. हिंसा।

4.1. जनता, जनसमूह 2. समाज में रहने वाले बहुसंख्यक लोग।

6. ठेलने की क्रिया या भाव।

9.1. पानी या किसी तरल पदार्थ को गिराना, उड़ेलना 2. किसी पिघली हुई धातु को सांचे में ढालकर कोई आकार देना

10.1. फ़ौज से संबद्ध, लशकर संबंधी 2. सेना या लशकर में कार्यरत 3. जलयान पर काम करने वाले।

ऊपर से नीचे

1.1. ऋण या कर्ज़ चुकाने की क्रिया या भाव 2. पाटने की क्रिया या भाव।

2.1. भुजबल, शारीरिक बल 2. पराक्रम, वीरता।

3.1. भौंरे की गुंजन या आवाज़ 2. मंद ध्वनि, भनभनाहट।

5. किसी दल या पार्टी का मुखिया।

7. वह स्थान जहां सशुल्क ठहरने की व्यवस्था होती है

8.1. पेड़-पौधे आदि में फूल लगना या आना 2. कली का विकसित होना



वर्ग पहेली -18 का हल

1 अ	मि	ति		2 झ		3 ओ
व			4 ख	ड़	ख	ड़
न		5 वै	ग	न		चा
त			वा		6 अं	
	7 पि	प	र	मिं	ट	
	धा				शं	
8 ऐ	न		9 द	प	ट	ना

सुडोकू-98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3		9			2			1
7			5		9			
8		5		6				
		1			8		5	4
5	9			4		8		7
				5		2		
			8		6			3
4						9		

सुडोकू -97 का हल

3	1	9	7	5	2	6	8	4
5	4	2	8	6	9	7	1	3
7	6	8	3	4	1	5	9	2
1	5	3	6	9	8	2	4	7
6	9	7	1	2	4	8	3	5
8	2	4	5	7	3	1	6	9
4	7	5	9	1	6	3	2	8
9	3	1	2	8	7	4	5	6
2	8	6	4	3	5	9	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मार्च,रविवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 09 .54 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- छोटी होली,होलिका दहन।

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 07 .34 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

मेष आज किसी अच्छे और जन-कल्याण के कारण स्वयं पर गर्व की अनुभूति भी होगी। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आपका मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंधों में विवाद होने की आशंका है। गैस और जलन के कारण आपको समस्या हो सकती है।

वृष आज प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण आपकी निद्रा खराब हो सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय होने का प्रयास करेंगे।

मिथुन आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से आपको प्रसन्नता होगी। दोस्त की मदद से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा।

कर्क आज लोगों के बीच अपनी छवि को लेकर थोड़े सतर्क रहेंगे। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। पुराने ऋणों के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

सिंह आज नई योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के मन में आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रहेगा। व्यवसाय में नए संबंध विकसित होने की संभावना बन रही है। विदेश यात्रा में परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

कन्या आज संतान के व्यवहार और स्वास्थ्य को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा और बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय बर्बाद न करें। किसी आर्थिक योजना में धन निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जानकारी ले लें।

तुला आज प्रेमी आपके प्रति समर्पण भाव रखेगा। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शाम के समय आपका मन कुछ खिन्न रहेगा। व्यवसाय में अचानक धन लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बच्चों की प्रतिक्रिया और विचारों का सम्मान करें।

वृश्चिक आज अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी सक्रिय रहेंगे।

धनु आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में न लें। घर में क्लेश होने की आशंका है। आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

मकर आज मानसिक अशांति और अवसाद जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। साझेदारी वाले काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में आपको जटिल काम सौंपे जाने की संभावना है।

कुंभ आज धन से जुड़े मामलों में उधारी से आपको बचना चाहिए। शाम को आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने में सफलता मिल सकती है। आपकी सामाजिक लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

मीन आज संपत्ति विवाद उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में शंका और वहम की जड़े न पड़ने दें। आपका कोई काम लोगों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम
दोपहर : 12 .01
हिन्दुस्तान
रात : 08 .18

SONY MAX
तारा वर्सेज बिलाल
दोपहर : 01 .24
एनिमल
रात : 10 .00

SONY PIX
300 (2006)
सुबह : 10 .20
बुलेट ट्रेन
रात : 08 .50

ZEE CINEMA
गदर 2
सुबह : 11 .15
फटा पोस्टर निकला हीरो
रात : 08 .30

colors CINEPLEX
ओम शांति ओम
सुबह : 10 .53
सीता राम
रात : 08 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह : 11 .15 बजे

जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।

पप्पू (लड़की को प्रोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी

लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।

पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।

पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।

डॉक्टर-सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

एक नजर

गांजे के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

तालगांव/सीतापुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पुलिस ने एक महिला गोड़िया कुमारी पत्नी धम्मन उर्फ जय सिंह निवासी गूरेपारा को एक किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि यह महिला कई वर्षों से गांजे का व्यापार कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर ग्राम परसेंडी की पुलिया के पास से चेकिंग के दौरान पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया पकड़ी गई महिला को संबंधित धाराओं में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

निरीक्षण करने पहुंचीं महिला ब्लॉक प्रमुख से अभद्रता

कमलापुर। कसमंडा ब्लॉक प्रमुख मुन्नी देवी कमलापुर पुलिस को तहरीर देकर अगवत कराया कि उनके गांव झरसौवा मजरा कोकनामऊ में क्षेत्र पंचायत निधि की तरफ से काम करवाया जा रहा है। आरोप है कि वह शुक्रवार को पंचायत निधि से हो रनिर निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करने पहुंची थी। इस दौरान गांव के ही राम गुप्ता पुत्र जगन्नाथ ब्लॉक प्रमुख को देखकर गाली गलोच करते हुए मारमे के दौड़े। आरोप है कि युवक ने उन्हें जातिसूचक शब्दों से भी नवाजा। कार्यस्थल से बचकर घर पहुंची ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक कृष्ण बलि सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

साढ़े तीन लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली इलाके में पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त रंजीत वर्मा पुत्र हरिप्रसाद निवासी ग्राम शादीपुर थाना महमूदाबाद सीतापुर को शादीपुर को स्मैक के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 260 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये आंकी गयी है। बताया जाता है कि अभियुक्त रंजीत वर्मा शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अपराधी है जिसके विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, नकबजनी, हत्या का प्रयास, धोखाधड़ी, अवैध मादक द्रव्य, अवैध शस्त्र आदि आपराधिक कृत्यों में एक दर्जन से अधिक अभियोग जनपद सीतापुर के विभिन्न थानो व जनपद बाराबंकी में पंजीकृत हैं। पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

छात्र-छात्राओं ने खेली फूलों की होली

सीतापुर। आरपी चिल्ड्रेन्स हाईस्कूल द्वारा होली के अवसर पर विद्यालय परिसर मे रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें अंशिका, अमान्या, आध्या, दिव्यांसी, अनिका, इशा, सृष्टि श्रीवास्तव, प्रियांशी, स्वाति, अनीता, इशिका, आरूनी, वैभवी, तान्या, अश्वती, प्रतिमा, सृष्टी पाण्डेय, सालवी, सृष्टि वर्मा आदि छात्राओं ने राधा कृष्ण का रूप धारण कर फूलों की होली खेलते हुए नृत्य किया। वहीं छात्र शुभ, जयदीप, शिवांश, शौर्य, आयुष, उत्कर्ष, अमिताभ ने रंगों से भरी हांडी फोड़ कार्यक्रम मे चार चाँद लगा दिये। कार्यक्रम के अंत मे प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि में शिव बालक त्रिवेदी, आकाश राय, सचिन त्रिपाठी, विजय शुक्ला, आरती त्रिपाठी, ज्योति पाण्डेय, अरुणा सक्सेना, मिथलेश गुप्ता, अंजनी वैश्य, रुचि जौहरी, प्रियंका तिवारी, दिव्यांशी यादव, अर्चना शुक्ला, मुस्कान बाजपेयी, राधिका श्रीवास्तव, रिचा पाल, काजल शुक्ला, अलका शुक्ला, आरिश आदि उपस्थित रहे।

बांके बिहारी लाल मंदिर में खेली गई फूलों व गुलाल की होली

कार्यालय संवाददाता, महमूदाबाद

हर्षोल्लास

- संकटा देवी धाम में विराजमान बांके बिहारी मंदिर में आरती के साथ रहा मनोहारी दृश्य

अमृत विचार। उड़त गुलाल लाल भयो बदरा, जी हां कुछ ऐसा ही दृश्य शुक्रवार को संध्या आरती के बाद मां संकटा देवी धाम में देखने को मिला। फाल्गुन महोत्सव के तहत मां संकटा देवी धाम परिसर में बने श्री बांके बिहारी मंदिर में शुक्रवार की सायं भजन संध्या के साथ में फूल, इत्र व गुलाल की होली खेली गयी। श्री बांके बिहारी के परम भक्त मंदिर संस्थापक चंद्रकांत रस्तोगी कुंअर व उनके अनुज शशिकांत रस्तोगी के साथ परिजनों व श्री संकटा देवी धाम समिति के सहयोग से आयोजित भजन संध्या में सैकड़ो की संख्या में श्री बांके बिहारी के भक्त मौजूद रहे। महमूदाबाद में पहली बार होने वाले उक्त आयोजन को लेकर नगरवासियों में भारी उत्सुकता रही।

श्री संकटा देवी धाम में विराजमान श्री बांके बिहारी लाल मंदिर में भव्य मनोहारी फाल्गुन महोत्सव का आयोजन मंदिर के संस्थापक चंद्रकांत रस्तोगी परिवार द्वारा किया गया। धाम परिसर में सायं कालीन आरती के बाद भजन संध्या के दौरान श्री बांके बिहारी के जयकारों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा। मशहूर भजन गायक रंजीत रंगीला व उनके साथी कलाकार उपासना सिंह, रुद्र मिश्र ने देर रात तक श्याम प्रेमियों को आनंदित किया।कलाकारों ने अपने बेहतरीन भजनों की प्रस्तुतियों से सभी की तालियां बटोरी। 'श्री बांके बिहारी जी' के जयकारे पूरे कार्यक्रम भर लगते रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने गुलाल के साथ फूलों की होली खेली। विधि-विधान से पूजन अर्चन के बाद शुरू हुए फाल्गुन महोत्सव में श्री बांके बिहारी जी के दरबार में विधायक आशा मौर्या, मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी सहित समाजसेविका डॉ. एमणि मिश्रा, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, समाजसेवी कृष्ण कुमार गुप्त, सतीश गुप्त, आरजे वर्मा, त्रिलोकीनाथ मौर्य, चंद्रकांत रस्तोगी,

बांके बिहारी मंदिर में भजन संध्या के दौरान मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु व भजन गाते कलाकार। अमृत विचार

शशिकांत रस्तोगी, उर्मिला रस्तोगी, मुरारी लाल रस्तोगी, सोनम रस्तोगी, सोनी जायसवाल, मुकेश यज्ञसैनी, रजत अग्रवाल, रोहित जायसवाल, ओम प्रकाश पाण्डेय, किरन वाजपेयी, भोलानाथ तिवारी, विनोद पाण्डेय, आनंद पोरवाल, विवेक पोरवाल, सरोज शुक्ल, अजय सहित अन्य भक्तगण मौजूद रहे।

अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे उप निबंधक कार्यालय

सीतापुर, अमृत विचार। जिला निबन्धन/अपर जिलाधिकारी ने बताया कि महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वित्तीय वर्ष 2023-24 के समापन में अब मात्र 09 दिन अवशेष हैं। माह मार्च 2024 में दिनांक 29 व 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाश शुक्रवार व रविवार को भी जनपद के समस्त उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवसों की भांति खोले जायेंगे और रजिस्ट्री का कार्य सामान्य कार्य दिवसों की भांति होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान अधिक से अधिक संख्या में लम्बित विलेखों का पंजीयन कराया जाएगा। जिससे जनहित सहित राजस्व वृद्धि भी हो सके। जिला निबंधन ने बताया कि अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर उक्त दिवस में किसी भी अधिकारीध्कर्मचारी को अवकाश अनुमन्य नही होगा।

हरगांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से ट्रॉली सवार किशोर की मौत

सीतापुर-लखीमपुर मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, चालक फरार

संवाददाता, हरगांव/सीतापुर

अमृत विचार। थाना इलाके में सीतापुर लखीमपुर मार्ग पर त्रिमूर्ति फीलिंग स्टेशन के पास जा रहे मिनी ट्रैक्टर में जुड़े ट्राली में पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल किशोर को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव लेकर पहुंची। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर त्रिमूर्ति फीलिंग स्टेशन के पास गन्ना लेकर जा रहे मिनी ट्रैक्टर में पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने ट्राली में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर बैठे सेमरीभान निवासी वसीम खां का 15 वर्षीय पुत्र जीशान उछलकर सड़क पर गिरकर आइशर ट्रैक्टर के अगले पहिए के नीचे आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंची हरगांव पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरगांव में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे में शामिल आइशर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर फरार हुये चालक की तलाश कर रही है।

हादसे के बाद बीच सड़क पर क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

बाइकों की टक्कर में दो गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। लहरपुर-सीतापुर मार्ग पर नेशनल हॉस्पिटल के सामने दो बाइकों की टक्कर हो जाने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनकी हालत नाजुक देखते हुये उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

शनिवार की दोपहर लहरपुर-सीतापुर मार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें सीतापुर की तरफ आ रहे मोटरसाइकिल सवार सुरेंद्र पुत्र बैजू उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गौरी पुरवा मजरा लच्छन नगर व बालेश्वर पुत्र रामविलास उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बेहड़ा थाना हरगांव गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरा मोटरसाइकिल चालक मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस में पुलिस ने घायलों को लादकर नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने इलाज कर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मोटरसाइकिल सवारों ने हेलमेट भी नहीं पहन रखा था।

पुलिस कार्रवाई से क्षुब्ध महिला ने खाया विषाक्त पदार्थ

थानगांव/सीतापुर, अमृत विचार। थाना इलाके में यौन शोषण व जमीन हड़पने की शिकायत पर थाने में सुनवाई न होने से परेशान महिला ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया है। महिला को गम्भीर हालत में सीएचसी रेउसा में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला की हालात बिगड़ने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के खरेहटी मजरा ग्वारी गांव की रहने वाली 40 वर्षीय महिला ने शनिवार की दोपहर को विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थानगांव पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से पीड़िता को सीएचसी रेउसा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालत गम्भीर देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि पीड़ित महिला का पति बाहर रहकर मजदूरी करता है। महिला ने गांव के ही इंद्राज पुत्र झरखे पर जमीन देने का लालच देकर करीब 6 माह से यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने 20 मार्च को थानगांव थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। थाने से दौड़भाग करके जब वह महिला परेशान हो गयी तो व्यथित होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला अस्पताल में जिन्दगी और मौत से जंग लड़ रही है। प्रभारी निरीक्षक थानगांव हनुमत लाल तिवारी ने बताया कि महिला का मामला मेरे जानकारी में नहीं था। मामले की जानकारी मिली है जल्द ही जांचकर मामले में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सार-संक्षेप

जांच के लिए लैब भेजे खाद्य पदार्थ के नौ नमूने

दुकान से खाद्य पदार्थ का नमूना लेती टीम। अमृत विचार

सीतापुर। शनिवार को खाद्य टीम ने जनपद की तहसील महमूदाबाद एवं बिसवां सघन चेकिंग अभियान चलाया। खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किये और उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया। टीम-01 ने उपजिलाधिकारी महमूदाबाद के निर्देशों के क्रम में नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव के नेतृत्व में तहसील महमूदाबाद क्षेत्र में स्थान रमकुण्डा चैराहा, चिक मण्डी चैराहा से 02 पनीर, 02 खोया एवं 01 नमकीन का नमूना, कुल 05 नमूना संग्रहीत किये। टीम में दीनानाथ यादव, नायब तहसीलदार-महमूदाबाद, ज्ञान प्रकाश सिंह पटेल, शोभनाथ, प्रभु कुमार चैधरी, संदीप कुमार सिंह, सुभाष बाबू यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद रहे। वहीं टीम-2 ने उपजिलाधिकारी बिसवां के निर्देशानुसार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसपी सिंह के नेतृत्व में तहसील बिसवां ग्रामीण में स्थान पुरैनी बिसवां, साण्डा बाजार से 01 खाद्य तेल, 01 बेसन, 01 पनीर व 01 घी का नमूना, कुल 04 नमूना संग्रहीत किया। शनिवार को दोनों टीमों ने कुल 09 नमूने संग्रहीत कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे।

दया फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन

रक्तदानी को प्रमाण पत्र देते पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा। अमृत विचार

सीतापुर। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर युवाओं ने रक्तदान किया। शोभित दया फाउंडेशन के तहत जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। दया फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय मिश्रा दया ने बताया कि हमारा संगठन प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर आयोजित करता है। इस मौके पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।

गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य को खतरा पहुंचा सकते हैं सिंथेटिक रंग

सीतापुर। गर्भवती महिलाओं को होली में कुछ खास सावधानियां बरतने की जरूरत है। जिसके बाद वह भी होली में जमकर मस्ती कर सकती हैं। ऐसा इसलिए है कि होली में प्रयुक्त होने वाले कृत्रिम (सिंथेटिक) रंग गर्भवती, गर्भस्थ शिशु और धात्री महिला के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. हरपाल सिंह का कहना है कि होली पर इस्तेमाल होने वाले तमाम रंग सिंथेटिक होते हैं। इनमें लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, रंग (डाई) और पिसा हुआ कांच मिला होता है। इन रासायनिक रंगों के प्रभाव से नर्वस सिस्टम, किडनी और प्रजनन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। गर्भवती महिला अगर इसके संपर्क में आती है तो उसे समय पूर्व प्रसव, बच्चे का वजन कम होना समेत गर्भपात का खतरा हो सकता है। रसायनयुक्त रंगों की जगह होली खेलने के लिए हर्बल रंग सबसे अच्छे होते हैं। ऐसे में इन रंगों के बजाय हर्बल रंगों से होली खेलना चाहिए। उनका कहना है कि गर्भधारण के दौरान महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता शिथिल पड़ जाती है, जिससे उनके बीमार पड़ने और संक्रमण का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। इस समय महिलाओं को रसायनयुक्त रंग काफी गंभीर असर डाल सकते हैं। जिला महिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीता कश्यप का कहना है कि होली में रंग खेलने के अलावा गर्भवती महिलाओं को खानपान का भी ध्यान रखना चाहिए। अधिक तेल और मिर्च-मसाले वाला भोजन आपका हाजमा बिगाड़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान ठंडाई और शीतल पेयों से भी दूर रहने की जरूरत है। यह आपके और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। अगर गर्भवती है तो भांग की ठंडई का सेवन बिल्कुल भी न करे।

संचारी रोग अभियान में स्वच्छता के प्रति करेंगे जागरूक

लहरपुर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की एक बैठक उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लहरपुर व तंबौर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. पीएस आनंद, पंचायत विभाग से एडीओ पंचायत लहरपुर, तंबौर परसेंडी, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ. भारतेंदु वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी लहरपुर व बेहटा, बीपीएम गौरव सक्सेना, अखिलेश पांडे बीएमसी यूनिसेफ, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरगांव, तंबौर व परसेंडी कृषि विभाग से तंबौर परसेंडी व लहरपुर केअधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बता दें कि आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाना है। जिसको सफल बनाने को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पुलिस ने पकड़े दर्जनों निर्मित-अर्द्धनिर्मित असलहे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

मिली सफलता

- पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र में मारा छापा
- अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

अमृत विचार। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में निर्मित और अर्ध निर्मित अवैध शस्त्रों को बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान एक शातिर अवैध शस्त्र तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।

पुलिस ने गिरफ्तार शस्त्र तस्कर के खिलाफ आम्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस का कहना है गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 20 अवैध शस्त्र सहित भारी मात्रा में अर्धनिर्मित शस्त्रों और उपकरणों को बरामद किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र में स्वाट और कोतवाली प्रभारी अनूप शुक्ला की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शस्त्र तस्कर को गिरफ्तार करते हुए असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने सीतापुर-बालामऊ व शाहजहांपुर जाने वाले रेलवे लाइन के पास स्थित आम के बाग में छापेमारी की। जहां से मौके से पुलिस ने रविंद्र पुत्र सेवकराम निवासी खूंटी, महोली को हिरासत में ले लिया। वहीं मौका ए वारदात से 20 निर्मित अवैध असलहे जिसमें 12 बोर और 15 बोर के अवैध असलहे मय जिंदा कारतूस सहित शस्त्र बनाने के उपकरण में एक

पकड़ा गया अवैध शस्त्र बनाने वाला व मौजूद स्वाट व पुलिस की संयुक्त टीम।

लोहे की भट्टी, एक हथौड़ी, 13 बड़ी लोहे की पाइप नाल बनाने के प्रयोग में आने वाली, एक लोहे काटने की मशीन सहित अन्य अवैध शस्त्रों को बनाने और उनके निर्माण करने में लगने वाले सामान को बरामद किया है। सीओ सिटी अमन सिंह ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आए अभियुक्त की पहचान रविन्द्र पुत्र सेवकराम निवासी खूंटी थाना महोली के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि इस अभियुक्त के विरुद्ध अवैध शस्त्रों के कारोबार निर्माण और परिवहन जैसे संगीन धाराओं में केस दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। सीओ सिटी का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव को शान्तिपूर्व ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने लगातार अभियान चला रखा है।

गोष्ठी स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिन्तक डॉ. राम मनोहर लोहिया की मनाई गई 114वीं जयंती

लोहिया के सिद्धांतों से मुलायम सिंह ने चार बार बनाई सरकार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। शनिवार को जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय टाउन हाल में भारत के स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिन्तक डॉ. राम मनोहर लोहिया की 114वी जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारम्भ करते हुये सपा जिलाध्यक्ष समेत पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्व. डॉ. राम मनोहर लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी का जो व्यापक रूप है उसे बनाने में राम मनोहर लोहिया ने अपनी कुर्बानी दी। लोहिया जी ने समाज के गरीबों, किसानों, अल्पसंख्यकों, दलितों, मजदूरों-शोषितों छात्रों को न्याय व् सम्मान दिलाने के लिए चंदा लेकर एक संगठन खड़ा किया था। इस मौके पर अपने देश प्रेम और बलिदान से प्रेरणा की युगांतर गाथा लिखने वाले महान क्रांतिकारी 'शहीद ए आजम' भगत सिंह, राजगुरु, और सुखदेव जी को शहीदी दिवस के अवसर पर शत शत नमन कर एवं आत्मिक श्रद्धांजलि व्यक्त की।

पूर्व विधायक राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में लोहिया जी के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संघर्ष करके उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव जी ने चार बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से शब्बीर खां, कौशलेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष मेराज अहमद, प्रीती रावत, देवेंद्र यादव, डॉ. राहुल शुक्ला, अभय प्रताप सिंह, अंकित यादव, राजकिशोर गौतम, धर्मेन्द्र यादव, इन्द्रपाल सिंह, दिनेश प्रसाद, अशोक कुमार राजवंशी, रजनीश राठौर, चन्द्रभाल भार्गव, विश्राम पाल, गुलशन यादव, श्रीकृष्ण यादव आदि उपस्थित रहे।

पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता। अमृत विचार

सपा छात्र सभा ने महापुरूषों को किया याद

समाजवादी छात्र सभा ने समाजिक समरसता व सामाजिक संतुलन के प्रतीक डॉ. मनोहर लोहिया जी की जयंती, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु जी के शहादत दिवस पर जिलाध्यक्ष शिवम् सिंह सहित दर्जनों पदाधिकारी ने महापुरुषों को माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, राष्ट्रीय सचिव अनूप गुप्ता, रजनीश राठौर, बबलेन्द्र सिंह, विवेक गौतम, सोनू सिंह, विश्राम पाल, अभय, राहुल आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

मतदान केंद्रों पर साफ-सफाई के निर्देश

मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम व अन्य। अमृत विचार

लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार। विकासखंड इलाके में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केंद्रों की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से शनिवार को उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने प्राथमिक विद्यालय सेतूही के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर सम्बंधित अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी ने विद्यालय में बच्चों की शिक्षा की दक्षता की भी परख की और बच्चों से प्रश्न पूछे। उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम ने प्राथमिक विद्यालय सेतूही मतदान केंद्र में बन रहे शौचालय का निर्माण अति शीघ्र करने व साफ सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र जाने वाले मार्ग को भी ठीक करा दिया गया है। इस दौरान मतदान केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त मिलीं हैं। गंदगी पाये जाने पर विद्यालय में साफ सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

सार-संक्षेप

डीएम व एसपी ने किया थानों का निरीक्षण, तीन आरक्षी पुरस्कृत

प्रिया शुक्ला

प्रेम बीर सिंह

जाहर सिंह

कुण्डा/जेठवारा प्रतापगढ़। अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल ने शनिवार को थाना महेशगंज ,कुण्डा कोतवाली, जेठवारा कोतवाली का निरीक्षण किया। बेहतर कार्य प्रणाली पर आरक्षियों को पुरस्कृत किया। महेशगंज थाने में अभिलेखों का निरीक्षण कर दरोगा और आरक्षियों से लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को कई सवाल किए। सही जवाब मिलने पर एक आरक्षी को नकद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। डीएम और एसपी कुंडा कोतवाली पहुंचे तो अभिलेखों के साथ ही कोतवाली की सफाई का भी निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव को लेकर कोतवाली के आरक्षी जाहर सिंह, आरक्षी प्रेम बीर सिंह, महिला आरक्षी प्रिया शुक्ला को आगामी चुनाव के दृष्टिगत बेहतर कार्य प्रणाली को देखते हुए आईसीपीसी आफ द डे घोषित किया। तीनों आरक्षियों को 1500-1500 रुपये का पुरस्कार दिया। इस दौरान सीओ सदर अमरनाथ, सीओ कुण्डा अजीत सिंह, इंस्पेक्टर सत्येन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम संजय सिंह, योगेन्द्र, गोविन्द सिंह, अरुण,एसओ जेठवारा धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

होली के रंग में रंगा रहा स्कूल, झूमे शिक्षक और कर्मचारी

नैनी प्रयागराज। अमृत विचार : दिल्ली पब्लिक स्कूल प्रयागराज शनिवार को होली के रंग में रंगा रहा। शिक्षक और कर्मचारी सभी रंग में सराबोर रहे और होली गीतों पर झूमते रहे। हर वर्ष की भांति इस बार भी डीपीएस परिसर में होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल की अध्यक्ष सोनू सिंह ने छोटे-बड़े सभी कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। प्रधानाचार्य डॉ सुजाता सिंह भी सभी के साथ होली के रंग में सराबोर थीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने खूब धमाल मचाया। एक दूसरे को रंग लगाने के साथ ही सभी का मजाक उड़ाया गया। इसके साथ ही होली गीतों पर सभी खूब थिरके। अध्यक्ष सोनू सिंह ने इस मौके पर कहा कि जातिगत ओहदे से ऊपर उठकर हमारे शिक्षकों ने बहुत अच्छा ।कार्यक्रम रखा। इसमें हास्य व्यंग और कविता पाठ हुआ। कोई ऐसा नहीं जिसका मजाक न उड़ाया गया हो। यही होली का रंग होता है। सभी ने डांसर खूब मनोरंजन किया।

आलोक पांडेय बने पीडीए के ओएसडी

प्रयागराज, अमृत विचार : आलोक कुमार पांडेय को पीडीए प्रयागराज विकास प्राधिकरण का ओएसडी (विशेष कार्य अधिकारी) बनाया गया है। शनिवार को उन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। प्रयागराज के फूलपुर के बरसता कला निवासी आलोक कुमार पांडेय की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हुई थी। इसी बीच में सहारनपुर और प्रयागराज कमिश्नरी में संबध रहकर अपनी सेवाएं दी हैं। प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण में जब माफियाओं और भू माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई शुरू की, तो आलोक कुमार पांडेय ने दस्ते का नेतृत्व करते हुए माफियाओं और भूमाफियाओं के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की थी। आलोक पांडे ने कहा कि शासन की मंशानुरूप तथा सरकार प्राधिकरण व जनता के हित के लिए प्राधिकरण मुखिया के निर्देशों के अनुरूप काम किया जाएगा।

पति पर दर्ज हुआ दहेज हत्या का मुकदमा

नैनी प्रयागराज। अमृत विचार : कोतवाली नैनी के पीडीए कालोनी में एक विवाहिता शुक्रवार रात फंदे से लटकी मिली तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। कौशांबी निवासी शनि पिछले तीन वर्ष से नैनी के पीडीए कालोनी में पत्नी लक्ष्मी (22) के साथ रह रहा था। शुक्रवार रात में लक्ष्मी फंदे से झूलती मिली। उस समय शनि घर पर नही था। घटना की जानकारी पाकर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर आ गए। वह पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाने लगे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पिता पप्पू की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अगवा किशोरी स्वयं पहुंची थाने, पुलिस कस्टडी से भागी

प्रतापगढ़। अमृत विचार : कोहड़ौर थाना क्षेत्र से गायब एक किशोरी पुलिस के सक्रिय होने पर के स्वयं ही थाने पहुंची। मेडिकल जांच के लिए पुलिस मेडिकल कॉलेज ले गई तो वह फिर से भाग निकली। हालांकि पुलिस के अलावा किशोरी के परिजन भी मौजूद रहे। 16 मार्च की शाम किशोरी अपने घर से गायब हुई तो पिता ने पड़ोस गांव की उसकी सहेली के पुणे में रहने वाले भाई पर भगाने का आरोप लगाया। सहेली के घर जाने पर उसकी मां ने धमकी दी। किशोरी के पिता ने सहेली, उसकी मां और भाई पिंटू यादव पर अगवा करने का केस दर्ज कराया। पुलिस ने घर पर छापामारी की तो पुणे में रहने वाले पिंटू को भी जानकारी हुई, तब तक किशोरी अकेले ही पुणे पहुंच गई थी। पिंटू उसे वापस ले आया और शुक्रवार को अकेले थाने भेज दिया। किशोरी अपनी मर्जी से पिंटू के पास जाने व उसी से शादी करने की जिद पर अड़ गई। हालांकि अगवा का केस दर्ज होने के कारण पुलिस उसका मेडिकल और कोर्ट में बयान कराने के लिए ले आई। साथ में थाने के एसआई राजेश कुमार, सिपाही हिना दुबे व किशोरी के माता पिता भी मौजूद रहे। मेडिकल के दौरान किशोरी पुलिस कर्मियों के साथ ही माता पिता को चकमा देकर फरार हो गई। अगले दिन शनिवार को अगवा के आरोपी युवक के रिश्तेदारों को हिरासत में लिया तो लोगों को किशोरी के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने की जानकारी मिली। एसओ कोहड़ौर प्रीती कटियार ने बताया कि मेडिकल और बयान के दौरान पुलिस के साथ ही उसके माता पिता भी गए थे। बयान से पहले माता पिता उससे बात कर रहे थे। तभी वह भाग निकली। सीओ सिटी शिव नारायण वैश ने बताया किशोरी की बरामदगी के लिए टीम गठित की गई है।

दो वाहनों की भिड़ंत में एक के चालक की मौत, खलासी गंभीर

चालक पिकअप वाहन लेकर फरार, पोस्टमार्टम को भेजा गया शव

संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)

हादसा

अमृत विचार: स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही मोड़ पर शुक्रवार की देर शाम पिकअप व मैजिक वाहन की आपस में टकराने से मैजिक चालक की मौत हो गई जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पंहुची पुलिस ने मैजिक चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए घायल खलासी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आयी जंहा पर चिकित्सक ने उपचार किया है। जबकि पिकअप वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया पुलिस पिकअप वाहन की तलाश करने में जुट गई है।

हलिया थाना क्षेत्र के हथेड़ा गांव निवासी 28 वर्षीय मैजिक चालक हरिशंकर कोल खलासी कटाई गांव निवासी रवि कोल के साथ वाहन लेकर हलिया की तरफ से गुर्गी की ओर से आ रहा था कि जैसे ही बडौही मोड़ पर पंहुचा कि सामने से गुर्गी गांव की ओर से अज्ञात पिकअप वाहन से पास लेने के चक्कर में मैजिक वाहन व पिकअप वाहन की बाड़ी आपस में टकराने से मैजिक चालक हरिशंकर के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई जबकि मैजिक खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह व चौकी प्रभारी मतवार रविप्रकाश ने मैजिक चालक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा घायल खलासी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर उपचार चल रहा है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि अज्ञात पिकअप वाहन व मैजिक वाहन के आपने सामने पास लेने के चक्कर में बाडी टकरा गई जिससे मैजिक चालक हरिशंकर की मौत हो गई जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए खलासी को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया गया है और पिकअप वाहन की तलाश की जा रही है।

हाईस्कूल की 382513 व इंटर की 289051 कापियों का मूल्यांकन

प्रयागराज। अमृत विचार: यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कापियों का मूल्यांकन जिले के नौ मूल्यांकन केन्द्रों पर आज जारी रहा। अब तक हाईस्कूल की कुल 382513 और इंटरमीडिएट की 289051 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। यह क्रम 31 मार्च तक चलेगा। डीआइओएस पीएन सिंह ने आज सभी मूल्यांकन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हाईस्कूल की 80059 और इंटरमीडिएट की 48441 कापियां जांची गईं। कुल 3589 शिक्षक मूल्यांकन के लिए आए। राजकीय इंटर कालेज में 39768, कुलभास्कर में 13647, एंग्लोबंगाली में 12502, भारत स्काउट एंड गाइड में 14142 कापियां जांची गईं। इसी तरह इंटरमीडिएट की जीआइसी में 10265, क्रास्थवेट में 1683 कापियों का मूल्यांकन हुआ। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि सभी केन्द्रों पर शत-प्रतिशत परीक्षक मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कर रहे हैं।



सपा ने मनाई डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती

संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार: समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की 114वीं जयंती जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट रमईपट्टी कचहरी रोड पर मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने लोहिया जी के आदमकदप्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू के बलिदान दिवस पर उनको नमन किया। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि डॉ. लोहिया भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी, प्रखर चिंतक तथा समाजवादी राजनेता थे। लोहिया के पिता हीरालाल अध्यापक थे और गांधी जी के अनुयायी थे। जब उनके पिता बापू से मिलने जाते थे तो साथ में लोहिया को भी ले जाते थे। उन्होने कहा कि डॉ. लोहिया राजनीतिक शुचिता के हमेशा पक्षधर रहे। उनका कहना था कि जब तक गरीबी और अमीरी के बीच की खाई को पाटा नहीं जाएगा तब तक देश पूर्ण विकास नहीं कर सकेगा। उनके सिद्धात और आदर्श पर चलने से आज लोगों के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार होता है। कहा कि लोहिया के बताए रास्ते पर चलकर ही समता मूलक समाज की स्थापना की जा सकती है तभी विकसित देश का निर्माण संभव है। इस अवसर पर आदर्श यादव, श्याम अचल यादव, परवीन बानो, सियाराम जैसल, विजय फौजी, अंकुर सिंह, कौशिक कन्नौजिया, अतीक खान, मेवालाल प्रजापति, डा0 रतनलाल सिंह पटेल, धर्मेन्द्र मौर्या, बब्बू चमार, रमेश गौड़, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, रामराज यादव, ओमप्रकाश सोनकर, दीनानाथ प्रजापति, राजू पासी, नरेन्द्र, बन्दना, नेहा खान, सलीम बादशाह, अरशद अली, बलराम, जमाल अहमद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

फर्नीचर व्यवसायी की हत्या का खुलासा

बेटे ने गैंग के साथियों को दी थी पिता की हत्या की सुपारी

कार्यालय प्रतापगढ़

अमृत विचार : गोली मारकर फर्नीचर व्यवसायी मो. नईम की हत्या के पीछे टीम कल्लू माफिया 501 नामक अपराधी किस्म के बिगड़ैल युवकों के गैंग का हांथ था। इसमें नईम का बेटा भी शामिल रहा। उसने ही गैंग को सुपारी देकर हत्या करवायी। बाइक चलाने वाला व कल्लू डॉन अभी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आये हैं। पुलिस ने शनिवार को व्यवसायी के नाबालिग बेटे समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बेटे को बाल सुधार गृह और तीन को जेल भेज दिया।

पट्टी कस्बे में बुधवार को हुई फर्नीचर व्यवसायी मो.नईम की हत्या को लेकर पुलिस शुरू से ही जिस बात की आशंका कर रही थी, आखिरकार वह सही पाया गया। बेटे ने ही प्लान करके सुपारी देकर अपने पिता की हत्या कराई थी। शनिवार को प्रेसवार्ता में एएसपी दुर्गेश कुमार सिंह ने सनसनीखेज खुलासा किया। बताया कि पांच टीमें लगाई गई थी, जिसने व्यवसायी के इंस्टाग्राम, वाट्सएप,फेसबुक को खंगाला। सर्विलांस, सीडीआर के आधार पर जांच की गई तो हैरान करने वाला मामला सामने आया। आरोपी बेटे ने पुलिस को बताया कि गलत शौक पर पाबंदी से वह अपने पिता (नईम) से नाराज था। इसलिए उसने पिता को खत्म करने के लिए छह लाख रूपये की सुपारी दे दिया। इसके लिए डेढ़ लाख रूपये एडवांस भी दिए थे। पुलिस ने हत्याकांड में शामिल व्यवसायी के नाबालिग बेटे के अलावा पीयूष पाल निवासी तरदहा कंधई, शुभम सोनी निवासी कुम्हिया पट्टी व प्रियांशु मिश्रा निवासी मेला ग्राउंड पट्टी को गिरफ्तार किया। तीन को पुलिस ने जेल, जबकि नाबालिग बेटे को बाल सुधार गृह भेज दिया। अभी आकाश गुप्ता उर्फ बाबा निवासी चंदवा पट्टी और स्वप्नदीप यादव उर्फ कल्लू डॉन निवासी अंदेवरी पट्टी फरार हैं। एसपी सतपाल अंतिल ने पट्टी व रानीगंज सीओ, कोतवाल पट्टी,स्वाट टीम, सर्विलांस टीम समेत खुलासा करने वाली पुलिस टीम की सराहना की।

होली पर एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते बच्चे।

होली गीतों पर थिरके नन्हे-मुन्ने, खूब उड़ाया गुलाल

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : बीएसएस एकेडमी फुलवारी में शनिवार को बच्चों ने होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। होली गीत पर बच्चों ने प्रस्तुतियां दी और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह ने बच्चों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए केमिकल रहित रंग इस्तेमाल करने की बात कही। पीहू शर्मा, प्रियल चौरसिया, अभिषेक पाल, अक्षित तिवारी, अनन्या गुप्ता, आद्या सिंह, नैतिक, मृत्युंजय, रितिका, आराध्या, अनमोल, अर्जुन, आरुष, नंदिनी, सम्यक तिवारी, स्वाती सोनी, अदिति सिंह, शुभी आदि ने होली गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। मैनेजर धर्मेंद्र सिंह, कोआर्डिनेटर धर्मराज मौर्य, नीलम शर्मा, संजू सिंह ने विचार व्यक्त किया। विजय सिंह, ऊषा जायसवाल, शिवानी कांत वर्मा, आयुषी खंडेलवाल, आयुषी उपाध्याय, कल्पना मौर्या, पूजा मिश्रा आदि रहे।

हैंडपंप में लगे सबमर्सिबल पंप में करंट उतरने से युवक की मौत

संवाददाता, सीखड़ (मिर्जापुर)। अमृत विचार: कछवा थाना क्षेत्र के छितकपूर गांव निवासी शिव शर्मा सिंह पुत्र स्वर्गीय बौद्ध सिंह 48 वर्ष का हैंड पंप में विद्युत प्रवाहित होने से उसके चपेट में आ गए जिससे उसकी मौत हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 11.00 बजे शिव शर्मा सिंह अपनी गाय को नहलवाने के लिए हैंड पंप में लगे सबमर्सिबल पंप को चलाने गए पंप चलाने के बाद उसमें लगा टोटी को घूमाने लगे और विद्युत करंट प्रवाहित होने से उसी में चिपक गए जिससे घटना स्थल पर ही उनका मौत हो गया।शिव शर्मा की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाई में छोटा था वह खेती बारी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करता था । मृतक को एक लड़की प्रियांशी 18 वर्ष व लड़का अस्मित 16 वर्ष है। सूचना पर पहुची कछवा पुलिस ने शव को लेकर विधिक कार्यवाई करने में जुटी। थाना प्रभारी कछवा संजीत बहादुर सिंह ने बताया की हैंड पंप में विद्युत प्रवाहित होने से किसान की मौत हुई है विधि कार्यवाई किया जा रहा है।

क्या होता है टेंडर वोट

- यदि आप वोट डालने मतदान केंद्र पर पहुंचते हैं, और आपको पता चलता है कि आपका वोट पढ़ चुका है। तो निराश न हों आपके लिए चुनाव आयोग ने 'टेंडर वोट' व्यवस्था की है। आप इस टेंडर वोट के जरिए पुराने वोट को चैलेंज कर सकते हैं और नया वोट डाल सकते हैं। चुनाव आयोग के नियम के सेक्शन 42 के अनुसार पीठासीन अधिकारियों को पहले से इस संदर्भ में खास दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। साथ ही उनके वोटिंग के वक्त मिलने वाले किट में टेंडर वोट भी उन्हें दिए जाते हैं। दावा पेश करते ही पीठासीन अधिकारी आपके बैलेट पेपर उपलब्ध कराएगा। इसके बाद आपका मतपत्र लिफाफे में बंद कर भेज दिया जाएगा। चुनाव अधिकारियों को मतदान खत्म होने के बाद भी इसका ब्यौरा आयोग को देना होता है।

कन्नौज फतह के लिए अखिलेश खुद उतरेंगे मैदान में

खोए किले को मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग को साधने में जुटे सपा मुखिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व पुत्र वधु डिंपल यादव भी रह चुकी हैं कन्नौज से सांसद

अमृत विचार। पुराने खोए किले को वापस पाने के लिए सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव खुद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ेंगे। इसका ऐलान होली के आसपास हो जाएगा। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र फतह करने के लिए उन्होंने कई दलों में सेंधमारी भी की है। कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री के पास पांचों विधानसभा क्षेत्रों की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के कई बार संकेत दे चुके हैं। बताया गया है कि 21 मार्च को लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्र से कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता सपा मुखिया से मिलने लखनऊ पहुंचे थे। कई पिछड़ा वर्ग के नेता दूसरे दलों से आकर सपा में शामिल भी हुए हैं। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो होली से पहले सपा मुखिया अपने घर सैफई जाएंगे। त्योहार मनाने के बाद लौटेंगे। इस बीच 24 से 27 मार्च तक वह चुनाव लड़ने का औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। दो दिन पहले लखनऊ में जब कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की तो चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी का ऐलान करने की मांग रखी। कुछ लोगों ने सपा मुखिया से ही लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से चुनाव लड़ने की बात कही।

इस पर उन्होंने कहा कि कोई और लड़ेगा क्या। मतलब वह खुद ही मैदान में उतरने वाले हैं। वर्ष 2019 में सपा ने जो सीट खोई थी, उसे वापस पाने के लिए चुनावी समर में कूदेंगे। हालांकि जीत-हार का फैसला तो जनता 13 मई को वोट से करेगा। उसका निर्णय चार जून को मतगणना में आएगा।

चुनाव को लेकर यह है चर्चा में

वर्ष 1998 से लेकर 2014 तक लगातार कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सपा के ही प्रत्याशी जीतते रहे हैं। पहले प्रदीप यादव सांसद बने। उनके बाद 1999 में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के सिर जीत का सेहरा बंधा। उनके दो जगह से चुनाव लड़कर जीतने के बाद कन्नौज सीट से इस्तीफा देकर बेटे अखिलेश यादव को राजनीति का सफर शुरू कराया। वर्ष 2000 में उन्होंने उपचुनाव जीता। 2004, 2009 में अखिलेश यादव तीसरी बार कन्नौज क्षेत्र से सांसद चुने गए। वर्ष 2012 में जब यूपी में सपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री बनने की वजह से अखिलेश यादव ने इस्तीफा देकर कन्नौज सीट से पत्नी डिंपल यादव को उसी साल निर्विरोध सांसद बनवाने में कामयाबी पाई। 2014 में डिंपल चुनाव जीत गईं। 2019 में वह भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से चुनाव हार गईं। भाजपा ने फिर से सांसद सुब्रत पाठक को चौथी बार पार्टी प्रत्याशी बनाया है। हालांकि वह 2019 में पहली बार ही सांसद बने हैं।

अखिलेश से मिले एक पूर्व मंत्री

भरोसेमंद सूत्रों की माने तो एक पूर्व मंत्री ने भी सपा मुखिया से मुलाकात की है। उनकी पिछड़ा वर्ग में अच्छी पकड़ मानी जाती है। कहा जा रहा है कि वह एक नेताजी से उनके व्यवहार को लेकर नाराज भी हैं। जल्द ही वह सपा में शामिल हो सकते हैं या अखिलेश यादव के लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनने पर उनकी खुलकर मदद भी कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग में आने वाले लोधी-राजपूत समेत अन्य वर्गों के लोग सपा में शामिल हो चुके हैं, कई कतार में भी हैं। क्षेत्र को मजबूत करने के लिए रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र से कमलेश दिवाकर को भी पार्टी में तरजीह दी गई है। इससे माना जा रहा है कि पुराने किले को मजबूत किया जा रहा है।

मेरा पहला वोट

लोकतंत्र के इस महापर्व पर मुझे भी अपने मताधिकार करने का पहली बार अवसर मिला है। मताधिकार का जो अधिकार हमें मिला है उससे हम एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जाति पंथ और मजहब को दरकिनार कर एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। जो शिक्षा, रोजगार, व समानता, व विकास का पक्षधर हो। मतदान से पूर्व हम वर्तमान और पूर्ववती सरकारों के काम काज को भी देखेंगे।

सृजन शुक्ला, विधानसभा क्षेत्र नबाबगंज, बाराबंकी

श्रावस्ती सांसद बसपा से बाहर

अंबेडकरनगर। बसपा ने अनुशासनहीनता के आरोप में शनिवार को श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई सुरेश कुमार वर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अंबेडकरनगर से बसपा के जिला अध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने पत्र जारी कर कहा कि सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई सुरेश कुमार वर्मा काफी समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे, जिसके कारण उन्हें पार्टी से बाहर किया गया है। बसपा में राम शिरोमणि वर्मा की पहचान कुर्मी नेता के तौर पर थी। वह लोकसभा में बसपा संसदीय दल के नेता भी रहे। अंबेडकरनगर निवासी राम शिरोमणि वर्मा श्रावस्ती लोकसभा सीट से सांसद हैं।

एक-दूसरे के रंग में भंग डालने की पूरी तैयारी कर रहे हैं राजनीतिक दल

2024 में किसकी जलेगी होली किसका जमेगा रंग

सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

उत्तर प्रदेश में किसको कब कितनी सीट

चुनावी वर्ष	कांग्रेस	भाजपा
1984	415	02
1989	197	85
1991	244	221
1996	140	161
2004	145	138
2009	207	116
2014	44	282
2019	53	303

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में भले ही सभी लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दल उपने उम्मीदवार की घोषणा न कर सकें हों। मगर प्रदेश में एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला तय है। यह जरूर है कि कुछ क्षेत्रों में बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकती है। चुनाव में फतेह हासिल करने के लिये दोनो प्रमुख गठबंधन हर हथकंडे अपना रहे हैं।

कल तक इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी रालोद अब एनडीए का हिस्सा है। अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा का साथ छोड़कर रालोद के साथ जा चुकी हैं। आवाजाही का दौर जारी है। जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में इस चुनाव में किसकी होली जलेगी और किसका रंग जमेगा। यह तो मतदाता ही तय करेगा।

2024 का चुनाव का चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इंडिया गठबंधन के साथ एनडीए के मिशन अस्सी की भी अग्नि परीक्षा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख और सरकार के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी कसौटी पर है। इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी को भरोसा है कि पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक गठबंधन के पक्ष में एकजुट होगा। जातीय जनगणना का वादा कर राहुल गांधी ने भी इस नारे को हवा दे दी है।

इंडिया गठबंधन की दूसरी घटक आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव तो नहीं लड़ रही है लेकिन वह गठबंधन की उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कार्य कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जो गुस्सा है। इसका लाभ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को उत्तर प्रदेश में भी मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी को टिफिन बैठकें, बूथ जनसंपर्क अभियान, अयोध्या मुद्दे को लेकर उत्पन्न माहौल तथा ढाई करोड़ लाभार्थियों पर भरोसा है। लेकिन अयोध्या की जिस सीट को लेकर भारतीय जनता पार्टी को आती हाथ में विश्वास हैं। वहां के सामान्य सीट पर भाजपा के उम्मीदवार सांसद लल्लू सिंह के मुकाबले इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टी ने दलित उम्मीदवार पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को खड़ा कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है।

उत्तर प्रदेश को जानने के लिए 1991 और उसके बाद हुए में उत्तर प्रदेश की राजनीति को समझना जरूरी है। यही वह साल था जहां से मंडल-कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ा, जब धर्म और जाति के आधार पर उत्तर प्रदेश के वोटरों का बंटना शुरू हुआ। इसके साथ ही कांग्रेस का पतन शुरू हुआ। राम मंदिर आंदोलन की राजनीति से भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में हिंदुओं का ध्रुवीकरण शुरू किया। इसी दौरान दलितों और पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाने की मंडल की राजनीति से समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी फलने-फूलने लगी। भारतीय जनता पार्टी ने 1991 के विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 221 सीटों पर जीत हासिल की थी।

यहीं से कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में राजनीतिक ग्राफ गिरने लगा। इसके बाद कांग्रेस 2004 में कांग्रेस देश में सरकार बनाने में कामयाब रही। यह नहीं 2009 के चुनाव में उसे उत्तर प्रदेश से भी 21 सीटें हासिल हुई। लखनऊ और आसपास की सीटों पर पांचवें चरण में मतदान होना है। लेकिन माहौल जितना होली के रंग में नहीं लगा है उससे अधिक चुनावी रंग में रंग चुका है। आने वाले दिनों में होली मिलन समारोह में भी इसका चटक रंग दिखेगा।

सियासत के सफर में कई नौकरशाहों ने पार की वैतरणी

- सेवानिवृत्त होने के बाद ज्यादातर नौकरशाहों ने भाजपा को दी तरजीह

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कलेक्टर और कप्तान बन जिले की कमान संभालने वाले कई अफसर शासन के शीर्ष पदों पर भी विराजमान हुए। लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पद का मोह कम न हुआ। कई सफल हुए तो कई असफल होकर राजनीति से किनारे हो गए। यूपी की राजनीति में नौकरशाहों की उपलब्धियों पर गौर करें तो कई केंद्रीय कैबिनेट तक पहुंचे, कई सांसद और विधायक तक बने। कई प्रसिद्ध नौकरशाह सिर्फ पार्टी के सदस्य बनकर रह गए।

इन नौकरशाहों ने पाई सफलता

- पूर्व आईएएस पीएल पुनिया 2009 में बाराबंकी से सांसद बने व केंद्र सरकार में मंत्री पद तक पहुंचे
- पूर्व आईपीएस असीम अरुण वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं
- पूर्व पीपीएस राजेश्वर सिंह वर्तमान बीजेपी सरकार में विधायक हैं
- पूर्व आईपीएस वृजलाल वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं
- पूर्व आईएएस एके शर्मा वर्तमान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं
- दिवंगत आईपीएस अहमद हसन सपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे हैं
- मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सतपाल सिंह भारत सरकार में राज्यमंत्री तक पहुंचे

इन नौकरशाहों ने बनाई पार्टी

- पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी बनाई
- पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने अधिकार सेना नामक पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस चंद्रपाल ने आदर्श समाज पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस तपेंद्र प्रसाद ने बनाई सम्यक पार्टी

चुनाव न लड़ पाने वाले नौकरशाह

- आईपीएस सूर्य कुमार शुक्ला सेवानिवृत्ति के बाद बीजेपी में शामिल हुए, लेकिन चुनाव नहीं लड़ सके
- पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह यादव ने कबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बीजेपी में सदस्यता ग्रहण की, लेकिन कोई गुल नहीं खिला सके।
- पूर्व आईएएस नीरा यादव ने भी बीजेपी की सदस्यता ली थी, लेकिन इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकी
- पूर्व आईएएस देवी दयाल रिटायर होने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए
- पूर्व आईएएस उमेश कुमार ने भी कांग्रेस का दामन थामा
- पूर्व आईएएस अनीस अंसारी ने 2017 में कांग्रेस का दामन थामा था
- स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले आईएएस अभिषेक सिंह भी चुनाव लड़ने के इच्छुक

नितिन कर रहे चौथी पीढ़ी की राजनीति

मधुर और अनुराग अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी की कर रहे राजनीति

पीके गुप्ता 'बबलू' हरदोई

नितिन अग्रवाल

- हरदोई में है परिवारवाद का बोलबाला

अमृत विचार। जिले के सियासी परिवारों में एकमात्र राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले राजनीति के माहिर खिलाड़ी भाजपा नेता नरेश अग्रवाल के परिवार में उनके पुत्र नितिन अग्रवाल हैं। जो चौथी पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान समय वह उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री हैं। यह अलग बात है कि जिले में बड़े-बड़े दिग्गज राजनैतिक परिवार रहे, परंतु अग्रवाल परिवार को छोड़कर किसी भी परिवार को चौथी पीढ़ी की राजनीति करने का अवसर नहीं मिला।

श्री अग्रवाल के परिवार में बाबू छेदा लाल गुप्ता ने राजनीति में कदम रखा था। वह विधायक तथा सांसद भी रहे। इसके बाद उनके भतीजे बाबू श्रीशचंद्र अग्रवाल विधायक बनने के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष बने। बाबू श्रीश चंद्र अग्रवाल के पुत्र और राष्ट्रीय राजनीति में अपना दखल रखने वाले नरेश अग्रवाल कई बार विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और राज्यसभा के सांसद रहे। वैसे तो जिले में पुराने नेताओं में पूर्व सांसद बुलाकी राम वर्मा, पूर्व विधायक बाबू मोहनलाल, कलारानीमिश्रा, शारदाभक्त सिंह, पूर्व सांसद धर्मराज सिंह, गंगाभक्त सिंह, किंदर लाल, मन्नी लाल, पूर्व विधायक रामलाल, गंगा सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुरेंद्र पाल पाठक, राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक आशा सिंह, राम अवतार दीक्षित, दधीचि सिंह, बाबू खां, आसिफ खान बब्बू, कमला सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेई पूर्व विधायक खालिद गौरी, राजकुमार अग्रवाल, विधायक अलका अर्कबंसी पूर्व विधायक राम आसरे वर्मा, सतीश वर्मा, विधायक आशीष सिंह आशू। यह सभी या तो पहली पीढ़ी की राजनीति कर चुके हैं। या अभी पहली पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी अपने पति उपेंद्र तिवारी की विरासत संभाल रही हैं। वह भी पहली पीढ़ी की ही राजनीति कर रही हैं।

जिले का एक परिवार ऐसा भी है जो तीसरी पीढ़ी की राजनीति कर रहा है। माधौगंज के पं. शिवरतन लाल टाटधारी ने राजनीति में कदम रखकर माधौगंज के जिला पंचायत की कुर्सी संभाली थी। उसके बाद उनके दोनों पुत्रों क्रमशः लल्लन शर्मा और धर्मज्ञ मिश्रा ने विधानसभा और विधान परिषद में अपनी आवाज उठाई। उनकी तीसरी पीढ़ी में इन दोनों विधायकों के पुत्र क्रमशः सुखसागर मिश्र मधुर हरदोई तथा अनुराग मिश्रा माधौगंज में नगर पालिका की कुर्सी पर सत्ता सीन हैं। इसके अलावा कुछ परिवार ऐसे भी हैं जो दूसरी पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं इनमें पूर्व विधायक टीकाराम से शुरू हुई राजनीति उनके पुत्र वीरेंद्र वर्मा विधायक बन चुके हैं तथा आगे की राजनीति में प्रयासरत हैं। इसी तरह कुबेर लाल से शुरू हुई राजनीति उनके भाई विधायक रामपाल उनके पुत्र और भतीजे क्रमश प्रभाष् और अशोक रावत विधायक और सांसद बनकर आगे की राजनीति कर रहे हैं।

पूर्व विधायक छोटेलाल से शुरू हुई राजनीति को उनके भतीजे अनिल वर्मा ने विधायक बनाकर आगे बढ़ाया लेकिन वह अपनों से दूर होने के कारण अब संघर्ष कर रहे हैं। विधायक श्याम प्रकाश से शुरू हुई राजनीति उनके भतीजे अंशुल वर्मा ने संसद बनाकर दूसरी पीढ़ी में प्रवेश किया। श्याम प्रकाश की राजनीति बदस्तूर जारी है, वहीं पूर्व सांसद अंशुल वर्मा संघर्षरत हैं। इसी तरह परमाई लाल से शुरू हुई राजनीति उनके पुत्र विपिन और लाल बिहारी लालू ने संसद और विधायकी जीत कर दूसरी पीढ़ी पर पहुंचाया अब अपने पति की विरासत को पूर्व सांसद उषा वर्मा और पूर्व विधायक राजेश्वरी वर्मा संभाल रही हैं, वहीं सवायजपुर के मिलनसार मधुभाषी विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू भी पूर्व विधायक राजा हरिहर बक्श सिंह की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं।

महासंग्राम-2024 : 10 वर्षों में हुए विकास के कई कार्य, फिर भी हासिए पर रह गई जिले की अहम समस्याएं

लोकसभा चुनाव में सिर चढ़कर बोलेंगे जनहित के मुद्दे

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

उमानाथ तिवारी, गोंडा

अमृत विचार: पिछले एक दशक में जिले के विकास की रफ्तार तेज हुई है। केंद्र की सत्ता संभालने के बाद भाजपा सरकार ने जिले में कई ऐसे विकास कराए हैं जो काफी समय से लंबित थी। इनमें शहर के महराजा देवी बक्श सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज निर्माण से लेकर इटियाथोक के भवनियापुर में बने राजकीय डिग्री कालेज तक की सौगात शामिल है।

शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गांव गांव तक बिजली की लाइन पहुंचाने से लेकर पावर स्टेशन तक का निर्माण कराया गया है। जिले की प्रमुख सड़कों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है। बावजूद इसके शहर में सीवर लाइन निर्माण से लेकर रिंग रोड निर्माण तक कई समस्याएं ऐसी हैं जिनका समाधान अभी शेष है। इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की दरकार है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यही समस्याएं मुख्य चुनावी मुद्दा होंगी और जनहित के यह मुद्दे लोगों के सिर चढ़कर बोलेंगे।

कई अहम मुद्दों पर फोकस करती यह रिपोर्ट

शहर में लगा भीषण जाम (फाइल फोटो)। अमृत विचार

शहर के भीतर सीवर लाइन का निर्माण

मुद्दा 1 **अमृत विचार :** शहर में सीवर लाइन न होना प्रमुख समस्या है। जल निकासी की समस्या से निजात के लिए वर्ष 2012 में तत्कालीन जिलाधिकारी डा रोशन जैकब ने शहर में सीवर लाइन निर्माण का प्लान तैयार किया था। इस सीवर लाइन को बहराइच रोड से गुरु नानक चौराहा होते हुए मेवातियान से कटहा घाट तक जोड़ा जाना था। लेकिन उनके तबादले के बाद यही प्लान ढंढे बस्ते में चला गया। कई बार स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से सीवर लाइन का निर्माण कराने की मांग की लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। सीवर साइन न होने से हर साल बरसात में शहर जलमग्न हो जाता है। पिछले वर्ष बरसात में पूरा शहर तालाब बन गया था। शहर के गली मोहल्ले से लेकर प्रमुख सड़कें तक जलमग्न हो गयी थी। इस बार के चुनाव में सीवर लाइन निर्माण का मुद्दा मतदाताओं की जबान पर है।

राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण

मुद्दा 2 **अमृत विचार :** प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले के राज्य विश्वविद्यालय की सौगात दी थी। विश्वविद्यालय निर्माण के लिए परसपुर ब्लाक के डोमाकल्पी गांव में प्रशासन ने जमीन भी चिन्हित कर ली थी और वर्ष 2023 में तत्कालीन जिलाधिकारी उज्जवल कुमार ने विश्वविद्यालय निर्माण के लिए भूमि पूजन भी कर दिया था लेकिन ऐन वक्त पर यह राज्य विश्वविद्यालय यहां से खिसक कर बलरामपुर चला गया।विश्वविद्यालय जिले में बने इसके लिये छात्रों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन तक किया लेकिन जन प्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहे।

रिंग रोड का निर्माण

मुद्दा 3 **अमृत विचार :** शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर के बाहर से रिंग रोड निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद इसके निर्माण के लिए सर्वे भी हुआ था लेकिन यह प्रस्ताव अब तक धरातल पर नहीं उतर सका है। जबकि शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण

मुद्दा 4 **अमृत विचार :** गोंडा बलरामपुर मार्ग पर स्थित सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम भी जिसे की बड़ी समस्या है। क्रॉसिंग के बगल ही सुभागपुर रेलवे स्टेशन और रेलवे का माल गोदाम है। इससे प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में मालगाडियों का आवागमन रहता है। रेलवे गेट बंद हो जाने पर गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।आगे निकलने की होड़ में कई दफा तो वाहन चालकों के बीच मारपीट तक हो जाती है। इस गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग काफी समय से हो रही है लेकिन अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या से निजात के लिए ओवरब्रिज निर्माण आवश्यक है।

कुंदुरखी चीनी मिल के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान

मुद्दा 5 **अमृत विचार :** बजाज कुंदुरखी चीनी मिल में किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न होना चुनाव का प्रमुख मुद्दा है। तमाम धरना प्रदर्शन करने के बनी बावजूद चीनी मिल किसानों को समय पर भुगतान नहीं कर रही है। हालांकि इस वर्ष सरकार की सख्ती के बाद चीनी मिल ने पिछले सत्र का बकाया भुगतान किया है लेकिन अभी भी चीनी पर किसानों का 2 अरब 35 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बाकी है।

फैक्ट फाइल

लोकसभा सीट- गोंडा
विधानसभा क्षेत्र- पांच
कुल मतदाता- 1838295
महिला - 852422
पुरुष- 985846
अन्य- 75

विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	कुल मतदाता	महिला	पुरुष	अन्य
मेहनौन	378547	175126	203414	07
गोंडा सदर	360423	168753	191639	31
मनकापुर	338771	158730	180035	00
गौरा	333641	154046	179588	07
उतरौला	426913	195767	231116	30
योग-	1838295	852422	985846	75

कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, सांसद/प्रत्याशी 59 लोकसभा क्षेत्र, गोंडा

जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य व इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई कार्य कराए गए हैं। इनमें राजकीय मेडिकल कालेज, अटल आवासीय विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से तमाम निर्धन परिवारों को बेटियों का विवाह करने में सहूलियत मिली है। उज्जवल गैस योजना से महिलाओं को लाभ मिला है। बाकी के कार्यों के लिए भी प्रयास चल रहा है। सीवर लाइन व रिंग रोड का प्रस्ताव भी है।

चुनाव कमाल का...

- 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई। सोनिया गांधी के पीएम बनने से इंकार के बाद मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2009 के 15वें आम चुनाव में कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के खाते में सिर्फ 116 सीटें ही आई। एनडीए फिर से सरकार बनाने में विफल रही। कांग्रेस ने यूपी में 21 सीटें जीतीं जबकि भाजपा के खाते में इस सूबे से सिर्फ 10 सीटें ही आई।
- 2014 में हुए देश के 16वें आम चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ था कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।
- 2014 में एनडीए ने कुल 336 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी, जिनमें से 282 सीटें अकेले भारतीय जनता पार्टी की थी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव शर्मनाक प्रदर्शन वाला रहा। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई।
- 1984 में जहां कांग्रेस ने बहुमत की सरकार बनाई थी, वहीं 2014 में भाजपा ने अपने दम पर सरकार बनाई।
- 2014 के आम चुनाव में जहां मोदी लहर दिखी थी, तो वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी का माहौल बना। 2014 में 44 सीटें लाने वाली कांग्रेस कुछ ही सीटों का इजाफा कर सकी और 52 पर ही पहुंच सकी। शर्मनाक बात यह रही कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

चुनावी तीर

टिकट बेचने के आदी लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं और उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं में काबिलियत क्यों नहीं दिखती है?

-सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिहार

मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि वह अपने विरोधियों से राजनीतिक रूप से मुकाबला करें। उन्हें गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता के गुस्से का डर है। यही कारण है कि उनकी सरकार विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, खासकर ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

डी राजा, महासचिव भाकपा

राम लहर, विकास व जातीय समीकरण पर टिकी विश्लेषकों की निगाह

पहले भी ऊर्जाभूमि की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर आगे बढ़ी थी राजनीति

जातीय सियासत में उलझे सपा-बसपा को फार्मूले से मिल चुकी है संजीवनी

सोशल इंजीनियरिंग तय करेगी सत्ता और भावी सियासत की दिशा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग सत्ता व भावी सियासत की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग, विकास और जातीय समीकरण पर विश्लेषकों की निगाह टिकी है। ऊर्जाभूमि के सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर पहले भी राजनीति परवान चढ़ चुकी है। सपा-बसपा को भी यह फार्मूला संजीवनी दे चुका है।

अयोध्या सोशल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला है। समय-समय पर यहां प्रयोग होते रहते है। इनके जरिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने और सियासत को नई दिशा देने के प्रयास होते हैं। नब्बे के दशक में आंदोलन की पृष्ठभूमि इसकी शुरूआत है। विहिप की अगुवाई में संघ परिवार के मंदिर आंदोलन को समर्थन देकर भाजपा ने इसकी शुरूआत की। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जातीय बंधन टूट गए। राम के नाम जागरण हुआ। भाजपा को सन 1989 के चुनाव में इसका सीधा लाभ मिला। दो से 85 सीटों तक पहुंच गई। इसकी तासीर को देख आंदोलन को आगे बढ़ाया। नब्बे में ढांचा विध्वंस के बाद आक्रोश, संवेदना और आस्था की मिश्रित परिणति वोट के रूप में बदली तो सियासत की तस्वीर भी बदल गई। लगातार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव दर चुनाव भाजपा के आंकडे बढ़ते गए। 91 में 120, 96 में 161, 99 के चुनाव में 182 तक पहुंच भाजपा संसद के दरवाजे पर दस्तक देने लगी, लेकिन यह वह दौर था जब खासतौर से उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों को तेजी से उभार दिया गया। ऊर्जाभूमि अयोध्या में एक और सोशल इंजीनियरिंग साथ शुरू कर दी गई थी।

सन् 1995 में अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद जिला)से अलग हुए अंबेडकरनगर में बसपा ने नई जातीय सियासत की सोशल इंजीनियरिंग शुरू कर दी। अगड़ों के खिलाफ सन् 1996 के विधानसभा चुनाव में यहां विधानसभा की कई सीटें जीत भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग को पलीता लगा दिया। सन् 1998, 99 के चुनाव में स्वयं बसपा प्रमुख मायावती यहां से सांसद बन गई। सन 2004 लोकसभा चुनाव आते-आते यह फार्मूला परवान चढ़ा और बसपा ने इसी फार्मूले से उत्तर प्रदेश से अपने 18 सांसदों को संसद भेज दिया। स्वयं बसपा प्रमुख इसमें शामिल रहीं। भाजपा को प्रदेश से देश तक झटका लगा। उसके सांसदों का आंकड़ा 138 पर सिमट गया। दूसरी ओर दूसरो की बैसाखी के सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाली सपा ने भी जातीय सियासत को लेकर कदम ताल तेज कर दी। पांच दिसंबर 1989 से 24जनवरी 1991 तक और पांच दिसंबर 1993 से तीन जून 1996 तक मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव भी इसे हवा देने में पीछे नहीं रहे। आंदोलन का विरोध और सभी जातियों की सियासत की। पश्चिम के साथ पूर्वांचल की सीटों पर बढ़त बनाई। 29 अगस्त 2003 से 11 मई 2007 तक मुख्यमंत्री रहे। जातीय सियासत के सोशल इंजीनियरिंग की गणित बसपा की समझ में आई तो इस दौरान बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुजन हिताय के स्थान पर सर्वजन हिताय का नारा देकर ब्राह्मणों सहित अगड़ों को जोड़ा और 2007 में सत्तासीन हो गई। यही प्रयोग करके सपा 2012 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। भाजपा 2009 लोकसभा चुनाव में अपने सबसे खराब प्रदर्शन 116 तक पहुंच गई। विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद, राम मंदिर, गुजरात के सीएम मोदी का करिश्माई नेतृत्व में सियासत ने फिर करवट ली। प्रदेश के 80 में से 73 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। अयोध्या विवाद के फैसले की पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता के उफान और विकास पर लड़े गए 2019 चुनाव में भाजपा की बढ़त और बढ़ गई।

अब 2024 लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। 80 सीटों वाले प्रदेश पर सभी दलों की निगाह है। चुनाव विश्लेषकों की निगाह सोशल इंजीनियरिंग से उत्पन्न लहर, विकास व जातीय समीकरण के पर टिकी हैं। अचानक सामने आए चुनावी बांड के साथ कांग्रेस उठाए जा रहे दूसरे मुददों की तासीर नाप रहे हैं।

भाजपा ने नब्बे के दशक की तरह एक बार फिर अयोध्या से सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को धार दी है। यह राम मंदिर पर फैसले के साथ शुरू हो गई थी। लेकिन 2023 से जनवरी 2024 तक शीर्ष पर रहा। पीएम मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा में इसे शीर्ष पर रखा। श्रीराम के बहाने जातीय समरसता बढ़ाने, उत्तर दक्षिण का भेद पाटने, विकास की संभावना के जरिए सियासत को परवान चढ़ाने को मजबूत सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है। गौर करें तो साफ दिखेगा। अयोध्या दौरे पर निषाद समुदाय के रवींद्र माझी और मीरा मांझी के घर जाकर चाय पीना, उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करके एक संदेश देने की कोशिश की। रामायण की रचना करने वाले दलित समुदाय से आने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण, निषाद राज के नाम पर अतिथि गृह, माता शबरी के नाम पर भोजनालय कहने और सुनने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन इनमें बड़ा सियासी संदेश छिपा है। यह एक स्टैटजी थी। यूपी के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी स्वयं ओबीसी से आते हैं। वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका मे रहे। राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल रहे कामेश्वर चौपाल को श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में रखा गया। श्रीराम मंदिर में पुजारियों के चयन में सभी वर्गों के लोगों का शामिल करने की सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा संकेत रहा। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी, देवी अहिल्या के मंदिरों के निर्माण के जरिए जातीय समरसता का संदेश देने की कोशिश की गई। दूसरे प्रांतों के श्रद्धालुओं को राम दर्शन के जरिए देश में सोशल इंजीनियरिंग प्रभावी करने की कोशिश की गई। भाजपा के विकास मॉडल, लंबी चली सोशल इंजीनियरिंग, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चुनावी बांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमले, सपा-बसपा की जातीय सियासत अब लोक सभा चुनाव में कसौटी पर है। अयोध्या एपीसोड और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी श्रद्धा इसकी अंर्तधारा में है। जनता इन पर फैसला करेगी। इसी के आधार पर सत्ता के साथ सिसायत की भावी दिशा तय होगी।

चुनावी चंदे का खेल देख चौंधिया गई जनता की आंखें

● सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

अमृत विचार : चुनावी चंदे के खुलासा होते ही आम जनता की आंखें चौंधिया गई हैं। पर्दे के पीछे राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का खेल लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले उद्योगपति किस तरह लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी अब सामने आ गया है। नामांकन शुरू होने के साथ ही जो शपथ पत्र दाखिल होगा तो आपको यह भी पता चलेगा कि आपके क्षेत्र के संसद ने पिछले 5 सालों में किस तरह अकूत संपत्ति अर्जित की।

गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ चलने वाले सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं। शायद यही कारण था कि पिछले लोकसभा चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई लेकिन राजनीतिज्ञों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

चुनाव आयोग ने सांसद के लिए चुनाव के दौरान खर्च की सीमा 90 लाख रुपए तय कर रखी है। लेकिन सभी लोग जानते हैं कि लेकिन इससे कई गुना रकम प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खर्च की जाती है। वह जमाने गए जब प्रत्याशी साइकिल और मोटरसाइकिल से प्रचार करते थे। एक-एक रुपए चंदा मांग कर चुनाव लड़ते थे। अब नेताओं के साथ लग्जरी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। प्रत्याशी सत्तारूढ़ दल से है तो पुलिस और अधिकारी भी उनकी चेकिंग और तलाशी से बचते हैं। चुनाव अधिक धनराशि और शराब जैसी प्रलोभन वाली चीजें जब्त करने के निर्देश हैं। अधिकारी डाल-डाल तो प्रत्याशी पात-पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हर दिन नए

सिस्टम ईजाद कर रहे हैं। शराब सीधे बांटने की वजह जिन लोगों को दिया जाना है उन्हें पर्ची थमा दी जाती है जिसका उपयोग कर वे सीधे शराब के ठेके से शराब प्राप्त कर लेते हैं। यह धन-बल के बढ़ते इस्तेमाल का एक और तरीका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच बांटने के लिए लाई गईं करीब 12 सौ करोड़ रुपये कीमत की वस्तुएं नकदी और शराब जब्त हुई थी।

2019 के चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त की गई थी। 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई थी। यह 2014 के मुकाबले 2248 करोड़ अधिक था। सूत्रों के माने तो जब्त की गई यह राशि चुनावों में चोरी-छुपे खर्च होने वाली राशि का एक छोटा हिस्सा मात्र है। बाकी राशि तो जब्त ही नहीं हो पाती है। आयोग का मानना है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि धनबल की जगह चुनाव में सभी के लिए एक समान अवसर उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव में धनबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए आयोग ने इस बार भी इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशन में केंद्र और राज्य की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। खुफिया जानकारी भी साझा की जाती है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक नई लोकसभा के कुल 475 सदस्य 'करोड़पति' हैं। भाजपा के 301सांसदों में से 265 करोड़पति हैं। जिनका जिक्र उनके शपथपत्र में ही है।

शिवसेना के सभी 18 विजेताओं के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कांग्रेसियों के 51 में से 43 सांसद करोड़पति हैं। द्रमुक के 23 सांसदों में से 22 (96 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 22 में से 20 (91 प्रतिशत) और वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसदों में से 19 (86 प्रतिशत) की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है। यह वह रकम नहीं है। जिन्हें उन्होंने अपने वेतन से पाई-पाई कर जोड़ा है। बल्कि उनकी आमदनी से भी कहीं अधिक है। सांसदों की संपत्ति के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं। उससे कहीं अधिक संपत्ति के वे मालिक हैं। बेनामी संपत्तियां होने के संभावनाओं से भी जानकारी इनकार नहीं करते। शायद यही कारण है कि देश में महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम जनता सरकार के मुफ्त राशन पर किसी तरह दिन कट रही है। गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। अमीरों की संपदा बढ़ती जा रही है।

● 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति गरीब पाई-पाई को मोहताज

● महंगाई बढ़ने का मूल कारण है राजनीतिक दलों का खेल

2019 में लड़े थे दो वरुण गांधी, एक के सिर सजा ताज दूसरे की जमानत जब्त

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे दूसरे वरुण गांधी को मिले थे 4483 वोट
- कुल 13 प्रत्याशी थे मैदान में 11 उम्मीदवार पांच हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए
- कांग्रेस-शिवसेना समेत 10 प्रत्याशियों को पिछड़ा था

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि अभी बसपा छोड़ किसी अन्य राजनीतिक दल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच बीते चुनावों के रोचक किस्सों की यादें जरूर ताजा हो रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे रोचक बात ये रही कि दो-दो वरुण गांधी चुनाव मैदान में थे। एक के सिर जीत का ताज सजा और दूसरे की जमानत जब्त हो गई थी।

9,973 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहा था नोटा

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। जबकि सपा के हेमराज वर्मा दूसरे नंबर पर आए थे। अन्य 11 प्रत्याशियों की स्थिति तो दौड़ में ही नहीं रही। ये 11 प्रत्याशी जहां पांच हजार वोट तक नहीं हासिल कर सके थे। वहीं नोटा इन सबसे ऊपर तीसरे नंबर पर जगह बना गया था। इस चुनाव में नोटा पर 9973 वोट पड़ा था। 11 प्रत्याशियों में सर्वाधिक वोट पाने वाले निर्दलीय वरुण गांधी के वोटों से दोगुना से भी अधिक था।

मीरा कुमार, राम विलास पासवान और मायावती लड़ चुके हैं यहां से चुनाव, सपा ने सामान्य सीट के बावजूद अनुसूचित जाति का प्रत्याशी उतारा है मैदान में

ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण तय करेगा बिजनौर का रण

● चुनाव डेस्क

अमृत विचार। बिजनौर सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें बिजनौर, चांदपुर, पुरकाजी, हस्तिनापुर और मीरापुर शामिल हैं। इनमें पुरकाजी और मीरापुर सीट मुजफ्फर नगर तो हस्तिनापुर सीट मेरठ जिले में आती है। पिछले 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन और जाट-मुस्लिम वोटों के गठजोड़ की बदौलत यह सीट भाजपा से झटक ली थी। बसपा के मलूक नागर ने भाजपा प्रत्याशी राजा भारतेंद्र सिंह 69,941 मतों से हरा दिया था। इस बार तीनों दल भाजपा, सपा और बसपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं और जातीय समीकरणों को देखते हुए मुकाबला एक बार फिर रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राम विलास पासवान, बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार चुनाव लड़ चुकी हैं। साल 2014 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यहां से राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन चौथे नंबर पर रही थीं। इस बार के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद ने मीरापुर के मौजूदा विधायक और पूर्व सांसद संजय चौहान के 28 वर्षीय बेटे चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चंदन गुर्जर बिरादरी से आते हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चंदन को हाल ही में पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उधर, बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ही लोकदल से इस्तीफा दिया था। लेकिन सबसे चौंकाने वाला फैसला सपा ने लिया है। पार्टी ने सामान्य सीट होने के बावजूद अनुसूचित समाज के यशवीर सिंह धोबी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यशवीर सिंह बगल की नगीना सीट पर सपा से सांसद रह चुके हैं। यशवीर सिंह 2009 में सपा से नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा के डॉ. यशवंत सिंह से चुनाव हार गए थे। बिजनौर सीट से 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेन्दु सिंह चुनाव जीते थे। उन्होंने सपा के शाहनवाज को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2014 में यहां बसपा तीसरे नंबर रालोद चौथे नंबर पर रही थी। बिजनौर लोकसभा का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद चुनाव में भाजपा और रालोद का गठबंधन हुआ। रालोद के संजय सिंह चौहान ने बसपा के शाहिद को हराकर जीत हासिल की। 2019 में बसपा के मालूक नागर चुनाव जीते। भाजपा के भारतेंद्र सिंह 4,91,104 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

1985 में मीरा कुमार, रामविलास और मायावती के बीच हुआ था मुकाबला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी राजनीति की शुरूआत यहीं से चुनाव लड़कर की थी। वर्ष 1985 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से मीरा कुमार चुनावी मैदान में उतरीं और पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी थीं। वह तीसरे नंबर पर रहीं, लेकिन 66 हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंका दिया। इसके बाद 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती को जीत हासिल हुई और वह पहली बार बिजनौर सीट से सांसद बनीं।

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में विधान सभा सीटों पर कब्जा

विधान सभा	विधायक	दल
पुरकाजी (सु)	अनिल कुमार	रालोद
मीरापुर	चंदन चौहान	रालोद
बिजनौर (सु)	मौसम चौधरी	भाजपा
चांदपुर	स्वामी ओमवेश	सपा
हस्तिनापुर (सु)	दिनेश खटीक	भाजपा

बिजनौर लोकसभा सीट कब कौन जीता

वर्ष	विजेता	दल
2019	मलूक सिंह नागर	बसपा
2014	भारतेंद्र सिंह	भाजपा
2009	संजय सिंह चौहान	रालोद
2004	मुंशीराम सिंह	रालोद
1999	शीशराम सिंह रवि	भाजपा

मुस्लिम-दलित मतदाता 60 फीसदी का वोट निर्णायक

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 8 लाख 77 हजार से ज्यादा तो महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 93 हजार से अधिक है। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां साढ़े पांच लाख के आसपास मुस्लिम मतदाता हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख के करीब हैं। जाट मतदाता दो लाख के आसपास और गुर्जर वोट एक लाख तक गिने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 60 हजार मानी जाती है।

2019 में सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने भाजपा से छीन ली थी यह सीट

2004 और 2009 के चुनाव में यहां से रालोद फहरा चुका है जीत का परचम

पीलीभीत

लोकसभा चुनाव 2019 में पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। भाजपा से वरुण गांधी ने 704549 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी हेमराज वर्मा 448922 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। अन्य कोई प्रत्याशी पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका था। इस चुनाव में भाजपा के वरुण गांधी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी वरुण गांधी नाम का प्रत्याशी मैदान में था। उसको 4483 वोट मिले थे। खास बात ये रही थी कि दूसरे वरुण गांधी के बारे में मतदाताओं को कोई जानकारी तक नहीं थी।

किसी तरह का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ था। मगर जमानत जब्त वाले अन्य प्रत्याशियों से अधिक वोट हासिल कर लिया। कांग्रेस, शिवसेना समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी उससे कम वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के सुरेंद्र कुमार गुप्ता को 4442, शिवसेना की अनीता त्रिपाठी को 3974, निर्दलीय मुनेश सिंह को 2129, जाफरी बेगम को 1633, जेडीयू से डा. भरत को 1624, पीएसपीएल (प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया) के मोहम्मद हनीफ को 1276, एसबीडीयू के डा.सीताराम राजपूत को 1098, निर्दलीय कैफ रजा खान को 926, उर्वशी सिंह को 864, एनपी के प्रत्याशी संजय कुमार भारती को 696 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी और सपा के हेमराज वर्मा के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

कोई भी पार्टी धन के बगैर नहीं चल सकती

गुजरात के कार्यक्रम में नितिन गडकरी बोले-चुनावी बॉण्ड योजना के पीछे की मंशा अच्छी थी

अहमदाबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बिना धन के राजनीतिक दल को चलाना संभव नहीं है और केंद्र ने चुनावी बॉण्ड योजना ''अच्छे इरादे'' से शुरू की थी। क्योंकि इस योजना के पीछे सरकार की मंशा अच्छी थी। वहीं केंद्र सरकार द्वारा 2017 में लाई इस योजना को उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक बताते हुए रद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय इस मामले पर और कोई निर्देश देता है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और इस पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने गांधीनगर के समीप गिफ्ट सिटी में एक मीडिया संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं।

गडकरी ने चुनावी बॉण्ड के बारे में एक सवाल पर कहा-जब अरुण जेटली केंद्रीय वित्त मंत्री थे तो मैं चुनावी बॉण्ड से जुड़ी बातचीत का हिस्सा था। कोई भी पार्टी संसाधनों और धन के बगैर नहीं चल सकती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को चंदा देती है। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए हमने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की इस व्यवस्था को चुना। कहा कि चुनावी बॉण्ड लाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे चंदा मिले लेकिन दानदाताओं के नामों का खुलासा न किया जाए क्योंकि ''अगर सत्तारूढ़ दल बदलता है तो समस्याएं पैदा होंगी। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि जैसे कि किसी मीडिया हाउस को वित्त पोषण के लिए प्रायोजक की आवश्यकता होती है, उसी तरह राजनीतिक दलों को भी धन की जरूरत होती है।

इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो चुनावी बॉण्ड मामले की जांच के लिए बनेगी एसआईटीः रमेश

कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड प्रीपेड रिश्वत और पोस्टपेड रिश्वत का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले महीने से ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करने का समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के कफी बाद तक। यह संभवतः मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सब-रजिस्ट्रार, कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

हैदराबाद। तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने एक सब-रजिस्ट्रार और डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) को 19,200 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आरोपी अधिकारी महबूबाबाद के उप-रजिस्ट्रार कार्यालय पर उप-रजिस्ट्रार (ए0-1) तसलीरना मोहम्मद और उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) (एओ-2) एलेटी वेंकटेश हैं। आरोपी अधिकारियों ने दंथलापल्ली के शिकायतकर्ता गुडागनी हरीश से दंथलापल्ली में शिकायतकर्ता द्वारा खरीदी गई भूमि के पंजीकरण के काम को संसाधित करने के लिए आधिकारिक लाभ देने के लिए 19,200 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की।

होली आई रे...

भोपाल में शनिवार को छात्राओं ने रंग और गुलाल के साथ होली का त्योहार मनाया। ● एजेंसी

एक नजर

आईडी विस्फोट से दो जवान घायल

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में आईडी विस्फोट की चपेट में आने से 'बस्तर फाइटर्स' के दो जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में बम की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि किरंदुल थाना से बोडेपल्ली, पुरंगेल, कुवेम और पीडिया गांव के लिए दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिवर्ज पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। गस्त के दौरान बीती रात आईडी विस्फोट हुआ था।

मिजोरम में दस किलो मादक पदार्थ जब्त

आइजोल। मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने शनिवार तड़के मिजोरम-म्यांमार सीमा बुलफेकजॉल और चम्फाई जिले के सेसिह गांवों के बीच एक स्थान से मेथामफेटामाइन की एक लाख गोलियां (10.100 किलोग्राम) जब्त कीं। विभाग के प्रवक्ता पीटर जोहमिंगथांगा ने कहा कि बैराबी शहर के निवासी के लाला (44) और रोलुआपुइया (32) को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

चंडीगढ़, एजेंसी

● पंजाब के संगरूर जिले के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को इस मामले पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तत्काल रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पूरी घटना से आयोग को अवगत कराते हुए तत्काल प्रारंभिक रिपोर्ट और शनिवार को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र लिखा था। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूरे मामले में साठगांठ का पता लगाने के सिलसिले में पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) गुरिंदर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी जांच की निगरानी करेगी। उप महानिरीक्षक (पटियाला रेंज) हरचरण भुल्लर, संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे एसआईटी का हिस्सा होंगे। पुलिस ने कहा है कि एसआईटी साजिश की तह तक जाएगी। इसमें शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री चौहान और सात अन्य को पेशी से मिली छूट

जबलपुर, एजेंसी

मानहानि मामला

यहां की एक विशेष अदालत ने भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह को आपराधिक मानहानि मामले में सात जून तक व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी।

अदालत का यह निर्देश कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में भाजपा नेताओं की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान आया है।

उत्तरदाताओं के वकील शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) विश्वेश्वरी मिश्रा ने शुक्रवार को छूट दी है। श्रीवास्तव ने कहा, ''मानहानि के मामलों में, उत्तरदाताओं को व्यक्तिगत रूप से अदालत की सुनवाई में शामिल होना पड़ता है।

राजस्थान में आचार संहिता लगने के बाद 129 करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त

जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राजस्थान में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं और नकदी के रूप में लगभग 129 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में अलग-अलग प्रवर्तन एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक राज्य में नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और नकदी के रूप में लगभग 227 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की हैं।

गुजरात से दो भाजपा उम्मीदवारों ने उम्मीदवारी वापस ली

अहमदाबाद। गुजरात की वडोदरा और साबरकांठा सीट से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के दो उम्मीदवारों ने शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्ति की। वडोदरा सीट से इस बार भी टिकट पाने वाली मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। जानकारी के मुताबिक भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध हुआ है।

इसके तुरंत बाद, साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई। भट्ट ने 'एक्स' पर लिखा, "मैं रंजनबेन धनंजय भट्ट निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हूं।

दूसरे दिन साइंटिफिक तरीके से जांच जारी

धार, एजेंसी

धार भोजशाला का सर्वे

● घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया

मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जा रहा सर्वेक्षण शनिवार को दूसरे दिन भी साइंटिफिक तरीके से जारी रहा। शनिवार सुबह करीब आठ बजे एएसआई की एक टीम विवादित परिसर में पहुंची। एएसआई टीम के साथ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सबसे पहले यह कवायद शुक्रवार को शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील आशीष गोयल और गोपाल शर्मा भी भोजशाला परिसर पहुंचे। अदालत में पक्षकारों में से एक, कमाल मौला मस्जिद कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया क्योंकि वह स्वस्थ नहीं थे और उन्हें देर से जानकारी मिली। उन्होंने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं... अगर संविधान के दायरे में और उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सर्वेक्षण कराया जाए तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसमें नए मुद्दे पैदा हो रहे हैं जैसे 2004 में खंभे रखे गए है।

धार जिले के विवादित परिसर की जांच करती एएसआई की टीम। ● एजेंसी

समद ने कहा-(मुस्लिम) समुदाय ने भी इस पर (खंभों पर) आपत्ति जताई और ज्ञापन भी दिया। विरोध के बावजूद खंभे अंदर ही रहे और उन्हें हटाया नहीं गया। वे उसे सर्वेक्षण में शामिल करना चाहते हैं। बाद में एक मूर्ति स्थापित की गई। इसलिए, हम नये सर्वेक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह आदेश तब पारित किया है, जब मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा दायर भोजशाला से जुड़े विभिन्न मामले अभी भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने तत्काल सुनवाई के लिए 16 मार्च को कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल (प्रति क्वि.)

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000

तेल तिलहन

अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा-सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से कर रहीं निरीक्षण

समुद्री भोजन के लिए है एक मजबूत सुरक्षा ढांचा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पास अपने 548 किस्म के समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा है और यहां मछली प्रसंस्करण क्षेत्र में विश्वस्तरीय इकाइयां स्थापित की गई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से इनका निरीक्षण करती हैं। यह बयान भारतीय झींगा उद्योग में खाद्य सुरक्षा और खराब श्रम स्थितियों का आरोप लगाने वाली कुछ रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आया है।

मंत्रालय ने कहा कि देश की सभी इकाइयां एमपीईडीए (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) के साथ पंजीकृत हैं। वे निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा अनुमोदित हैं। इसके अतिरिक्त, 46 स्वतंत्र प्रसंस्करण पूर्व इकाइयां प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया कि झींगा हैचरी और जलीय कृषि फार्म उनके संबंधित स्थानों के आधार पर तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) और राज्य मत्स्य पालन विभागों के साथ पंजीकृत हैं। एमपीईडीए अमेरिका के समुद्री भोजन आयात निगरानी कार्यक्रम (एसआईएमपी) सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्रावधानों का पालन करने के लिए एक्वाफार्मों का नामांकन भी करता है। बयान के मुताबिक राज्यों के श्रम विभाग नियमित रूप से जलीय कृषि और मछली प्रसंस्करण में शामिल संगठित और असंगठित क्षेत्रों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

भारत सरकार ने यूएई की एडनॉक को भारतीय रणनीतिक भंडार से तेल निर्यात की अनुमति दी

सरकार ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) को मंगलौर में भूमिगत रणनीतिक भंडार में संग्रहीत कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक आदेश में शनिवार को कहा कि यूएई की फर्म को परिचालन संबंधी लचीलापन देने के लिए यह फैसला किया गया। इस समय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अलावा किसी को कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि केवल आईओसी के माध्यम से निर्यात की अनुमति की शर्त जारी रहेगी, लेकिन ''एएमआई (एडनॉक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है'' और उन्हें मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है।

भिवाड़ी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का आग्रह

नई दिल्ली। रीयल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने राजस्थान सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का अनुरोध किया है। क्रेडाई ने कहा कि इससे शहर में आर्थिक गतिविधियों और रियल एस्टेट की मांग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडाई के स्थानीय संगठन 'क्रेडाई एनसीआर भिवाड़ी नीमराणा' ने इस संबंध में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। संगठन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने राज्य सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए कुछ संभावित समाधान भी सुझाए, जिसमें भिवाड़ी को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए अलग से सड़क बनाना भी शामिल है।

विश्व सहकारिता आर्थिक मंच 500 विवि में बनाएगा सहकारी समितियां

नई दिल्ली, एजेंसी

● डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी बोले

● देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है

विश्व सहकारिता आर्थिक मंच देश भर के विश्वविद्यालयों में 500 सहकारी समितियां स्थापित करेगा। विश्व सहकारिता आर्थिक मंच (डब्ल्यूसीओपीईएफ), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और ग्रामीण भारत के गैर सरकारी संगठनों के परिसंघ (सीएनआरआई) के साथ मिलकर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'कैंपस कोऑपरेटिव' की स्थापना करेगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

मंच ने कहा कि नई पहल के तहत वह दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक 'कैंपस कोऑपरेटिव' स्थापित करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी ने कहा कि देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है, और युवाओं की भागीदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। संघानी इफको के चेयरमैन और एनसीयूआई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित करने और इसे अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कैंपस कोऑपरेटिव सही कदम साबित हो सकता है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	77,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	68,750
गिन्नी (प्रति नग)	51,200-51,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	66,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	65,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	75,000
चांदी तैयार	75,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	66,200
सोना जेवरात गिन्नी	65,200
चांदी पक्की	743 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	66,300
चांदी आभूषण	74,800।

देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● कोलियर्स ने जनवरी-मार्च के जताई है संभावना

● चेन्नई में गिरावट आने की संभावना जताई

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग मजबूत बनी हुई है। इन शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में कार्यालय स्थलों की मांग सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

कोलियर्स इंडिया ने चालू तिमाही के खत्म होने के नौ दिन पहले जनवरी-मार्च के लिए कार्यस्थल बाजार पर आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही के दौरान छह प्रमुख शहरों - बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में कुल कार्यालय पट्टे 1.36 करोड़ वर्ग फीट तक बढ़ने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में पट्टे 1.01 करोड़ वर्ग फुट के थे।

रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चेन्नई में गिरावट आ सकती है।

मारुति सुजुकी ने एमलगो लैब्स में हिस्सेदारी हासिल की

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने प्रौद्योगिकी स्टार्टअप एमलगो लैब्स में छह प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। एमलगो लैब्स डेटा आधारित निर्णय लेने में कंपनियों की सहायता करती है। वह डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग (एमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम करती है। मारुति सुजुकी ने कहा कि यह निवेश मारुति सुजुकी नवाचार कोष के जरिए किया जा रहा है। इस कोष का मकसद उच्च स्तर के तकनीकी नवाचार का प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप में रणनीतिक निवेश करना है।

अमेजन ने शुल्क संरचनाओं को किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

● व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए संशोधन

ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है। इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं।

कंपनी ने कहा-ये संशोधन मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। ये उद्योग में प्रचलित शुल्क रुझानों के अनुरूप हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिधान, चादर, कुशन कवर और बर्तन जैसी श्रेणियों में रेफरल शुल्क कम किया जाएगा, जबकि वैज्ञानिक आपूर्ति, चिमनी, लैपटॉप बैग तथा टायर जैसी श्रेणियों में इसे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये से अधिक की औसत बिक्री मूल्य के लिए समापन शुल्क में तीन रुपये की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन लागत में मुद्रास्फीति के अनुरूप वजन प्रबंधन शुल्क में दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा-हम मानते हैं कि विक्रेता शुल्क और प्रोत्साहन से एक मजबूत बाजार को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो देश में छोटे और मझोले व्यवसायों को डिजिटल बनाने और उन्हें मजबूत ब्रांडों में विकसित होने में मदद करेगा।

करेन का अर्धशतक, वापसी पर पंत को नहीं मिली जीत

पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की

मोहाली, एजेंसी

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया। शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया। कुलदीप को करेन का विकेट भी मिल जाता अगर ट्रिस्टन स्टब्स ने लॉन्ग ऑन पर उनका कैच नहीं छोड़ा होता।

सैम करेन — लियाम लिविंगस्टोन

दिल्ली 174/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
डेविड वॉर्नर का शर्मा बो पटेल	29	21	3/2
मिचेल मार्श का चाहर बो अर्शदीप सिंह	20	12	2/2
शाई होप का हरप्रीत बो रबाडा	33	25	2/2
ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो पटेल	18	13	2/0
रिकी भुई का शर्मा बो हरप्रीत बरार	03	07	0/0
ट्रिस्टन स्टब्स का शशांक सिंह बो चाहर	05	08	0/0
अक्षर पटेल रन आउट	21	13	2/1
सुमित कुमार का शर्मा बो अर्शदीप सिंह	02	09	0/0
अभिषेक पोरेल नाबाद	32	10	4/2
कुलदीप यादव रन आउट	01	02	0/0

गेंदबाजी : सैम करन 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह 4-0-28-2, कागिसो रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत बरार 3-0-14-1, राहुल चाहर 4-0-33-1, हर्षल पटेल 4-0-47-2

पंजाब 177/6 — 19.2 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धन का बोल्ड ईशांत	22	16	4/0
जॉनी बेयरस्टो रन आउट ईशांत	09	03	2/0
प्रभसिमरन का वार्नर बोल्ड कुलदीप	26	17	5/0
सैम करेन बो अहमद	63	47	6/1
जितेश स्टंप पंत बोल्ड कुलदीप	09	09	1/0
लियाम लिविंगस्टोन नाबाद	38	21	2/3
शशांक सिंह का पंत बो अहमद	00	01	0/0
हरप्रीत बरार नाबाद	02	02	0/0

गेंदबाजी : खलील अहमद 4-0-43-2, इशांत शर्मा 2-0-16-1, मिचेल मार्श 4-0-52-0, अक्षर पटेल 4-0-25-0, कुलदीप यादव 4-0-20-2, सुमित कुमार 1.2-0-19-0

रोमांचक मुकाबले में कोलकाता की जीत

आंद्रे रसेल

कोलकाता, एजेंसी

- रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल के बीच ताबड़तोड़ 81 रनों की साझेदारी हुई
- सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 63 रन बनाए

हेनरिक क्लासेन (63 रन नाबाद) के जीवट प्रदर्शन के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बेहद रोमांचक मुकाबले में चार रन से हार का सामना करना पड़ा।

ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर ने आंद्रे रसेल (64) और रमनदीप सिंह (35) के अलावा फिल साल्ट (54) की तेज तर्रार पारियों की मदद से सात विकेट पर 208 रन बनाये जिसके जवाब में एसआरएच ने विजय लक्ष्य के खिलाफ सात विकेट पर 204 रन बनाए। ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर के चार शीर्ष बल्लेबाज 51 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे मगर एक छोर पर डटे सॉल्ट ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि रमनदीप के साथ मिल कर टीम को मुश्किलों के भंवर से निकाल लिया। रमनदीप की पारी का अंत पैट कमिंस ने किया जबकि अगले ही ओवर में साल्ट भी मारकंडे की गेंद पर जानसन के हाथों लपके गये। बाद में क्रीज पर आये यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह (23) ने आंद्र रसेल (64 नाबाद) के साथ मिल कर तेज गति से रन बटोरने शुरु किये और दोनो बल्लेबाजों ने 32 गेंदों की पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण 81 रन जोड दिये। हैदराबाद की ओर से हेनरिक क्लासेन ने सर्वाधिक 63 रनों का योगदान दिया।



हेनरिक क्लासेन

कोलकाता 208/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 08

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट का यानसेन बो मार्कंडेय	54	40	3/3
सुनील नरेन रन आउट	02	04	0/0
वेंकटेश अय्यर का यानसेन बो नटराजन	07	05	1/0
श्रेयस अय्यर का कमिंस बो नटराजन	00	02	0/0
नीतिश राणा का त्रिपाठी बो मार्कंडेय	09	11	1/0
रमनदीप सिंह का मार्कंडेय बो कमिंस	35	17	1/4
रिंकू सिंह का मार्कराम बो नटराजन	23	15	3/0
आंद्रे रसेल नाबाद	64	25	3/7
मिचेल स्टार्क नाबाद	06	03	1/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर कुमार 4-0-51-0, मार्को यानसेन 3-0-40-0, टी नटराजन 4-0-32-3, पैट कमिंस 4-0-32-1, मयंक मार्कंडेय 4-0-39-2, शाहबाज अहमद 1-0-14-0

हैदराबाद 204/7 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
मयंक अग्रवाल का रिंकू बोल्ड हर्षित राणा	32	21	4/1
अभिषेक शर्मा का चक्रवर्ती बोल्ड रसेल	32	19	4/2
राहुल त्रिपाठी का हर्षित राणा बोल्ड नरेन	20	20	0/1
ऐडन मार्करम का रिंकू बो चक्रवर्ती	18	13	2/0
क्लासेन का सुयश बोल्ड हर्षित राणा	63	29	0/8
अब्दुल समद का वेंकटेश बोल्ड रसेल	15	11	1/1
शहबाज अहमद का श्रेयस बो हर्षित राणा	16	05	1/2
मार्को यानसेन नाबाद	01	01	0/0
पैट कमिंस नाबाद	00	01	0/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-53-0, हर्षित राणा 4-0-33-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-55-1, सुनील नरेन 4-0-19-1, आंद्रे रसेल 2-0-25-2, सुयश शर्मा 2-0-18-0

खेल डायरी

पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन

लाहौर। भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे।

श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में

बेसल। भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

सकामोटो ने जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब

टोक्यो। जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222.96 के कुल स्कोर के साथ 149.67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203.59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सकामोटो ने सीज़न में अपना दबदबा बनाया है।

लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में राहुल पर रहेगी नजर

जयपुर, एजेंसी

लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा।

करूणारत्ने का अर्धशतक, श्रीलंका की 211 रन की बढ़त

सिलहट (बांग्लादेश)। सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी। पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (48 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनायी थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया। इसके बाद करूणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।

रोहित शर्मा की विरासत बढ़ाएंगे हार्दिक पंड्या

अहमदाबाद, एजेंसी

हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है।

हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से मिलने के लिए अब देने होंगे रुपये

मुंबई, एजेंसी। गैंग ऑफ वासेपुर जैसी बेहतरीन मूवी देने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैंस और फॉलोवर्स को थोड़ा हैरान कर दिया है। निर्देशक ने घोषणा की है कि अब से, वह हर उस व्यक्ति से फीस लेंगे जो उनका दिमाग खाएगा। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग ने लिखा कि उन्होंने "नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया है।"अनुराग ने इंस्टाग्राम पर फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए उनसे मिलने वाले लोगों से फीस लेने को लेकर एक नोट साझा किया है। उनके नोट में लिखा है: "मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की बकवास के साथ समाप्त हुआ। तो अब से मैं उन नए लोगों से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव हैं। तो अब मेरे पास मिलने की दरें होंगी। अगर कोई मुझसे 15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं एक लाख रुपये, आधे घंटे के लिए 2 लाख रुपये और 1 घंटे के लिए 5 लाख रुपये चार्ज करूंगा। यही दर है। मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करने से थक गया हूं। यदि आप वास्तव में सोचते हैं कि आप इस खर्च को उठा सकते हैं, तो मुझे कॉल करें या बकवास से दूर रहें।" अनुराग ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस बारे में गंभीर हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "और मेरा मतलब यह है। मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।"

अंकिता लोखंडे के बर्ताव को लेकर भड़क गए यूजर्स

मुंबई, एजेंसी। अंकिता लोखंडे अपने एटीट्यूड के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। दरअसल 22 मार्च को उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई। वह अपने पति विक्की जैन, दोस्तों और परिवार के साथ इसकी स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। वहां पैपराजी ने तस्वीरें कैप्चर करने की कोशिश की और वह भड़क गईं। इसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसमें लोगों को अंकिता का बर्ताव पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो में अंकिता के साथ बिग बॉस फेम खानजादी और अभिषेक कुमार थिएटर के दरवाजे से अंदर जाते दिख रहे हैं। पैपराजी उन्हें कैप्चर कर रहे हैं और अंकिता इसपर भड़कती दिख रही हैं। अंकिता कह रही हैं, "सुनिए फिल्म चल रही है बाहर चलिए। प्लीज, ये सही नहीं है यार। सच में बहुत गलत बात है। फिल्म चल रही है अंदर यार। थोड़ा सा रख लो यार क्या बात है ये।" ये कहते हुए अंकिता अंदर चली जाती हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को देख भड़क गए हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, "लगता है ज्यादा ओवरएक्टिंग हो गई।" अन्य यूजर ने लिखा, "ज्यादा ही एटीट्यूड आ गया।" एक यूजर ने लिखा, "अंकिता लोखंडे में बिग बॉस के बाद घमंड आ गया है।"

कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड

मुंबई, एजेंसी। अपने दमदार अभिनय और बेबाकी के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट 37 साल की हो गई हैं। कंगना अपनी फिल्मों के लिए कम, विवादों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब वो बॉलीवुड में नई थीं तो उन्हें जानवरों की तरह ट्रीट किया जाता था। अब कंगना को बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन कहा जाता है और इस छवि से उनके करियर को कहीं न कहीं नुकसान भी हुआ है। फिल्ममेकर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे हैं। कंगना ने बीते दस सालों में केवल एक सुपरहिट, एक हिट और एक एवरेज फिल्म दी है। पिछले साल वो फिल्म 'तेजस' में नजर आई थीं, जो कि फ्लॉप रही। इससे पहले रिलीज हुई 'धाकड़' ने तो सिर्फ तीन करोड़ ही कमाए थे। वैसे, फ्लॉप फिल्मों के बावजूद कंगना अब भी बॉलीवुड की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 15-17 करोड़ रुपए तक है। पिछले कुछ सालों में कंगना के करियर में डाउनफॉल देखने को मिला है। 10 सालों में उनकी सिर्फ एक फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' ही सुपरहिट हुई है। इससे पहले 2014 में आई क्वीन हिट साबित हुई थी। 2019 में आई उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी' एवरेज साबित हुई थी। मणिकर्णिका के बाद पिछले पांच साल में कंगना की पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और सभी फ्लॉप रही हैं। कंगना की अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो इसमें फिल्म 'इमरजेंसी' का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन ये टल गई। अब इसे 14 जून, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा कंगना के पास एक अनटाइटल्ड फिल्म है जिसमें वो आर. माधवन के साथ नजर आएंगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

बीएसएफ ने सरहद पर ड्रोन और दो किग्रा हेरोइन की बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने सरहद पर नशीले पदार्थों की तस्करी को विफल कर दिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन और हेरोइन की मौजूदगी के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी। जिसपर संयुक्त टीम कार्रवाई की है। बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का के सैनिकों ने एक तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फाजिल्का जिले के नानक नगरी गांव के आसपास से संदिग्ध हेरोइन के दो किलोग्राम और एक ड्रोन को बरामद किया। संयुक्त टीम ने बरामद ड्रोन के बारे में को अधिक जानकारी नहीं दी है, किस देश में बना है।

अमेरिका से लौटे युवक के पास से 50 लाख मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अमेरिका से दिल्ली होते हुए वडोदरा हवाई अड्डे पर उतरे युवक के पास से 50 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा में उस व्यक्ति के आवास पर भी तलाशी ली। हालांकि, व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उस व्यक्ति ने शुक्रवार को अमेरिका से दिल्ली पहुंचने के बाद वहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों को विदेशी मुद्रा के बारे में जानकारी नहीं दी थी। जब वह व्यक्ति दिल्ली से अन्य उड़ान के जरिए वडोदरा पहुंचा तो उसे रोक लिया गया और उसके बैग से 60 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) बरामद किए गए।

एसडीजी ने एलओसी पर सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) योगेश बहादुर खुरानिया ने कश्मीर घाटी की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा स्थिति और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के एसडीजी ने 18 से 22 मार्च तक कश्मीर घाटी के अग्रिम इलाकों का पांच दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की परिचालन तैयारियों का आकलन करना था।

चुनौतियों से निपटने को मिलकर काम करें राजनीतिक दल : जरदारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों से आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के समक्ष मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए मतभेदों को दरकिनार करने का आग्रह किया। जरदारी परेड ग्राउंड क्षेत्र में आयोजित 84वें पाकिस्तान दिवस समारोह और सेना परेड को संबोधित कर रहे थे। 23 मार्च का दिन 1940 में ऐतिहासिक लाहौर संकल्प को अपनाने का प्रतीक है, जिसने दक्षिण एशिया के मुसलमानों के लिए एक अलग देश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक रूपरेखा प्रदान की थी।

दूसरों को ठीक करने से पहले खुद को ठीक करना होगा : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण, चंद्रचूड़ ने याद किया पुराना किस्सा

कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित 'भविष्यवादी न्यायपालिका के लिए समानता और उत्कृष्टता' शीर्षक से न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने असुविधा के कारण सुनवाई के दौरान अपने बैठने की स्थिति को बदलने के बाद ट्रोलिंग का सामना करने की एक हालिया घटना को याद किया।

कार्य-जीवन संतुलन और तनाव प्रबंधन पर बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है, खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। न्यायिक अधिकारियों के रूप में वे नियमित रूप से कमजोर वादियों से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, अदालतों में आने वाले बहुत से लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी न्यायाधीश के रूप में हमारे साथ व्यवहार में वे सीमा लांघ जाते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में हमसे बात करते समय सीमा लांघते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायिक अधिकारियों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है, जिसके लिए शांत और दयालु दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखना इन कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए अभिन्न अंग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव को प्रबंधित करने और कार्य-जीवन में संतुलन हासिल करने की क्षमता अलग नहीं है, बल्कि न्याय देने के साथ जुड़ी हुई है। दूसरों को ठीक करने से पहले, आपको सीखना चाहिए कि खुद को कैसे ठीक किया जाए। वही न्यायाधीशों के बारे में भी यह सच है।

एआई के खतरे से निपटेंगे हाई टेक टूल, शक्ति प्लेटफॉर्म लॉन्च

चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से बनने वाले फेक ऑडियो, वीडियो और फोटो से निपटने के लिए टेक कंपनियों ने रणनीति बनाई है। गूगल और मेटा ने केंद्र सरकार को बताया है कि उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने के लिए एआई तकनीक युक्त संभावित खतरों से निपटने के लिए अपनी कमर कस ली है और इसके लिए एडवांस्ड टूल भी बना लिए हैं।

- कुछ हफ्ते पहले केंद्र सरकार ने गूगल व मेटा को निर्देश दिए थे कि चुनाव के दौरान एआई तकनीक से तैयार ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर न आने दें। ताकि इनका गलत इस्तेमाल न हो सके। गूगल ने इसके लिए 'शक्ति' प्लेटफॉर्म बनाया है, वहीं मेटा ने फैक्ट चेकिंग पार्टनर्स के साथ करार किया है।



मेटा का फैक्ट चेकर्स से करार

मेटा ने 15 भारतीय भाषाओं में 11 स्वतंत्र फैक्ट चेकिंग पार्टनर से करार किया है। कंपनी उन्हें मेटा कंटेंट लायब्रेरी का एक्सेस देगी। जिससे एआई जेनरेटेड कंटेंट से निपटा जा सके। फैक्ट चेकिंग पार्टनर चुनाव के दौरान एआई से जनरेट हुए ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो व अन्य कंटेंट को चेक करेंगे और फिर उनका रिव्यू कर उन्हें रेटिंग देंगे। एआई से बने फोटो व वीडियो पर मेटा एक खास तरह का मार्कर लगाएगी, जिससे पता चल जाएगा कि वह असली है या नकली ? मेटा चुनाव के लिए कुछ स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाएगी, जो रियल टाइम काम करेंगे। व्हाट्सएप पर एआई से जुड़ी हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

एआई से बने वीडियो फोटो पर मार्क, कंटेंट की असलियत भी जांच सकेगा गूगल

इंडिया ने एआई तकनीक से तैयार होने वाले फर्जी कंटेंट को रोकने के लिए शक्ति प्लेटफार्म लांच किया है। इसकी मदद से किसी भी कंटेंट का फैक्ट चैक कर उसकी वास्तविकता का पता लगा सकते हैं। इतना ही नहीं कंपनी की एक टीम फर्जी व आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का काम भी करेगी। गूगल अपने प्लेफार्म पर चुनाव से जुड़े सभी विज्ञापनों को सार्वजनिक करेगा, चाहे वह किसी भी फार्म में दिए गए हों। हर विज्ञापन पर उसकी हकीकत बताने वाला टैग होगा, जिससे कि पता चल सके कि वह विज्ञापन है।

पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा उजागर, पाकिस्तानी नीतियां बेअसर

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की हालत पर यूएनएचआरसी में उठे सवाल

जिनेवा, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों की जमकर आलोचनाएं की गई। शुक्रवार को एनईपी-जेकेजीबीएल (राष्ट्रीय समानता पार्टी जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान और लद्दाख) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था।

यूएनएचआरसी में ग्रीक के पूर्व सांसद बोगडानोस ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी देशो के नागरिकों को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए, भले ही ये क्षेत्र हमारे सीमाओं से दूर क्यों न हो। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने पाकिस्तान सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए अपनाई गई नीतियों और क्षेत्र के सैन्यीकरण, समृद्ध क्षेत्रों को शत्रुतापूर्ण स्थानों में बदलने की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि हमारा देश इस तरह के उत्पीड़न के हमेशा खिलाफ रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा पर चर्चा के दौरान इस क्षेत्र के मूल निवासी त्सेंज त्सेरिंग ने कहा कि यह क्षेत्र समृद्ध होने के बावजूद यहां की आबादी गरीबी में जी रही है, जिनके पास किसी भी तरह की चिकित्सा बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा तक नहीं है। पाकिस्तान की ओर से किसी भी ठोस कदम न उठाए जाने की उन्होंने आलोचना की है। लोकतांत्रिक मंच के एक सदस्य ने निंदा की कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को नजरअंदाज करता है। यही कारण है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती रही है।

अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम, यूएन में बोले अजातशत्रु

जिनेवा (स्विट्जरलैंड)। वरिष्ठ भाजपा नेता एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की है। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने 1947 में भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यूएन में अपने संबोधन में अजातशत्रु ने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें सुधारने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2004 से 2014 तक जम्मू और कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुए। हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। भाजपा नेता ने अपने संबोधन में कहा, सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर जम्मू-कश्मीर में गरीबी का 2005-2006 में 40 .45 प्रतिशत से घटकर 2022-2023 में मात्र 2 .81 प्रतिशत होना विकास निधि के इष्टतम उपयोग का एक प्रमाण है। हालिया अंतरिम 2024 के बजट में जम्मू-कश्मीर के लिए 14 अरब अमेरिकी डॉलर का पर्याप्त आवंटन किया गया, जो क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सरहद पर जवानों के साथ होली खेलेंगे राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। सियाचिन में इसबार होली का त्योहार बहुत खास होने वाला है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन जाएंगे और वहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान से मुलाकात करेंगे। राजनाथ उनके साथ रंगो का त्योहार होली भी मनाएंगे। इससे पहले 2019 में रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई अधिकारियों के साथ ही फील्ड कमांडरों और जवानों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ तत्कालीन सेना प्रमुख बिपिन रावत भी मौजूद थे।

जर्मनी के राजदूत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की टिप्पणी, विदेश मंत्रालय ने किया तलब

नई दिल्ली। जर्मनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आज जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। उन्हें जर्मनी के विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया। आगे कहा गया है कि जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। जर्मनी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।

शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर बोले- भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा, तीन दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है।

इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे

शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि "आज भारत के लिए चुनौती है कि वह दो उभरती शक्तियों के बीच स्थायी संतुलन कैसे बनाए, जो पड़ोसी भी हैं और जिनका एक इतिहास और आबादी है, जो उन्हें बाकी दुनिया से अलग करती है। जिनके पास क्षमताएं भी हैं। यह एक बहुत ही जटिल चुनौती है।

रूस में हुए आतंकी हमले की साजिश यूक्रेन की नहीं

कीव, एजेंसी

- हमले के बाद यूक्रेन के सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी प्रतिक्रिया

रूस की राजधानी मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए आतंकी हमले में यूक्रेन ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को यूक्रेन के एक सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि मॉस्कों में शुक्रवार को हुई गोलबारी में यूक्रेन शामिल नहीं है।

वहीं यूक्रेनी लिंक का भी वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा ने कहा कि मॉस्कों के पास कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले में शामिल सभी चारों आतंकवादियों को यूक्रेन सीमा की ओर जाते वक्त गिरफ्तार किया गया है। ये सभी यूक्रेन के संपर्क में थे। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के एंड्री युसोव ने कहा कि निश्चित रूप से यह रूसी विशेष सेवा एफएसबी का एक और झूठ हैं। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन इस आतंकी हमले में शामिल नहीं है।

राष्ट्रीय शोक की घोषणा

मॉस्को की गोलीबारी पर निराशा और दुख का इजहार करते हुए हाल ही में पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने गए पुतिन ने देशवासियों से मुखातिब होकर कहा, 'मैं आज आपसे उस खूनी, बर्बर आतंकवादी कृत्य के संबंध में बात कर रहा हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष, शांतिपूर्ण लोग शिकार बने। मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं।

ट्यूलिप गार्डन के खुले द्वार...

श्रीनगर : इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन, जिसे पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था, इस सप्ताहांत आगंतुकों के स्वागत के लिए खोल दिया गया और रंगों की जीवंत श्रृंखला प्रदर्शित कर रहा है। कश्मीर के श्रीनगर में डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित, उद्यान ने शनिवार को जनता के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं, फूलों की खेती उद्यान में ट्यूलिप की अधिक किस्में देखने को मिलेंगी। बगीचे में पांच नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया गया है, जिससे कुल मिलाकर 68 किस्में हो गई हैं।

20 साल से फरार गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को क्राइम ब्रांच ने चीन से किया प्रत्यर्पित

मुंबई, एजेंसी। मुंबई की क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई प्रत्यर्पित कर लिया है। पुजारी 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी शुक्रवार को गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाए हैं। 2020 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी की मां इंदिरा विट्ठल पुजारी को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 62 वर्ष की इंदिरा और दो अन्य पर मुंबई के एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगा था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान सुनील अंगने (56) और सुकेश कुमार (28) के रूप में हुई।

श्रीलंका को 15 करोड़ की आर्थिक मदद देगा भारत

कोलंबो, एजेंसी

- बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी धनराशि

भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया।

भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

भारतीय उच्चायोग का कहना है कि श्रीलंका के आर्थिक परिदृश्य में भारी बदलाव को देखते हुए भारत सरकार ने नौ परियोजनाओं में अतिरिक्त धनराशि डालने का फैसला लिया है। भारत सरकार चाहती है के इन परियोजनाओं को जल्दी से जल्दी से पूरा किया जाए। भारत द्वारा इन नौ परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत धनराशि दी जा रही है, जबकि 50 प्रतिशत धनराशि श्रीलंका सरकार के खजाने से खर्च होगी।

विज्ञान शिकागो विवि के वैज्ञानिकों ने की हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्वों की खोज

प्रारंभिक तारे हैं कैल्शियम, लोहा व सोडियम का स्रोत

नैनीताल, कार्यालय

अमृत विचार : हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्व कहां से आए ? आधुनिक खगोल विज्ञान के वैज्ञानिकों के मन मे यह प्रश्न अक्सर आता रहा है। लंबे समय बाद यह उत्तर सामने आया है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद मरने वाले प्रारंभिक तारों से हमारे शरीर मे मौजूद तत्वों का जन्म हुआ है।

यह जानकारी हाल की खोज में सामने आई है। शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार सितारों की पहली पीढ़ी ने ब्रह्मांड को बदल दिया। उनके कोर के अंदर सरल हाइड्रोजन और हीलियम के तत्व एक जैसे इंद्रधनुष में विलीन हो गए। जब ये तारे मर गए, तो उनमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद तारों के नए तत्वों को ब्रह्मांड में फैला दिया गया। इन तत्वों में हमारी नसों में दौड़ने वाला लोहा, दांतों का कैल्शियम और हमारे विचारों को शक्ति देने वाला सोडियम आदि शामिल थे। ये सभी तत्व लंबे समय से मृत तारे के हृदय में पैदा हुए थे। ब्रह्मांड को नया रंग देने में मृत तारों की विशेष भूमिका रही थी। वैज्ञानिक इसे अनोखी खोज मान रहे हैं। यह सर्वविदित है कि लोहे से हल्के अधिकांश तत्व तारों के कोर में बने होते हैं। भले ही पृथ्वी पर रहते हैं, लेकिन अधिकांश तत्व अंतरिक्ष से ही आए हैं। रासायनिक तत्व के स्रोत अपने आप में बड़ी खोज है। इसकी खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन मृत तारों का अध्ययन करना पड़ा। प्रारंभिक तारों के बाद दूसरी पीढ़ी की तारे अस्तित्व में आने के बाद मूल रूप से अलग आकाशगंगा का निर्माण हुआ। खोजकर्ता वैज्ञानिक अनिरुद्ध चिति कहते हैं कि हमारी आकाशगंगा के अलावा अन्य आकाशगंगाओं में बहुत प्रारंभिक तत्वों के निर्माण की प्रक्रिया एक अनूठी खिड़की प्रदान करता है। यह खोज 20 मार्च को नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है।



प्राचीन ब्लैक होल की तस्वीर।

शुरुआती तारों में छिपे हैं अनेक रहस्य

शुरुआती तारों में बेशुमार रहस्य छिपे हुए हैं। मगर उन तारों की ढूंढ कर पाना आसान नही है। यदि बहुत पुराना तारा ढूंढ सकते हैं, तो निश्चित ही उसकी रासायनिक संरचना प्राप्त कर सकते हैं। जिससे समझ सकते हैं कि ब्रह्मांड में अरबों साल पहले के तारे की रासायनिक संरचना कैसी थी। इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का एक वर्ग प्राचीन तारों को तलाश कर खोज को नई दिशा देंगे।

शटडाउन से बचा अमेरिका, सीनेट ने दी फैसले को मंजूरी

वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेट ने आंशिक शटडाउन को टालने के लिए 1.2 ट्रिलियन डालर के पैकेज वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब इसे राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान 24 के मुकाबले 74 वोट पड़े।

व्हाइट हाउस ने कहा कि चूंकि संघीय निधि के दायित्वों को दैनिक आधार पर खर्च किया जाता है और ट्रैक किया जाता है, इसलिए एजेंसियां बंद नहीं होंगी और अपना संचालन सामान्य रूप से जारी रख सकती हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स की ओर से बिल में प्रस्तावित संशोधनों पर तनातनी के बाद शुक्रवार शाम को एक अल्पकालिक सरकारी शटडाउन की संभावनाएं बढ़ गई थीं। आधी रात से ठीक पहले सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर ने इसे लेकर सहमति की घोषणा की।

सोमालिया के 35 समुद्री लुटेरों को लेकर लौटा आईएनएस कोलकाता, मुंबई पुलिस को सौंपा

मुंबई, एजेंसी

अरब सागर और अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना ने बड़ा ऑपरेशन चलाया था। जिसमें नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत सोमालिया के तट से 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ा था। पकड़े गए लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। इसके बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

यह अभ्यास चल रहे ऑपरेशन संकल्प के हिस्से के रूप में किया गया था, जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों को क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और व्यापार सुरक्षा के लिए अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना ने सीमा शुल्क और अप्रवासन की औपचारिकताओं के बाद 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। 16 मार्च को एक एंटी पाइरेट्स ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना के आईएनएस कोलकाता ने समुद्री लुटेरों को पकड़ाथा।

अरब सागर में 10 युद्धपोत तैनातः एडमिरल आर हरि

भारतीय नौसेना के अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में चल रहे 100 दिन के अभियान पर एडमिरल आर हरि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अव्यवस्था का लाभ उठाने के लिए लुटेरे फिर से सक्रिय हो गए हैं। वह लूटपाट को उद्योग की तरह देख रहे हैं। इसे रोकने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियान चलाकर 110 लोगों की जान बचाई है, जिसमें 45 भारतीय और 65 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक शामिल हैं। इतना ही नहीं उसने 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा- अरब सागर में एंटी-पायरेसी और एंटी-ड्रोन ऑपरेशन के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्जियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोतों को तैनात किया है।